फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 5, वर्ष 12, अंक 19, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 24 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - बीबीसी, वाशिंगटन पोस्ट और जॉर्ज सोरोस



अन्दर : टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमेश यादव के पिता का निधन

# मेधा का उपयोग समाज के लिए करें विवि:राज्यपाल

**26वां दीक्षांत समारोह**

### दहेज न लेने की छात्रों को दिलाई शपथ, 66 विद्यार्थियों को दिया गोल्ड मेडल, 30 बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार

### युवाओं के बल पर देश आत्मनिर्भर बनेगा : प्रो. गिरीश्वर मिश्र

### कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को गिनाया, विवि में मनाया गया 26वां दीक्षांत समारोह

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 26वां दीक्षांत समारोह गुरुवार को महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक पाने पर मेधावियों को 66 स्वर्ण पदक प्रदान किया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र रहे।

इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश में 65 फीसदी युवा जनसंख्या है। इसका अधिकतर भाग विश्वविद्यालय से होकर गुजरता है। युवाओं की मेधा का सकारात्मक उपयोग समाज के लिए विश्वविद्यालय को करना चाहिए। हमें विदेशों की नकल करने से अच्छा है युवाओं की सोच को विकसित कर उसका उपयोग देशहित में किया जाए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी यही चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से युवकों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है, जब तक युवा स्वावलंबी नहीं बनेंगे तब तक देश आत्मनिर्भर नहीं बन सकता। देश में वृद्धाश्रम की बढ़ती संख्या पर उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों, मां का सम्मान करना सीखों, क्योंकि बचपन में कितने कष्ट सहकर मां ने आपका पालन-पोषण किया है। मां-पिता बुढ़ापे में आपसे दूर हो, शिक्षा का सही मायने यह नहीं है।

उन्होंने आंगनबाड़ी की प्रशंसा करते हुए कहा कि मां का असली रूप वहां देखने को मिलता है। वहां 50-50 बच्चों को कार्यकर्ती कैसे संभालती हैं, हमें उनसे सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शोध की डिजाइन और प्रस्तुतीकरण वैश्विक स्तर का हो। उन्होंने स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए योग और मोटे अनाज का सेवन जरूरी है। इसकी जागरूकता के लिए स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय को योगदान देना होगा। छोटे बच्चों को दीक्षांत में बुलाने का मतलब उनके आगे के स्वप्न को साकार करना है। जी-20 की सोच को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। समाज से दहेज की विकृति दूर करने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों को दहेज न लेने का संकल्प दिलाया। दीक्षांत उद्बोधन में मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को सम्मानित करतीं कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य

कि ज्ञान-विज्ञान सेवा और जीवन मूल्यों का जो अर्जन विद्यार्थियों ने किया है उसे समाज और राष्ट्रहित में उपयोगी बनाएं। पर्यावरण पर चर्चा करते हुए कहा कि धरती रहेगी तभी मानव रहेगा, इसलिए धरती के संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय ज्ञान और शोध में इसे शामिल करें। युवाओं के बल पर ही देश आत्मनिर्भर बनेगा इसलिए उन्हें अपनी दक्षता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि आज का दौर उपभोक्तावाद और व्यक्तिवाद का दौर है जिसमें सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः का लक्ष्य विस्मृत होता जा रहा है। अधिक से अधिक प्राप्त करो और अधिकाधिक उपभोग करो की जीवन शैली हमारी सामाजिक और आर्थिक संरचना के लिए घातक सिद्ध हो रही है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों के निरन्तर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस अंचल में अवस्थित विश्वविद्यालय की अनेक भौगोलिक, सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक विशिष्टताएँ हैं। यहाँ के विद्यार्थियों में असीम उत्साह एवं क्षमता है। उन्हें जीवन के प्रति आधुनिक विचारों के साथ नये-नये तकनीकी, आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों से प्रशिक्षित करते हुए जीवन की ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बिन्दुवार बताया। दीक्षांत समारोह की शुरूआत में शोभायात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। शोभायात्रा में अतिथियों के साथ कार्य परिषद एवं विद्या परिषद के सदस्य शामिल हुए। दीक्षांत समारोह का संचालन प्रो. अजय द्विवेदी ने किया। इसके पूर्व जल भरो कार्यक्रम जल भरो गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर सांसद श्याम सिंह यादव, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, डॉ. मनोज मिश्र, डा. विजय सिंह, डा. राहुल सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राम नारायण, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, डा. मनीष गुप्ता, एनएसएस समन्वयक डा. राज बहादुर यादव, रोवर्स रेंजर्स डा. जगदेव, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. संतोष कुमार, डा. रसिकेश, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. अवध बिहारी सिंह, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. मनोज पांडेय, डा. आशुतोष सिंह, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह समेत आदि शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।







## यूपी में 5 आईएएस, 15 आईपीएस बदले

**लखनऊ।** यूपी में गुरुवार को पांच आईएएस व 15 पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस यशु रुस्तगी को विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा, आईएएस गौरव सिंह सोगरवाल को गोरखपुर नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। वह अभी तक महाराजगंज के मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। आईएएस आकांक्षा राना को मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़ नियुक्त किया गया है। वह अभी तक मुख्य विकास अधिकारी हरदोई के पद पर जिम्मेदारियां संभाल रही थीं। इसी तरह आईएएस सौम्य गुरूरानी को मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई के पद पर नियुक्ति दी गई है। वह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रयागराज के पद पर तैनात थीं। अभी तक मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज के पद पर तैनात रहीं शिपू गिरी को वाराणसी नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके पहले, शासन ने देर रात 15 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। मुरादाबाद की भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में हाल ही में आईजी के पद पर प्रोन्नत पूनम श्रीवास्तव को पीटीएस मेरठ भेजा गया है। सीबीसीआईडी में डीआईजी बाबूराम को उनके स्थान पर मुरादाबाद भेजा गया है। एसपी अभिसूचना नित्यानंद राय को डीजीपी मुख्यालय की विधिक शाखा भेजा गया है। एसपी रूल्स एंड मैनुअल निजाम हसन को पीटीएस मेरठ और लखनऊ कमिश्नरेट में सहायक पुलिस उपायुक्त शशांक सिंह को भी यहीं तैनात रखा जाएगा। इसके अलावा बरेली में सहायक पुलिस अधीक्षक चंद्र मीना को वाराणसी कमिश्नरेट, सहारनपुर में एएसपी ग्रामीण सूरज कुमार राय को आगरा कमिश्नरेट, गाजीपुर के एएसपी ग्रामीण अभिषेक भारती को प्रयागराज कमिश्नरेट, आजमगढ़ में सहायक पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी को नोएडा कमिश्नरेट भेजा गया है। वहीं मुरादाबाद के एएसपी सादर जैन को सहारनपुर का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। आगरा कमिश्नरेट में तैनात सत्यनारायण को मुजफ्फरनगर में एएसपी, मेरठ के एएसपी विवेक चंद्र यादव को गाजियाबाद कमिश्नरेट, अभिसूचना मुख्यालय में सहायक पुलिस अधीक्षक प्रीति यादव को नोएडा कमिश्नरेट और प्रयागराज में सहायक पुलिस उपायुक्त सरावानन टी. को वाराणसी कमिश्नरेट भेजा गया है। इसके अलावा कानपुर कमिश्नरेट में तैनात मृगांक शेखर सिंह को वहीं तैनात रखने का निर्णय लिया गया है।

**शिपू गिरी बनीं वाराणसी नगर निगम की आयुक्त, कई जिलों के मुख्य विकास अधिकारी बदले**

## पवन खेड़ा दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

### सुप्रीम कोर्ट ने द्वारका कोर्ट को अंतरिम जमानत पर छोड़ने का दिया निर्देश

**राहत**

### कांग्रेस के कई दूसरे नेताओं के साथ छत्तीसगढ़ के रायपुर जा रहे थे खेड़ा, कांग्रेस नेताओं ने एयरपोर्ट पर दिया धरना

**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को हिरासत में लिया। वे दिल्ली से कांग्रेस के कई दूसरे नेताओं के साथ छत्तीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस पार्टी के 85वें महाधिवेशन में शामिल होने के लिए जा रहे थे। उनके साथ इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ए-204 में जनरल सेक्रेटरी वेणुगोपाल, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सुप्रिया श्रीनेत भी शामिल थे।

असम पुलिस की इस कार्रवाई को कांग्रेस पार्टी ने तानाशाही बताया है। वहीं पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है, जिस पर कोर्ट ने दोपहर तीन बजे सुनवाई करते हुए पवन खेड़ा को अंतरिम राहत दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर असम के हाफलोंग में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसके बाद असम पुलिस ने यह कार्रवाई की है। उन्हें हिरासत में लेते समय काफी हंगामा हुआ। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि बिना गिरफ्तारी वारंट के उन्हें ले जाने नहीं



दिया जाएगा। पवन खेड़ा के साथ मौजूद कांग्रेस नेताओं ने प्लेन के पास ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की एक पीठ ने पवन खेड़ा को अंतरिम राहत दी है। कोर्ट ने दिल्ली के द्वारका कोर्ट को उन्हें अंतरिम जमानत पर छोड़ने का निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने अर्णब गोस्वामी मामले का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश और असम सरकार को इस मामले में दर्ज सारे एफआईआर को क्लब करने का नोटिस जारी किया है। पवन खेड़ा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की अपील लेकर पहुंचे थे। इससे पहले जब दिन में तीन बजे सुनवाई शुरू हुई तो सिंघवी ने मामले से संबंधित सभी याचिकाओं को एक साथ करने की अपील की और कहा कि उनके मुवक्किल बिना शर्त मांगी मांग लेंगे क्योंकि किसी को ठेस पहुंचाने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## सरकार का जातीय जनगणना से इनकार

### सपा का सदन में हंगामा, दो बार सदन स्थगित

**यूपी विधानसभा**

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विपक्ष को दिया जवाब, जो पिछड़ेपन और संकीर्णता के शिकार है उस तरफ यूपी को नहीं ले जाना चाहिए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल के विधायकों ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में जातीय जनगणना के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए हंगामा किया। दोनों पार्टियों के विधायकों ने जातीय जनगणना कराने की मांग करते हुए सदन में धरना दिया। वेल में नारेबाजी कर सरकार पर दलित व पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का आरोप लगाया। प्रदेश सरकार की ओर से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा में स्पष्ट कहा है कि जातीय जनगणना कराना केंद्र सरकार का अधिकार है। यूपी अब विकास की दृष्टि से बहुत आगे निकल चुका है, उसे पिछड़ेपन और संकीर्णता के शिकार बिहार की तरफ नहीं ले जाना चाहिए। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक डॉ. संग्राम सिंह यादव ने प्रश्न किया कि क्या सरकार लोकसभा चुनाव से पहले जातीय जनगणना कराएगी? सरकार की ओर से लिखित जवाब दिया गया कि जी. नहीं, प्रश्न ही नहीं उठता। पूरक प्रश्न लगाते हुए डॉ. संग्राम सिंह ने सरकार पर दलित और पिछड़ा विरोधी होने के आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े और दलित वर्ग की हितैषी होने का दावा करती है। लेकिन हकीकत है यह है कि एक फीसदी आबादी प्रदेश के 40 प्रतिशत संसाधन का उपभोग करती है। वहीं 50 फीसदी आबादी के लिए सिर्फ 3 फीसदी संसाधन है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के अभाव में पिछड़े व दलित वर्ग को उनका वास्तविक हक नहीं मिल रहा है। प्रशासनिक सेवाओं, न्यायालयों में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जवाब देते हुए कहा कि जनगणना संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत केंद्र सरकार की ओर से कराई जाती है। केंद्र सरकार ने इसके लिए अधिनियम और नियमावली भी बनाई है।



## यूपी में अब खुल सकेंगे हुक्का बार

**प्रयागराज।** कोविड काल के दौरान उत्तर प्रदेश में बंद किए गए हुक्का बार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खोलने के निर्देश दे दिए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने योगी सरकार को निर्देश जारी किए हैं कि एक गाइडलाइन तय करके हुक्का बारों के लाइसेंस जारी किए जाएं। कोर्ट ने नियमानुसार अर्जी देने और उसे एक माह में निर्णीत करने का निर्देश दिया है। यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर तथा न्यायमूर्ति एसडी सिंह की खंडपीठ ने स्वतः कायम जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए पांच सितंबर 20 के आदेश से मुख्य सचिव ने प्रदेश में हुक्का बार प्रतिबंधित कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि कोविड प्रतिबंधों में ढील दे दी गई है। देश के अन्य प्रदेशों में हुक्का बार सहित इस तरह के व्यवसाय शुरू हो गए हैं। इसलिए प्रदेश में भी अनुमति दी जाए। अपर महाधिवक्ता ने कहा खाद्य सुरक्षा एवं मानक कानून के तहत आवेदन दे नियमानुसार आदेश पारित होगा।

## सपा विधायक को डेढ़ साल की सजा

**कार्रवाई**

### 22 साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला, पूर्व विधायक जवाहर पंडित की पत्नी हैं विजमा यादव

**लखनऊ।** प्रतापपुर से सपा विधायक विजमा यादव एमपीएमएलए कोर्ट ने डेढ़ साल की सजा सुनाई है। धारा 147, 341, 504, 353, 332 और 7 सीएलए एक्ट के तहत उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। बृहस्पतिवार को न्यायालय ने उन्हें डेढ़ साल की सजा सुनाई। इससे विधायक विजमा यादव की विधायकी जाने से बच गई। आरोप है कि सपा विधायक विजमा यादव पर आरोप है कि उनके उकसाने पर ही भीड़ ने अनियंत्रित होकर पुलिस टीम पर गोली बम से हमला किया। इसमें पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट लगी थी। घटना में विजमा यादव शामिल थीं। कहा गया कि 21 सितंबर 2000 को दोपहर ढाई बजे सहसों पुलिस चौकी के सामने श्याम बाबू के पुत्र आनंद जी उर्फ छोटू, सात वर्ष के बालक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उसके शव को सड़क पर रखकर ईट, बल्ली लगाकर नाजायज तरीके से मजमा लगाकर बलवा किया। सभी लोग घातक असलहों से लैस थे, थाना प्रभारी, सराय इनायत कृपाशंकर दीक्षित तथा अन्य पुलिस अधिकारियों को जान से मारने की नीयत से ईट, पत्थर फेंके, जाम लगाकर सड़क पर अवरोध उत्पन्न किया जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई। प्रतापपुर से सपा विधायक विजमा यादव कभी जिले के चर्चित माफिया और बाहुबली विधायक रहे जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित की पत्नी हैं।






# नशे में धुत सिपाही ने की टीटीई से हाथापाई

## सेकेंड एसी कोच में बिना टिकट यात्रा कर रहा था सिपाही, टिकट मांगने पर हो गया आक्रोशित

**वाराणसी।** ट्रेन के एसी कोच में बिना टिकट यात्रा कर रहे उत्तर प्रदेश पुलिस के एक सिपाही ने चल टिकट परीक्षक के साथ मारपीट की, ट्रेन के वाराणसी जंक्शन पर पहुंचते ही लामबंद टीटीई संगठन ने उक्त सिपाही को जीआरपी के हवाले कर दिया गया देर रात तक एफआईआर करने की किचकिच होती रही।

हालांकि बाद में दोनों तरफ से समझौता हो गया। लेकिन उक्त सिपाही पर सकेंड एसी का फाइन चार्ज किया गया। जानकारी के अनुसार राजगीर से नई दिल्ली जा रही ट्रेन संख्या 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस पंडित दीनदयाल स्टेशन से वाराणसी की ओर चली तो

> मामले की जानकारी होने के बाद जीआरपी के उक्त सिपाही पर सेकेंड एसी टिकट का फाइन चार्ज किया गया इसके बाद छोड़ दिया गया। क्योंकि दोनों पक्ष ने आपस में सुलह समझौता कर लिया।
>
> गौरव दीक्षित, निदेशक कैंट स्टेशन

ट्रेन के ए वन में बैठे एक चंदौली जिले के एक थाने में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस के सिपाही राहुल सिंह से चल टिकट परीक्षक आशीष कुमार सिंह ने टिकट मांगा तो वह आग बबूला हो गया। वर्दी का रौब दिखाते हुए टीटीई से हाथापाई करने लगा। ट्रेन में सफर कर रहे लोगों की माने तो उक्त सिपाही नशे में था। टीटीई ने अपने साथ दुर्व्यवहार होने की जानकारी कंट्रोल को दी, इसके साथ ही उन्होंने वाराणसी सीआईटी रोस्टर को भी दुर्व्यवहार की सूचना दी, ट्रेन के वाराणसी कैंट प्लेटफार्म नंबर पांच पर पहुंचते ही आरपीएफ जीआरपी सहित तमाम टीटीई उक्त ट्रेन तक पहुंचे, ट्रैन के रुकते ही सिपाही ने फिर वर्दी का रौब दिखाना शुरू किया तो जीआरपी के लोगों ने उसे पकड़ लिया। सूत्रों की मानें तो सिपाही नशे में धुत था देर रात तक जीआरपी में एफआईआर कराने की कीच कीच होती रही।

फॉलोअप

## महिला से लूट में खंगाले गये सीसीटीवी एसीपी ने की पूछताछ

जनसंदेश न्यूज

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के भदया (हाथी) गांव में बीते मंगलवार को को बाइक सवार बदमाशों ने वृद्धा मुरता देवी को चाकू से डराकर जेवरात लूट लिया। इस मामले में बुधवार को रपट दर्ज होने के बाद गुरुवार को एसीपी नीरज कु मार पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित महिला से घाटना के बाबत पूछताछ की। उन्होंने जंसा पुलिस को बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया। वारदात को अंजाम देने वाले बाइक सवारों की पहचान के लिए जंसा पुलिस उक्त स्थान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाला। एसीपी ने कहा कि गिरफ्तारी के लिए एक टीम लगा दी गयी है जल्द ही बदमाश शिकंजे में होंगे।

## ट्रैवल एजेंसी संचालक के घर लाखों की चोरी



चोरी के बाद बिखरा सामान

जनसंदेश न्यूज

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर निवासी ट्रैवल एजेंसी संचालक के घर को बुधवार की रात चोरों ने खंगाला।

पीड़ित बालेश्वर मिश्रा के अनुसार 22 फरवरी को अपनी भांजी की शादी समारोह में सम्मिलित होने बड़ागांव आये थे। अगले दिन वापस लौटने पर देखा कि उनके कमरे का ताला टूटा हुआ है और गोदरेज की अलमारी के लॉकर में रखा लगभग 2.50 लाख का गहना और 15 हजार नकदी चोरी हो गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम दिया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### बाइक लूट के आरोपी को मिली जमानत

**वाराणसी।** अस्पताल से ड्यूटी कर लौट रहे युवक के साथ हुई लूट के आरोपी शुभम विश्वकर्मा निवासी भिखारीपुर थाना मिर्जामुराद को कोर्ट से जमानत मिली। आरोपी का पक्ष अधिवक्ता अजीत प्रजापति, अविनाश कुमार गुप्ता और अभिनव जायसवाल ने रखा। जानकारी के अनुसार राजातालाब के पास अस्पताल से ड्यूटी कर लौट रहे युवक की बाइक और अन्य सामान आतंकित कर लूट लिया गया। इस मामले में भुक्तभोगी रोहित पटेल ने राजातालाब थाने में रपट दर्ज करायी थी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जिसमें शुभम विश्वकर्मा भी था।

### बकरा चोरों से सहमे ग्रामीण, दो गांव में आधा दर्जन बकरे चोरी

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र में पशुपालक बकरा चोरों से सहमे हैं। कब किसके यहां से बकरा चोरी हो जायेगा चिंता सताने लगी। क्योंकि जंसा थाना क्षेत्र के दो गांव में वाहन सवार चोरों ने करीब आधा दर्जन बकरा पर हाथ साफ किया। ऐसा नहीं कि क्षेत्र में बकरा चोरी का ये पहला मामला है इसके पहले भी वाहन सवार बकरों पर हाथ साफ कर चुके हैं। फिर से सक्रिय हुए बकरा चोरों से अब ग्रामीणों में डर सताने लगा है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात कपरफोरवा गांव में चार पहिया वाहन सवार बदमाशों ने संतु पटेल के घर टीन शेड में बंधे दो बकरा और एक बकरी को उठा ले गये। मामले की जानकारी अगले दिन गुरुवार को हुई। इस मामले में पीड़ित परिवार ने जंसा पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज करायी। पीड़ित की माने तो चोरी बकरों की कीमत 60हजार रुपये थी। वहीं दूसरी तरफ गोसाईपुर गांव में छेदीलाल पटेल के घर से बाहर बने टीन शेड में बांधे तीन बकरे जिसमें एक बकरी भी शामिल थी उसे वाहन चोर उठा ले गये। इस बीच भुक्तभोगी की नजर वाहन सवारों पर पड़ी उसने हो हल्ला मचाया। लेकिन वाहन सवार भाग निकले। छेदी लाल की माने तो चोरी बकरे की कीमत 30 हजार है। ग्रामीणों का कहना है कि जंसा क्षेत्र चोरों का सुरक्षित इलाका बन गया है।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**चोलापुर।** चोलापुर पुलिस ने गुरूवार को कटहलगंज चौराहे से अपहृत किशोरी को बरामद किया और आरोपी मोनू राजभर निवासी अजगरा को गिरफ्तार किया। आरोपी और किशोरी के बीच प्रेम संबन्ध था, प्यार परवान चढ़ा तो दोनों ने शादी करने की सोची लेकिन घर वाले इसके लिए रजामंद नहीं थे। ऐसे में दोनों घर से भाग निकले। काफी तलाश के बाद ये जानकारी हुई कि आरोपी लड़का भी गायब है। किशोरी के पिता ने मोनू के खिलाफ बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया। इसके बाद पुलिस दोनों की तलाश में लग गई। मुखबिर और सर्विलांस की मदद से दोनों का लोकेशन कटहलगंज में मिला तो पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। किशोरी को परिवार के हवाले और युवक को जेल भेज दिया।

### महिला शिक्षिका ने मॉरीशस के छात्र पर दर्ज करायी रपट

**वाराणसी।** बीएचयू दर्शन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर की शिकायत पर मारीशस के छात्र के खिलाफ लंका थाने में रपट दर्ज की गयी। आरोप है कि छात्र ने महिला शिक्षिका से छेड़खानी और मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज सेंड किया था। इस बात से नाराज शिक्षिका ने छात्र प्रशांत शर्मा के खिलाफ पुलिस ने छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा कराया।आरोप है कि एमए प्रथम सेमेस्टर का छात्र मारीशस का रहने वाला प्रशांत शर्मा शिक्षिका को बीते दिसंबर माहीने से पेरशान कर रहा है। अश्लील मैसेज और गलत हरकतों से परेशान होकर उन्होंने रपट दर्ज करायी। लंका पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### महिला के खाते से रुपये उड़ाया

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के सुदामापुर इलाके में रहने वाली गरिमा अग्रवाल के खाते से जालसाज ने 1.60 लाख रुपये निकाल लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। गरिमा का कहना है कि उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। शोसल साइट यूट्यूब डाउनलोड करने पर 50 मिलने के लिए बताया गया। ये पैसा सब्सक्राइब करने पर मिलने की बात कही गयी। जिसके बाद उनको दोबारा मैसेज आया और प्रोसेस पूरा करने के लिए कंप्लीट कुछ पैसा इनवेस्ट करने को कहा गया। महिला ने अलग-अलग किस्तों में 1.60 लाख पे किया आरोप है ना तो उनको पैसा मिला जो लगाया वो भी डूब गया। पुलिस साइबर एक्ट के तहत रपट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### युवती के अपहरण में अज्ञात पर मुकदमा

**जंसा।** कपसेठी थाना क्षेत्र के नेवादा गांव निवासी पिता ने बेटी के अगवा होने के मामले में अज्ञात युवक के खिलाफ जंसा थाने में तहरीर दी। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम युवती घर से निकली और लौटी नहीं। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन जब सुराग नहीं मिला तो अज्ञात के खिलाफ जंसा थाने में 363 में मुकदमा दर्ज कराया।

### नकदी के साथ चार जुआड़ी गिरफ्तार

**रोहनिया।** रोहनिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नकदी समेत चार जुआड़ियों को दबोचा और जेल भेजा। रोहनिया पुलिस को सूचना मिली कि बच्छाव भीटा पर जुआ खेला जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और मौके से ताश का पत्ता, 14 हजार नकद रुपये और चार जुआड़ियों को दबोचा। अभियुक्तों की पहचान इकबाल अहमद, इम्तियाज खान, बसंत लाल और राजकुमार के तौर पर हुई, सभी रोहनिया के बच्छाव और देल्हना के निवासी हैं।

### युवक से मारपीट में दो पर मुकदमा

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के अदमापुर निवासी युवक को आटा लेकर लौट रहे जय हिंद निवासी अमीनी गांव को दो युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में युवक के पिता सूर्यबली ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। युवक की माने तो वह आटा लेकर घर लौट रहा था इस बीच अदमापुर (महानाग) निवासी ललित और प्रियांशु ने पुरानी रंजिश को लेकर घेर लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ 323, 504, 506 का मुकदमा दर्ज किया।

### दी लायर्स एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 5 को

**रामनगर।** रामनगर दि लायर्स एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 5 मार्च को होना निश्चित हुआ है। चुनाव अधिकारी लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा एडवोकेट ने बताया कि एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव रविवार 5 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से पुराने रामनगर में स्थित मुरारी लाल यादव एडवोकेट के निजी सांई लान में होना निश्चित हुआ है।

### किशोरी गायब, पांच के खिलाफ मुकदमा

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी मंगलवार को घर से गायब हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की और बाद में पिता ने मिर्जामुराद थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। किशोरी के पिता ने उदल पटेल, इंदल पटेल, कौशल कुमार व सुजीत कुमार निवासीगण कल्लीपुर और गोलू पटेल निवासी घमहापुर थाना लोहता पर आरोप लगाया।

### गंगा उस पार धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ

**वाराणसी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा उसपार डुमरी स्थित जनार्दन स्वामी आश्रम में लगभग दो हजार श्रद्धालु दिन-रात वहीं रह करके यज्ञ हवन आदि धार्मिक अनुष्ठान करेंगे। देश की शुद्धि के लिए यज्ञ करने का कार्यक्रम गुरुवार से प्रारंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। जिसका शुभारंभ महामंडलेश्वर शांति गिरी जी महाराज के नेतृत्व में डुमरी स्थित 1008 जनार्दन स्वामी आश्रम से शोभा यात्रा प्रातः काल 7:45 से प्रारंभ हुआ।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216952532 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। विवेक यादव पुत्र केशव यादव ग्राम - हरदासीपुर, पो0 - हथियर, जिला - वाराणसी उ0 प्र0।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2856115 का मूल प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में खो गया है। आदित्य कुमार पुत्र लालचन्द्र ग्राम व पोस्ट-रिठिया, जिला-आजमगढ़।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2064584 का मूल प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में खो गया है। निर्मल प्रजापति पुत्र लक्ष्मी प्रजापति ग्राम-धौरहरा, पोस्ट-रूकुन्नीपुर, जिला-आजमगढ़।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2856114 का मूल प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में खो गया है। आदर्श विश्वकर्मा पुत्र विनोद विश्वकर्मा, ग्राम-बहेलियापार, पोस्ट-नन्दना, जिला-आजमगढ़।

आवश्यकता

**आवश्यकता है-** स्व0 केशव प्रसाद पी0 जी0 कालेज ससना बहादुरपुर बिल्थरारोड, बलिया उ0 प्र0 में स्नातक स्तर पर प्राचार्य एवं हिन्दी, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनितिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, उर्दू विषयों में एक-एक प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान यू0 जी0 सी0 व विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं 2 फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0-9918681886, 9697605555

आवश्यकता है

श्री हरिदास महाविद्यालय लहंगपुर, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय-भूगोल, मनोविज्ञान व अर्थशास्त्र में एक-एक प्रवक्ताओं की एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त विषय-गृहविज्ञान व शिक्षाशास्त्र में तीन-तीन प्रवक्ताओं की तथा प्राचीन इतिहास व राजनीतिशास्त्र विषयों में दो-दो प्रवक्ताओं की। शैक्षणिक योग्यता विश्वविद्यालय परिनियमावली व यूजीसी के मानकानुसार सादे कागज पर नवीनतम फोटोयुक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों की दो प्रति 21 दिनों के अन्दर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/उपस्थित होकर प्रेषित करें।
मो0-8299623916

आवश्यकता है
सुदामा देवी महिला महाविद्यालय
चन्दौली

में स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं विज्ञान संकाय में गृहविज्ञान तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में शिक्षाशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र एवं मास्टर ऑफ सोसल वर्क (M.S.W.) पाठ्यक्रम के विषयों में विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान N.C.T.E. / U.G.C. विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी अपना आवेदन 21 दिन के अन्दर चार पासपोर्ट फोटो प्रमाण पत्र के साथ कालेज के पते पर भेजें।
मो0-9450555577

# सीमा विवाद को लेकर किन्नरों में तकरार

## मंडुवाडीह थाने पहुंचा मामला एक घंटे बाद बनी बात

जनसंदेश न्यूज

**मंडुवाडीह।** क्षेत्राधिकार को लेकर किन्नरों का दो गुट आमने सामने आ गया। मामला इतना बढ़ा बात मंडुवाडीह थाने तक पहुंची। यहां दोनों गुट एक दूसरे पर सीमा में दखल देने के आरोप लगाकर हंगामा किया और एक दूसरे पर कार्रवाई की मांग की। थाना परिसर में ये विवाद करीब एक घंटे चला इसके बाद मामला शांत हुआ।

एक पक्ष का कहना था कि मंडुवाडीह क्षेत्र में निवास करने वाले किन्नर जिनका क्षेत्र लोहता है लेकिन वह गुट मंढौली में किसी के घर नेग लेने पहुंच गये। इस दौरान दूसरे गुट ने देख लिया और दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद दोनों पक्ष से करीब एक दर्जन किन्नर जुटे और आपसी विवाद करने लगे। मामला बढ़ा तो दोनों पक्ष कार्रवाई के लिए मंडुवाडीह थाने पहुंचा। यहां थानाध्यक्ष के साथ चली एक घंटे तक मैराथन पंचायत के बाद मामला शांत हुआ। दोनों गुट ने होली बाद आपसी बैठक कर सीमा विवाद सुलझाने की बात की।

विवाद

**दोनों गुट ने होली बाद आपसी बैठक कर सीमा विवाद सुलझाने की बात की**

> कुछ दिनों पहले सीमा विवाद को लेकर किन्नरों ने चेतगंज थाने पर जमकर हंगामा काटा था। सड़क पर किन्नरों के प्रदर्शन की वजह से जाम की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। करीब दो घंटे समझाने के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ इसके बाद यहां आवगमन सामान्य हुआ।

# रेलवे को निशाना बनाने वाला नटवलाल कोर्ट में पेश

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रेलवे का शातिर नटवरलाल राजा दास उर्फ राजमणि दास को लखनऊ जेल से लाकर प्रभारी रेलवे मजिस्ट्रेट उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी के न्यायिक रिमांड बनाते हुए पुनः लखनऊ जेल भेज दिया। इस दौरान इस मामले के विवेचक अनिल कुमार ने आरोपी के सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने की मांग की। जिसपर कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए तिथि नियत की है। राजा दास पर पूरे देश में लगभग 45 मुकदमे दर्ज है। 2021 में करोना काल के दौरान वाराणसी में रेलवे में आउटसोर्सिंग पर काम करते हुए जेनरेटर यान के महत्वपूर्ण पार्ट चोरी कर ली थी। रांची में गिरफ्तार हुआ, अब जहां-जहां चोरी में उसका नाम सामने आया, वहां-वहां की रेल पुलिस उसकी कस्टडी रिमांड के लिए अर्जियां डाल रही है।

आरोप है कि आसाम के मोरी गांव जिले के जागीरोड थाने के नीलखोलगांव निवासी राजा दास ने चोरी की थी। पहले रांची जेल में था। वहां पर कई प्रदेशों के रेल पुलिस की अर्जी वारंट बी के तहत पड़ी। लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया। जीआरपी पुलिस ने लखनऊ जेल से वारंट बी के तहत कस्टडी रिमांड बनाने की गुहार लगाई थी। इसी के तहत कोर्ट उसे तलब किया था। वाराणसी, हैदराबाद, गुरुग्राम, एमपी, चेन्नई , रायपुर जबलपुर केरल तक उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। इस दौरान वह अमूमन जेनरेटर यान के पास के कोच में जाता था उस दौरान रेलवे के कार्ड लगाया रहता था। ट्रेन के कॉपर स्ट्रिप समेत अन्य मेटल के महत्वपूर्ण पार्ट निकाल लेता था। पार्ट्स लाखों में बेचता था। हावड़ा में बेचे माल उसने जितनी चोरी की, उसमें ज्यादातर माल हावड़ा में बेचा। सूचना पर रेलवे की पुलिस हावड़ा भी गई थी, हालांकि रेल पुलिस के हाथ एक भी चोरी के पार्ट्स नहीं लगे। रेलवे पुलिस वारंट बी के तहत पुलिस कस्टडी रिमांड की मांग की है।

सुनवाई

**देश का ऐसा कोई कोना नहीं जहां इसने ना दिया हो चोरी को अंजाम**

**पुलिस रिकार्ड में आरोपी के ऊपर 45 से ज्यादा मुकदमे**



# जी-20 को लेकर एयरपोर्ट रूट मैप और सुरक्षा की समीक्षा

## डीसीपी ने मातहतों से कहा, संबंधित विभाग से समन्वय जरूरी व यातायात व्यवस्था पर रहे फोकस

जनसंदेश न्यूज

**पिंडरा।** जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर बुधवार को डीसीपी गोमती जोन विक्रांतवीर ने बाबतपुर पुलिस चौकी पर मातहतों संग समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में तैयारियों के बाबत संबंधित विभाग से समन्वय और यातायात व्यवस्था मजबूत करने को कहा।

विक्रांत वीर ने बाबतपुर एयरपोर्ट रूट मैच और सुरक्षा से संबन्धित दिशा निर्देश मातहतों को दिया।उन्होंने कहा कि जी-20 में लगे अन्य विभाग से आपसी तालमेल बनाकर चिकित्सा, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। ताकि सम्मेलन में प्रतिभाग करने वालों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। यातायात व्यवस्था संबन्धित परेशानियों को दूर करने के लिए वैकल्पिक मार्ग चिह्नित करने को कहा। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल की ड्यूटी को चेक करने के साथ ही शासन के दिये निर्देश का पूरी तरीके से पालन होने पर बल दिया। इस दौरान एसीपी अमित पांडेय, एसीपी अंजनी कुमार राय, थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार, बड़ागांव निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह व बाबतपुर चौकी इंचार्ज अजय यादव समेत जंसा और हरहुआ की पुलिस मौजूद रही।



जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर बैठक करते डीसीपी

# मोबिल आपूर्ति करने के नाम पर लगा 5.36 लाख का चूना

## दबाव बना तो दिया फर्जी चेक वो भी हो गया बाउंस, रपट दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना के सेहमलपुर गांव स्थित मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लिमिटेड नामक कंपनी को इंजन आयल आपूर्ति करने के नाम करीब 5.38 लाख का चूना लगा, आरोप है कि लखनऊ की जेएमडी संस्था ने आपूर्ति देने के बदले 5.38 लाख रुपया लिया लेकिन डिलेवरी नहीं दी। कंपनी ने इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन से की। सीपी के निर्देश पर आरोपी संस्था के मालिक पर बड़ागांव थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।

निर्माण कंपनी के कार्यालय अधिकारी विक्रम हरी सिंह की माने तो उनकी कंपनी को मोबिल आयल आपूर्ति के लिए लखनऊ स्थित जेएमडी संस्था के मालिक धीरज विश्वकर्मा से सौदा तय हुआ और तय सौदे के अनुसार सात दिसंबर 2022 को आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते में 5.38 लाख रुपये भेजा गया। करीब दो साल का वक्त बीत जाने के बाद भी संस्था मालिक ने ऑयल की आपूर्ति नहीं दी। कंपनी ने जब पैसे वापस मांगने का दबाव बनाया तो आरोपी मालिक चेक दिया जो बाउंस हो गया। ऐसे में पीड़ित ने सीपी को मामले से अवगत कराया और न्याय की गुहार लगायी। सीपी के निर्देश पर आरोपी संस्था के खिलाफ बड़ागांव थाने में मुकदमा दर्ज हुआ।

# बकाएदारों की बत्ती गुल



**पिंडरा।** विद्युत विभाग के एसडीओ संजीव कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को जेई राजकुमार संग स्थानीय बाजार एवं पुरानी गली इलाके में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 46 बकाएदारों का कनेक्शन काटकर 1.85 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गयी। इसी क्रम में जिन लोगों ने बकाए बिल का 60 फीसदी पैसा जमा किया उनके लाइन चालू कर दिये गये। श्री श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली बिल बकाएदारों को दो दिन के भीतर बकाया धनराशि जमा करने संबंधी चेतावनी दी गयी। मुहिम में विभाग के विभूति यादव, कमला, चंद्रेश, महेंद्र, मनीष एवं गोरख आदि भी रहे।

# अवधेश बने अध्यक्ष, अंजनी उपाध्यक्ष

**पिंडरा।** जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग ने गुरुवार को स्थानीय तहसील क्षेत्र के लिए संगठन के जुड़े अधिवक्ताओं में से पदाधिकारियों का निर्धारण किया। जिसके तहत अवधेश कुमार पांडेय अध्यक्ष, अंजनी कुमार मिश्र उपाध्यक्ष एवं सेवालाल को महासचिव पद का दायित्व सौंपा। विभाग जिलाध्यक्ष लोकेश सिंह ने बताया कि जिला कमेटी के गठन पूर्ण गठन के बाद तहसील स्तर पर कमेटी का गठन कर रहे हैं। इस मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार, राकेश सिंह 'रिशू', प्रदीप वेनवंशी, लक्ष्मीकांत, विनोद यादव, वीरेंद्र कुमार, किशन सिंह, रवींद्र कुमार, राकेश कनौजिया वगैरह भी थे।

# पंचकोशी तीर्थ यात्रियों का जत्था पहुंचा भीमचण्डी

## यात्रा में पूर्व काशी नरेश महाराज विभूति नारायण की पुत्रियां भी शामिल

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** काशी के पंचकोशी मार्ग पर दातार पंचकोशी यात्री भारी संख्या में बृहस्पतिवार को दूसरे पड़ाव भीमचंडी पहुंचे। जहां पर मंदिर के पुजारी रोहित मिश्रा व पंडित रविशंकर ने यात्रियों का पूजा कराया। डॉ निर्मला ने गुरु वंदना किया और अमित कुमार पांडेय ने शांति पाठ किया।कथा के दौरान आचार्य विजेंद्र व्यास ने कहा कि पंचकोशी यात्रा अनेक जन्मों के पापों को नष्ट करती है।यह भक्तों को शिवतत्व प्रदान करती है।काशी में पंचकोश करने से भक्तों को पुण्य प्राप्त होता है।पंचकोशी यात्रा के मंडल अध्यक्ष रामशरण सेठ,देवकी कपूर, कृष्ण कुमार शर्मा,भैयालाल यादव, राजकुमार शर्मा,रवि शरण सेठ के साथ ही पूर्व काशी नरेश महाराज विभूति नारायण की पुत्रियां, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, नेपाल,बिहार से पंचकोश करने के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था शामिल है।



# बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया

## वार्षिकोत्सव एवम् अभिभावक सम्मान समारोह

जनसंदेश न्यूज

**तरना।** प्राथमिक विद्यालय होलापुर में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से सबका मन मोह लिया। उनकी प्रतिभा से अभिभावक, अतिथि अत्यंत प्रभावित दिखे।

मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार दुबे थे। विशिष्ट अतिथि शैलेन्द्र बिक्रम सिंह थे। शुभारंभ अखिलेश कुमार पाण्डेय के मंगलाचरण से हुआ। बच्चों ने स्वागत गीत सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ' विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रभावी उपलब्धियों के लिए चयनित छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया?। सक्रिय सहयोग व विद्यालय से जुड़ाव के लिये अभिभाकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजीव सिंह, बृजेश तिवारी, रूमा सिंह अंशू सिंह, किरन चतुर्वेदी, श्वेता दीक्षित, प्रतिमा सिंह, अंजली सिंह, योगेंद्र कुमार, अनूप कुमार,राजेश यादव सहित अन्य ने अपने विचार रखे।

धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका सरिता प्रजापति ने किया। अध्यक्षता एन पी सिंह, संचालन डॉ अखिलेश कुमार पाण्डेय, आभा पटेल ने किया।






# निवर्तमान महापौर ने वार्डवार आरक्षण पर दर्ज कराई आपत्ति

## उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की वाराणसी मंडल की बैठक संपन्न

**वाराणसी।** सर्किट हाउस सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग वाराणसी मंडल की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत में अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने बाबा विश्वनाथ को नमन करते हुए गठित आयोग के ऊपर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ इस आयोग का गठन राज्य सरकार द्वारा 28 दिसंबर 2022 को किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने हाईकोर्ट के फैसले जिसमें कि ओबीसी की सीटों को समान्य मानते हुए चुनाव कराने को कहा गया था, उसी के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा इस आयोग का गठन किया गया है। सदस्य के रूप में बृजेश कुमार सोनी द्वारा बताया गया कि पिछड़ेपन के कारण को जानना इस आयोग का मुख्य मकसद है, कि क्यों 37% ओबीसी के बाद भी उनकी राजनीतिक रूप से पहुंच बहुत कम है। उन्होंने कहा कि 1994 से 27% आरक्षण लोकल बाडीज के रूप में दिया जा रहा।

**बैठक**

### पिछड़ेपन के कारण को जानना इस आयोग का मुख्य मकसद है : बृजेश कुमार सोनी

बैठक की शुरूआत में नगर आयुक्त द्वारा वाराणसी नगर निगम में ओबीसी की आबादी 34.69% बतायी गयी तथा उपलब्ध आकड़ों को रखा गया। सिकरौल के पार्षद दिनेश यादव द्वारा दिये गये आकड़ों पर आपत्ति जतायी गयी। जगतगंज के पार्षद प्रशांत सिंह, सिंधु सोनकर शिवपुरवां, लक्ष्मणेश्वर नाथ शर्मा पूर्व पार्षद रामनगर, नंदलाल चौहान रामनगर द्वारा भी वार्डवार आरक्षित सीटों की व्यवस्था पर आपत्ति जतायी गयी। निवर्तमान महापौर मृदुला जायसवाल ने भी नगर निगम के द्वारा वार्डवार आरक्षण को लेकर अपनाये गये तरीकों पर आपत्ति जतायी, जिस पर आयोग ने बात को उचित मंच पर रखने की बात कही। गंगापुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा उपलब्ध विभिन्न आंकड़े आयोग के समक्ष रखे गये। सदस्य बृजेश कुमार ने जिलाधिकारी एस. राजलिंगम तथा नगर आयुक्त को वार्डवार हुए आरक्षण पर कार्यशाला आयोजित करने को कहा, ताकि लोगों को अपनायी गयी व्यवस्था की सही जानकारी दी जा सके। चंदौली जिले के नगर पालिका और नगर पंचायत के संबंध में भी वार्डवार उपलब्ध आकड़ों को सामने रखा गया, जिस पर किसी ने भी आपत्ति नहीं जतायी। वहीं अपर जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा जिले के नगर पालिका तथा पंचायत के आरक्षण की जानकारी आयोग के समक्ष रखी गयी जिस पर विनोद अग्रवाल द्वारा कुछ जगहों पर आपत्ति जतायी गयी बाकी सबकुछ सही कहा गया। सैदपुर नगर पंचायत अब तक ओबीसी के लिए नहीं आरक्षित होने की बात भी बैठक में हुई। जिलाधिकारी गाजीपुर को भी वार्डवार आरक्षण पर कार्यशाला आयोजित करने को कहा ताकि अपनायी गयी व्यवस्था की जानकारी जनप्रतिनिधियों को हो सके। सीडीओ जौनपुर द्वारा भी वार्डवार आरक्षित आकड़ों को आयोग के सामने रखा गया जिस पर किसी ने भी आपत्ति नहीं जतायी। बैठक में मो.असलम अंसारी अपर निदेशक स्थानीय निकाय, जिलाधिकारी गाजीपुर आर्यका अखौरी, मंडल के सभी जिलों के नगर निगम और नगर पालिका के विभिन्न अधिकारी तथा मंडल के सभी जिलों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


सर्किट हाउस सभागार में उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक

### आयोग के अध्यक्ष से मिला बहादुर आदमी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

बहादुर आदमी पार्टी के संयोजक राजेंद्र गांधी कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार कुशवाहा 'एडवोकेट' ने भी गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह से सर्किट हाउस के प्रथम तल के सभागार में मिलकर पिछड़ी जाति के गणना संबन्धित समस्याओं से अवगत कराया।

### रैपिड सर्वे को लेकर सपा ने आयोग को सौंपा पत्रक

वाराणसी। नगर निकाय चुनाव के संदर्भ में गुरुवार को राजनीतिक दल के लोगों ने सर्किट हाउस में न्याय मूर्ति एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामऔतार सिंह एवं अन्य सदस्य के साथ जिलाधिकारी एस. राजलिगंम के सामने आरक्षण को लेकर अपनी बात रखी। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा से सुझाव मांगे तो महानगर अध्यक्ष ने न्यायमूर्ति राम औतार सिंह से कहा कि वाराणसी में रैपिड सर्वे के कार्य को छोटे मोटे कर्मचारियों से कराया गया है जिसे वार्ड एवं क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी ही नहीं है। कहा कि आरक्षण में घोर लापरवाही बरती गई है एवं रैपिड सर्वे मनमानी तरीके से किया गया है। उन्होंने इस संबंध में आयोग के सदस्य को लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पत्रक सौंपा। बैठक में सपा की ओर से महानगर महासचिव जितेंद्र यादव, उत्तरी विधानसभा अध्यक्ष अजय चौधरी एडवोकेट, पार्षद प्रशांत सिंह पिंकू, सत्यनारायण यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### पूर्व महापौर मोहले ने आयोग के गठन को सराहा

पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने भी स्थानीय सर्किट हाउस में निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के समक्ष उपस्थित होकर वार्डों के आरक्षण के संबंध में अपने सुझावों से अवगत कराया। मोहले ने वार्डों में आरक्षण के बारे में अपनी राय प्रस्तुत करने के साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा उच्च व सर्वोच्च न्यायालय के आदेश, निर्देश के अनुपालन में आयोग के गठन की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि आयोग तमाम सुझावों और तथ्यों के आलोक में अपनी रिपोर्ट और संस्तुति देगा।

# शहर में छह स्थानों पर चल रही फ्री वाईफाई सेवा

**सुविधा**

### शहर में कई जगहों पर ले सकते हैं निःशुल्क इंटरनेट

**वाराणसी।** शहर में छह जगहों पर निःशुल्क वाई फाई की सेवा शुरू की गई है। इसके जरिये कोई भी उपभोक्ता अपने मोबाइल पर निःशुल्क वाई फाई की सेवा ले सकता है। वाई फाई की यह निःशुल्क सेवा बीएसएनएल की ओर से उपभोक्ताओं को दी गई है। बीएसएनएल के पीआरओ अनीस सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को जिन छह जगहों पर निःशुल्क वाई फाई की सेवा दी गई है उनमें प्रमुख रूप से शहीद उद्यान (सिगरा), गिरजाघर पार्किंग, बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन, सारनाथ, कचहरी विकास भवन, एसबीआई कचहरी है। वाईफाई की निःशुल्क सेवा पहले गंगा घाटों के कुछ घाटों पर लगाया गया था। लेकिन अब वह चल नहीं रहे हैं। बीएसएनएल की ओर से इसे कभी कभार चालू कर दिया जाता है। उफभोक्ताओं को यह सुविधा उस समय उपलब्ध करायी जाती है जब घाटों पर कोई वीवीआईपी होते हैं। जब कभी भी राष्ट्रपति अथवा प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होता है तो घाटों पर यह सुविधा उपभोक्ताओं को निःशुल्क चालू कर दी जाती है। लेकिन वीवीआईपी के प्रस्थान के बाद इस सेवा को बंद कर दिया जाता है।

BSNL Connecting India Faster

# देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत करने को एफपीओ आएं आगे

**आयोजन**

### मंडलस्तरीय कृषि निर्यात कार्यशाला में कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने किया आह्वान

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा है कि पूर्वांचल से हो रहा कृषि निर्यात एकजुट प्रयास के चलते पूरे प्रदेश में सबसे आगे है। बढ़त का यह सिलसिला जारी रखना होगा। पीएम नरेंद्र मोदी के पांच ट्रिलियन और मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि निर्यात महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कारण, देश की 70% आबादी कृषि पर निर्भर है। देश को विकसित बनाने में प्रत्येक को जुटना है। उसमें पूर्वांचल प्रमुख रास्ता दिखा सकता है। यह प्रयास एफपीओ के जरिये संभव है। यह क्षेत्र निर्यात हब बनने पर विदेशी कंपनियां खुद लोगों से जुड़ने की कोशिश करेंगी। रोड-रेल नेटवर्क मजबूत किया गया है ताकि किसानों के निर्यात को बढ़ावा देना संभव हो। इसका लाभ लेने के लिए कृषकों को स्वयं आना होगा।

कमिश्नरी सभागार में गुरुवार को आयोजित मंडलस्तरीय कृषि निर्यात कार्यशाला में श्री शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। यह वर्कशॉप विशेष रूप से उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के तहत कृषि निर्यात संवर्धन के लिए प्रगतिशील किसानों, एफपीओ एवं कृषि निर्यातकों के हित में किया गया था। इस मौके पर कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के डॉ. अमित यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. रजनीकांत ने कहा कि कोविड के दौरान दुनिया ने भारतीय कृषि उत्पाद की महत्ता समझी। उन्होंने प्राकृतिक खेती संग जीआई टैग को जोड़ने पर बल दिया।

कार्यशाला में पदमांक जानी, विदेश व्यापार अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि आशुतोष मिश्र, उप महाप्रबंधक एपीडा डॉ. सीबी सिंह, नाबार्ड के अनुज कुमार सिंह, प्राकृतिक खेती के बारे में प्रदेश सरकार के प्रमुख सलाहकार चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, रामकुमार राय आदि ने भी विचार व्यक्त किये।


कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने गुरुवार को मंडलस्तरीय कृषि निर्यात कार्यशाला को संबोधित किया

## कार्यशाला संपन्न

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के दिन चल रही प्रशिक्षण कार्यशाला गुरुवार को संपन्न हो गयी। आयोजन में मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र बहादुर सिंह, ट्रेनर पुष्पा सिंह, खंड विकास अधिकारी राजेश वर्मा की मुख्य उपस्थिति रही।

# महापुरुषों के बलिदान, त्याग से मिली है आजादी : एसडीएम

**प्रदर्शनी**

### दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**वाराणसी।** आजादी हमें महापुरुषों के बलिदान, त्याग से मिली है, उनके योगदान को हमें याद करने की जरूरत है। सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी ज्ञान सूचना और मनोरंजन का संगम है 'हमें अपने कर्तव्यों और दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। यह विचार गुरुवार को उपजिलाधिकारी राजातालाब गिरीश कुमार ने आजादी का अमृत महोत्सव में 8 साल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण विषय पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी द्वारा अर्जुन सिंह महाविद्याल, खजुरी मिर्जामुराद में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम में व्यक्त किया। उपजिलाधिकारी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और आंगनवाड़ी केंद्र खजुरी द्वारा लगाए गए स्टाल का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार भी प्रदान किया प्रदर्शनी स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, समूह चर्चा का आयोजन किया गया। योगेंद्र जादूगर एन्ड पार्टी प्रयागराज ने जादू का प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन किया कार्यक्रम में प्रो कमलेश कुमार, डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, फग्गू सिंह, शमशेर सिंह, डॉ.इजलास यादव, रेखा पटेल, गोविन्द श्रीवास्तव, संतोष चौरसिया सारिका सिंह सुभम साहू युवा प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, राम मूर्ति वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, वाराणसी डॉ लालजी ने किया।



## प्रेमचंद होम्बल को अकादमी सम्मान

**वाराणसी।** भरतनाट्यम नृत्य के सशक्त हस्ताक्षर एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नृत्य विभाग मंच कला संकाय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रेमचंद होम्बल को संगीत नाटक अकादमी सम्मान से विभूषित किया गया है। गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह सम्मान दिया। श्री होम्बल को नृत्य के क्षेत्र में समग्र योगदान के लिए वर्ष 2021 का यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के मंच कला संकाय में वॉयलिन की छात्रा रह चुकीं विख्यात वॉयलिन वादिका डॉ. संगीता शंकर को भी संगीत के क्षेत्र में वर्ष 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से नवाजा।



## पेंशनर्स 27 तक दें आयकर ब्योरा

**वाराणसी।** कलेक्ट्रेट स्थित जनपद कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे आयकर की सामी में आने वाले ऐसे पेंशनर जिन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष का आयकर संबंधी ब्योरा पेश नहीं किया है, उन्हें हर हाल में आगामी 27 फरवरी तक अपना इनकम टैक्स संबंधी विवरण प्रस्तुत करना होगा। मुख्य कोषाधिकारी एसके गौतम ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक आयकर विवरण प्राप्त होने पर पेंशनरों को फरवरी माह का पेंशन जारी करने के पहले इनकम टैक्स की कटौती का निर्धारण होगा। उन्होंने बताया है कि जो पेंशनर आयकर के दायरे में नहीं हैं, उन्हें इनकम टैक्स संबंधी ब्योरा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

## चिकित्सा के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर संपन्न

**वाराणसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत सनबीम महिला महाविद्यालय वरुणा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन समापन समारोह पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा. रितु सिंह ने बताया कि विशेष शिविर के अंतिम दिन मुख्य अतिथि त्रिमूर्ति अस्पताल के डा. राममूर्ति सिंह ने सभी एनएसएस स्वयंसेवकों के स्वास्थ की जांच की और सलाह दी। डा. रितु सिंह ने बताया कि एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इनमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डा. राजीव सिंह व एडमिनिस्ट्रेटर डा. शालिनी सिंह मौजूद थीं।



### खाद्य प्रसंस्करण पर राष्ट्रीय कार्यशाला कल

**वाराणसी।** सरकारी की ओर से घोषित इंडस्ट्री फ्रेंडली पॉलिसी और पूर्वांचल में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की अपार संभावनाओं को देखते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन वाराणसी (आईआईए) ने आगामी 25 फरवरी छावनी क्षेत्र स्थित एक होटल में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह वर्कशॉप में 'क्रिएटिंग वाइब्रेंट फूड प्रोसेसिंग सेक्टर' विषय पर होगी। यह कार्यक्रम इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं दि एसोसिएटेड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स संयुक्त रूप से करेगा। इस बारे में गुरुवार को आईआईए ने तैयारी बैठक की। उसमें संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजेश भाटिया, दीपक बजाज, प्रशांत अग्रवाल आदि रहे।

# महामारी से लड़ने के लिए होना पड़ेगा अत्याधुनिक

**एफईटीपी आईकोन 2023**

### यूपी में जल्द ही लांच होगा यूनीफाइड डिजीज सर्विलांस प्लेटफार्म


### कोविड-19 वैक्सीनेशन ड्राइव को सफल बनाने में को-विन रियल टाइम प्लेटफॉर्म ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

### क्षेत्रीय महामारी विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय सम्मेलन का दूसरा दिन

**वाराणसी।** जनपद में क्षेत्रीय महामारी विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम (एफईटीपी) राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 (साउथ ईस्ट एशिया रीजन) का गुरुवार को दूसरा दिन संपन्न हुआ। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न महामारी के आउटब्रेक सर्विलान्स के लिए डिजिटलीकरण और आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इस दौरान आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत विभिन्न नए प्रयासों के बारे में चर्चा हुई। साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में हुए महामारी के आउटब्रेक को सफलतापूर्वक नियंत्रित, प्रबंधन और निगरानी के अध्ययन के बारे में विस्तारपूर्वक मंथन किया गया। दूसरे दिन के पहले पैनल डिस्कशन में डबल्यूएचओ इंडिया के डॉ ट्रेन मिन्ह और आईसीएमआर- एनआईई के डॉ मनोज मुरेकर ने यूएस सीडीसी वर्कफोर्स एंड इंस्टीट्यूट डेव्लपमेंट ब्रांच के चीफ डॉ किप बैगेट के साथ पब्लिक हेल्थ एवं इमेर्जेंसी वर्कफोर्स रोडमैप, ग्लोबल फील्ड एपिडेमोलोजी रोडमैप तथा नेशनल पब्लिक हेल्थ इंस्टीट्यूट की कार्यप्रणाली पद्धति और क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत चर्चा की। डॉ किप ने बताया कि डबल्यूएचओ के माध्यम से पिछले साल पब्लिक हेल्थ एवं इमेर्जेंसी वर्कफोर्स रोडमैप शुरू किया गया था जो क्षेत्रीय स्तर पर किसी भी महामारी को नियंत्रित और प्रबंधन करने में अहम भूमिका निभा रहा है। दूसरे पैनल डिस्कशन में डबल्यूएचओ इंडिया के डॉ पवन मूर्ति ने इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) के प्रभारी व संयुक्त निदेशक डॉ हिमांशु चौहान, यूपी स्टेट सर्विलांस ऑफिसर डॉ विकासेंदु अग्रवाल और आईसीएमआर-एनआईई चेन्नई के वैज्ञानिक डॉ गणेश कुमार के साथ देश में टेक्नोलोजी एंड इनोवेशन ड्राइविंग के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ विकासेंदु ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन को ध्यान रखते हुये जल्द ही यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस प्लेटफार्म और यूपी के स्वास्थ्य केंद्र एप्लीकेशन को लांच किया जाएगा । डॉ गणेश कुमार ने बताया कि टेकनोलोजी एंड इनोवेशन को ध्यान में रखते हुये कोविड-19 पेंडेमिक में टेली मेडिसिन सर्विस बहुत ही कारगर साबित हुई है। डॉ हिमांशु चौहान ने जनवरी 2021 में शुरू हुये कोविड-19 वैक्सीनेशन ड्राइव के लिए तैयार किया गया कोविन रियल टाइम इन्फॉर्मेशन, एक्सेस व डाटा एंट्री पोर्टल पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान कंट्री हेड सीडीसी इंडिया डॉ मेघना देसाई, एनसीडीसी के प्रधान सलाहकार डॉ सुजीत कुमार सिंह, एनसीवीबीडी की निदेशक डॉ तनु जैन, अपर निदेशक डॉ आरती बहल, एपिडमोलोजी विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ तंजिन डिकिड, सहायक निदेशक डॉ रमेश चंद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भारत सरकार डॉ एके यादव सहित एनसीडीसी इंडिया के समस्त अधिकारी, यूएस सीडीसी के प्रतिनिधि, डबल्यूएचओ इंडिया के विभिन्न प्रतिनिधि, सीएमओ डॉ संदीप चौधरी, एसीएमओ डॉ एसएस कनौजिया, डीएमओ एससी पांडेय, डॉ अमित कुमार सिंह एवं विभिन्न प्रांतों से आए चिकित्सक, एपिडेमोलोजिस्ट, वैज्ञानिक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



एफईटीपी राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 (साउथ ईस्ट एशिया रीजन) में शामिल लोग






















# भाषा किसी भी संवाद के लिए आत्मा का स्वरूप है : के. सत्यनारायणा

## काशी विद्यापीठ में भारतीय भाषाओं में संवाद : आत्मचित्रम व केदारनाथ सिंह का काव्यलोक विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी।** भाषा किसी भी संवाद के लिए आत्मा का स्वरूप है। भाषा साहित्य के लिए सौंदर्य की चीज है, जैसे मनुष्य के लिए सुंदर परिधान। अनुवाद की प्रक्रिया केवल ट्रांसलेशन से नहीं गुजरती, बल्कि वह अपनी सम्पूर्ण यात्रा ट्रांस्क्रियेशन के माध्यम से पूरा करती है। केदारनाथ सिंह, जिन्हें हिंदी ज्ञान अंतरिक्ष पर एक महाकवि के रूप में याद किया जाता है, उक्त बातें हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं साहित्य कला न्यास, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारतीय भाषाओं में संवाद : आत्मचित्रम एवं केदारनाथ सिंह का काव्यलोक विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में गुरुवार को मुख्य अतिथि के. सत्यनारायणा (पुलिस महानिरीक्षक, वाराणसी परिक्षेत्र) ने कही।

उनकी कविताओं का तेलुगु अनुवाद सुप्रसिद्ध हिंदी-तेलुगु साहित्यकार के. सत्यनारायणा ने किया है। के. सत्यनारायणा ने आगे कहा कि वो केदारनाथ सिंह को नहीं जानते, लेकिन उन्होंने जब उन्हें पढ़ा तब उन्हें यह महसूस हुआ कि प्रकृति एवं समाज का जो चित्रण केदारनाथ सिंह ने किया है, वह विरले ही मिलता है। उन्होंने अनुवाद प्रक्रिया के बारे में भी तफसील से चर्चा की और बताया कि अनुवाद करते वक्त किस तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए। आपने 'आत्मचित्रम' नाम से केदारनाथ सिंह के 100 कविताओं का अनुवाद किया है और इस दौरान आपने बताया कि अनुवाद के दौरान उन्हें किस-किस दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने उद्घाटन वक्तव्य देते हुए कहा अनुवाद कर्म एक दुष्कर कार्य है। अनुवाद से रचना व रचनाकार वृहत्तर दुनिया का हिस्सा बनते हैं। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर की बांग्ला कृति गीतांजलि के अंग्रेजी में अनुवाद का ज़िक्र किया और बताया कि अनुवाद ने विश्व के सबसे बड़े पुरस्कार तक रचना को पहुंचाया। उन्होंने हिन्दी विभाग के शोधार्थियों का आह्वान किया कि वे अनुवाद की रचनात्मकता को पहचानते हुए अनुवाद प्रशिक्षण प्राप्त करें। विषय प्रवर्तन करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. निरंजन सहाय ने कहा कि हिंदी एवं दक्खिनी हिंदी के विकास में दक्षिण भारतीयों एवं साहित्यकारों का योगदान अपूर्व है। उन्होंने आगे कहा कि बहुभाषिक देश भारत की धड़कनें यहाँ की विभिन्न भाषाएँ रही हैं, जिनका हिन्दी से गहरा और आत्मीय संबंध रहा है। तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, तमिल भाषाओं के अनेक विद्वानों ने बरतानी हुकूमत के दौरान हिन्दी पढ़ने-पढ़ाने के लिए जेल जाना तक स्वीकार किया। इन भाषाओं से हिन्दी और हिन्दी से इन भाषाओं में विभिन्न अनुवाद हुए. हिन्दी-तेलुगु कवि के. सत्यनारायणा के रचनात्मक अवदान से दोनों भाषाएं परिचित हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. सुरेंद्र प्रताप ने कहा कि जिस तरीके से टैगोर की कविता वैश्विक फलक को प्राप्त की, वह अंग्रेजी अनुवाद के कारण ही सम्भव हो सका। उसी तरीके से आज केदारनाथ सिंह की भी कविता अखिल भारतीय स्तर पर अपनी स्थान बनाने में सफल हुई है, इसका श्रेय के. सत्यनारायणा को हासिल है। इसके बाद के० सत्यनारायणा और विभागाध्यक्ष प्रो० निरंजन सहाय ने हिन्दी कवि केदारनाथ सिंह की विभिन्न कविताओं का तेलुगु-हिन्दी पाठ किया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा सभागार इस काव्यपाठ से गूंज उठा। विशिष्ट वक्ता के रूप में पधारे प्रो. वी. वेंकटेश्वरलु (विभागाध्यक्ष, तेलुगु विभाग, बीएचयू) ने अनुवाद की रचना प्रक्रिया पर बात करते हुए विविध हिन्दी एवं दक्षिण भारतीय भाषाओं विशेषकर तेलुगु में हुए अनुवादों पर सभी का ध्यान केंद्रित कराया. साथ ही श्री रविनंदन सिंह (संपादक, सरस्वती पत्रिका) ने कबीर के आलोक में काव्य महत्व पर प्रकाश डालते हुए कविता करने के लिए उदात्तता को आवश्यक बताया। संचालन डॉ. प्रीति एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. अनुराग कुमार, प्रो. राजाश्रय सिंह, प्रो. अनुकूल चंद राय, डॉ. विजय कुमार रंजन, डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. अमिता सिंह तथा अन्य विभागों के आचार्य तथा शोधार्थी उपस्थित रहे।


काशी विद्यापीठ में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में उपस्थित लोग

# आयुष्मान भारत योजना में एसएसपीजी चिकित्सालय का अहम योगदान

जनसंदेश न्यूज

**उपलब्धि**

**सर्जन डॉ रवि कुमार सिंह योजना के तहत कर चुके सबसे अधिक इलाज**

**वाराणसी।** चौबेपुर निवासी बेचन कुमार (33) करीब दो माह पहले घर में हुये हादसे में बुरी तरह जल गए थे। जब वह एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय में इलाज कराने आए तो उनके परिजनों ने बचने की आस खो दी थी। लेकिन चिकित्सकों की टीम ने उनका सफलतापूर्वक इलाज किया। आयुष्मान कार्ड होने पर करीब सवा लाख रुपये का इलाज मुफ्त में हुआ। वह 80 प्रतिशत ठीक हो चुके हैं। परिजन ने सबका आभार व्यक्त किया। इसी तरह चिरईगांव बरियासनपुर निवासी अभय सिंह (17) बहुत दिनों से यूरिन में दर्द व जलन से परेशान थे। आयुष्मान कार्ड होने पर वह निजी चिकित्सालय में दिखाया तो जांच में पता चला कि उनके अंडकोष में सूजन बढ़ती जा रही थी लेकिन किसी तकनीकी समस्या के कारण वहाँ इलाज नहीं हो सका। जब उन्होंने एसएसपीजी में दिखाया तो आयुष्मान कार्ड के जरिये एक माह पहले मुफ्त में इलाज (टेस्टिस) हुआ। अब वह पूरी तरह से ठीक हैं और बहुत खुश हैं कि आयुष्मान कार्ड होने पर करीब 21 हजार रुपये का इलाज मुफ्त में हुआ। इसी तरह श्री शिव प्रसाद गुप्त (एसएसपीजी) मंडलीय चिकित्सालय में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत वर्ष 2018 से अबतक 564 लाभार्थियों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल चुकी है। योजना के तहत एसएसपीजी में सबसे ज्यादा इलाज सर्जन डॉ रवि कुमार सिंह ने किए हैं। वह अब तक 100 से अधिक लाभार्थियों का इलाज कर चुके हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। आयुष्मान भारत योजना से जुड़ी जानकारी के लिए कमरा नंबर पाँच एसएसपीजी मंडलीय चिकित्सालय के कमरा नंबर पाँच में आयुष्मान भारत योजना का समस्त कार्य संपादित होता है। यहाँ कार्यरत आयुष्मान मित्र अभिषेक सिंह, जन्मेजय मिश्रा और मनोज कश्यप लोगों की मदद कर रहे हैं। जन्मेजय बताते हैं कि वर्ष 2018 से अब तक एसएसपीजी चिकित्सालय में 33 हजार से अधिक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं और 564 आयुष्मान कार्ड लाभार्थियों का इलाज हो चुका है।

# संपूर्णानंद में पांडुलिपि संरक्षण के लिए पहली किश्त मिली

**खुशी**

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ओर से विश्वविद्यालय को प्रति वर्ष 12 लाख रुपये की धनराशि होगी प्राप्त**

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के बीच गत दिनों पांडुलिपि संरक्षण के लिए एक एमओयू साइन किया गया है, इस करार के तहत आईजीएनसीए के सहयोग से यहां मौजूद दुर्लभ पांडुलिपियों का संरक्षण किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार को 2022-23 के लिए चार लाख रुपये पहला तिमाही किश्त प्राप्त हुआ।

कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि सरस्वती भवन पुस्तकालय में मौजूद दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए गत दिनों करार के अनुसार विश्वविद्यालय ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के साथ दो वर्षों तक के लिये है जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। जिसके तहत अब आईजीएनसीए के सहयोग से पांडुलिपियों का संरक्षण किया जाएगा। खास बात यह है कि इस करार के तहत दो वर्षों के लिए विश्वविद्यालय को प्रति वर्ष 12 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त होगी इसकी तिमाही किश्त गुरुवार को प्राप्त हुई है। जिससे उचित मशीनों व सामग्रियों का खरीदारी कर पाण्डुलिपियों को संरक्षित किया जा सकेगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी एवं समन्वयक डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव मौजूद रहे।

**सरस्वती भवन पुस्तकालय में 95 हजार से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियां**

सरस्वती पुस्तकालय में लगभग 95,000 से अधिक दुर्लभ पांडुलिपियां उपलब्ध हैं, जो जर्जर स्थिति में हैं। इन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय के द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली से पांडुलिपि संरक्षण केंद्र पर दो वर्षों तक के लिए समझौता हुआ है। जिसमें विश्वविद्यालय को 12 लाख रुपये साल के हिसाब से 24 लाख रुपये की आर्थिक धनराशि मुहैया कराई जाएगी।



**एक प्रमुख के साथ दो अन्य संरक्षक होंगे नियुक्त**

कुलपति ने बताया कि दो वर्षों तक चलने वाले पांडुलिपि संरक्षण केंद्र में एक प्रमुख संरक्षक और दो अन्य संरक्षक नियुक्त होंगे। जिन्हें निर्धारित पारिश्रमिक के हिसाब से वेतन भी दिया जाएगा। इसके साथ ही समझौते में संरक्षण के लिए सामग्री एवं उपकरण करने के लिए धन आवंटित होंगे, जिसकी आख्या प्रत्येक माह राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के निदेशक को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## बसंत कॉलेज में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस , फ्यूचर ऑफ विमेन 2023 का आगाज

**वाराणसी।** राजघाट स्थित वसंत महिला महाविद्यालय और इंटरनेशनल स्कूल ऑफ नॉलेज मैनेजमेंट श्रीलंका के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस रफ्यूचर ऑफ विमेन 2023र का आगाज किया गया। राजघाट कॉलेज लगातार छठी बार इस कान्फ्रेंस की मेजबानी कर रहा है। अंग्रेजी विभाग बीएचयू व महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र, बीएचयू की सहसमन्वयक प्रो. अनीता सिंह ने कांफ्रेंस में अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अलका सिंह ने अपने स्वागन उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण में कॉलेज के निरंतर प्रयास और योगदान की ओर प्रकाश डाला। इस कान्फ्रेंस में विभिन्न विषयों पर 15 सत्र होंगे जिसमें विश्व के चालीस देशों से अस्सी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। महाविद्यालय राजघाट की ओर से प्रो. अलका सिंह, प्रो. मंजरी झुनझुनवाला, डॉ. मंजरी शुक्ला, डॉ. रचना पांडेय, महुआ भट्टाचार्य, मान्या वर्मा, तृषा खाटुआ, रितिका नयन, सुदीख्या चटर्जी, प्राची जायसवाल, भूमिका शर्मा समेत 11 शिक्षक व छात्र प्रतिनिधियों ने भाग लिया है, जो विभिन्न विषयों पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे।

# बीएचयू में करना होगा ट्रैफिक रूल्स का पालन

जनसंदेश न्यूज

**रखें ध्यान**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में वाहन चलाते वक्त रहें सजग**

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में हर हाल में यातायात नियमों का पालन करना होगा। प्रांगण के विभिन्न मार्गों पर जनपद के यातायात पुलिस समेत विश्वविद्यालय के मुख्य आरक्षाधिकारी कार्यालय की पैनी नजर रहेगी। बीएचयू के प्रवक्ता राजेश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रांगण में पठन-पाठन का सुचारू वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से यह व्यवस्था है। जिसके तहत निर्देश का उल्लंघन करने वालों को पहली बार समझाएंगे। दूसरी बार उल्लंघन पाए जाने पर उचित निर्णय लिया जाएगा। इस बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास है। वहीं, बीएचयू के मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो. अभिमन्यु सिंह ने बताया कि परिसर में वाहनों को चलाते समय हॉर्न का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा वाहनों की गति सीमा को 20 किमी प्रति घंटा से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही बाइक पर तीन सवारी चलने की परमिशन नहीं देंगे।

विश्वविद्यालय परिसर के लिए लागू किये गये इन निर्देशों के बारे में ट्रैफिक पुलिस विभाग को सूचना दी जा चुकी है।

# शिक्षकों के व्यक्तित्त्व विकास में सहायक है नाट्य विद्या



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के शिक्षाशास्त्र विभाग में गुरुवार को शिक्षक प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित नाट्य विद्या की प्रासंगिकता विषयक विशिष्ट व्याख्यान के अंतर्गत विशिष्ट वक्ता प्रो. अरुण जैन, आईआईटी बीएचयू एवं डॉ. शुभ्रा वर्मा, प्रभारी नाट्य कला विभाग काशी विद्यापीठ का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि नाट्य विद्या की जानकारी प्रत्येक शिक्षक के लिए अत्यंत आवश्यक है। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ. वीणा वादिनी ने कहा कि शिक्षण कला का उद्देश्य कलाकार का निर्माण नहीं बल्कि कलाबोध और कलात्मक व्यवहार को विकसित करना है। विशिष्ट वक्ता प्रो. अरुण कुमार जैन ने कहा कि साहित्य मनुष्य को आनंद देता है, परंतु उसकी अभिव्यक्ति का क्षेत्र सीमित होता है उस अभाव की पूर्ति ललित कलाएं, नृत्य संगीत एवं दूसरी कलाएं करती हैं शिक्षा में नाटक और कला के प्रयोग से भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में तेजी आती है। मुख्य वक्ता डॉ. शुभ्रा वर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कला की चर्चा के कारण मनुष्य की अवधारणा एवं रसानुभूति दोनों उत्कर्ष को प्राप्त करते है। संचालन डॉ. दिनेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राखी देब ने कहा। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र राम, प्रो. रमा कांत सिंह, डॉ. ज्योत्सना राय, डॉ. रमेश प्रजापति समस्त शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## संत निरंकारी मिशन का घाटों पर स्वच्छता अभियान 26 को

**वाराणसी।** संत निरंकारी मिशन की ओर से आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में 26 फरवरी, रविवार को 'अमृत परियोजना' के अर्न्तगत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' 'का शुभारम्भ किया जायेगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव के लिए अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हे कियान्वित रूप देना है। इसके तहत गंगा घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। इस परियोजना का मुख्य बिन्दू जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। संत निरंकारी मण्डल वाराणसी जोन के जोनल इंचार्ज सिद्धार्थ शंकर सिंह ने इस परियोजना सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी। बताया कि यह परियोजना सम्पूर्ण भारत वर्ष में लगभग 1000 स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विशाल रूप से आयोजित की जायेगी।

# इमाम हुसैन की जयंती को लेकर कई जगहों पर महफिल

**आयोजन**

**जयंती की पूर्व संध्या पर दरगाह फातमान में रौजे पर की गई सजावट**

**वाराणसी।** इमाम हुसैन की जयंती की पूर्व संध्या पर शहर भर में नाम हुसैन की गूंज सुनाई दी जगह जगह महफिले हुई सदर इमामबारगाह और दरगाह फातमान में रौजे पर सजावट की गई। लोगों ने इमाम हुसैन के रोजे की जियारत की और महफिलों में शिरकत की। दरगाह फातमान में दिन में अलम उठाया गया। रौजे पर आयोजित महफिल में तकरीर करते हुए शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी सैयद फरमान हैदर करबलाई ने कहा कि दुनिया में हर जगह हुसैन के चाहने वाले हैं। इमाम हुसैन को हिंदुस्तान से बहुत प्यार था। यही कारण है कि हिंदुस्तान में इमाम हुसैन का नाम अकीदत से लिया जाता है। इमाम हुसैन ने अपनी कुर्बानी के जरिए सारी दुनिया को यह पैगाम दिया की इंसानियत को बुलंद करना है तो खुद की कुर्बानी पेश करना होगा। इस अवसर पर हाजी आलिम हुसैन, शब्बीर हुसैन, शाहिन हुसैन, मो. शोएब इमरान हैदरी, वकार मौलाई, अंबर बनारसी आदि ने कलाम भी पेश किए। दरगाह के मुतवल्ली शफक रिजवी ने जायरीन का इस्तकबाल किया। वैसे ही सदर इमामबारगाह में इमाम हुसैन का रौजा सजाया गया। यहां पर भी नौचंदी जुमेरात के कारण बड़ी तादाद में लोग जियारत करने के लिए पहुंचे। मुतवल्ली सज्जाद गुज्जर ने लोगों का इस्तकबाल किया। कदीमी महफिल इमानिया अरबी कॉलेज के छात्रों की ओर से मुकीम गंज में आयोजित की गई। जहां स्थानीय और बाहर से आए हुए शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किए। शहर के विभिन्न मुस्लिम इलाकों में शिया बाहुल्य इलाकों में महफिलों का आयोजन किया गया। इसी तरह अर्दलीबाजार, भेलूपुर, मदनपुरा, दोषीपुरा, राजाबाजार, कच्चीबाग, लल्लापुरा, दालमंडी, नई सड़क चौहट्टा लाल खां आदि क्षेत्रों में महफिल सजाकर इमाम हुसैन की जयंती मनाई गई।


तकरीर करते हुए


मजलिस के दौरान भावुक होकर रोती महिलाएं

# रथयात्रा से महमूरगंज तक चला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



**वाराणसी।** निगम प्रवर्तन दल की ओर से गुरुवार को रथयात्रा चौराहे से महमूरगंज तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दुकानदारों द्वारा किए गए तमाम स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटवाकर पूरे इलाके की सड़क और पटरी खाली करवाई गई। अभियान के दौरान अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों कुछ अतिक्रमित सामान जब्त कर जुमार्ना किया गया। अभियान में कुल 37,200 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसी क्रम में लक्सा क्षेत्र में एक गली के मार्ग में अवैध रूप काउंटर रख मार्ग अवरुद्ध करने पर काउंटर हटवाकर मार्ग अवरुद्ध करने वालों पर जुमार्ना किया गया, दशाश्वमेध घाट और शीतला घाट पर भिक्षा मांगने वालों से हटने के लिये हुए घोषणा की गई, पहड़िया स्थित भक्ति नगर कॉलोनी से प्राप्त शिकायत पर प्लॉट के सामने सड़क पर रैंप बना कर जलनिकासी अवरुद्ध करने के संबंध में अतिक्रमण कर्ता (भवन स्वामी ) को एक दिन का समय देने के साथ रैंप को खुलवाकर जल निकासी चालू करवाया, जोनल अधिकारी दशाश्वमेध जोन संजय कुमार तिवारी के निर्देशन में रामकटोरा और दालमंडी इलाके में गृहकर बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 4,00,000 रुपये गृहकर वसूल किया गया।

## संक्षेप

### वीडीए ने अवैध रूप से विकसित की गई 13 बीघा प्लाटिंग कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को नगवां और सारनाथ वार्ड में कुल लगभग 13 बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गई। जिसमें नगवां वार्ड अंतर्गत सुक्खु प्रजापति और दिलीप कुमार कालोनाइजर द्वारा मौजा-औढ़े में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग नौ बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की। इस दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभान और अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। वहीं सारनाथ वार्ड अंतर्गत अमीर चंद पटेल कालोनाइजर द्वारा मौजा-बुद्ध नगर, परशुरामपुर में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग चार बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग निर्माण के विरुद्ध प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की। इस दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभान दीक्षित और अवर अभियंता आरके सिंह मौजूद रहे।



### आदिवासी प्रतिभागियों ने देखा सुपर कंप्यूटर

**वाराणसी।** बीएचयू में चल रहे 14वें राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में गुरुवार को शैक्षणिक सत्र के तहत विशेषज्ञों ने समसामयिक विषयों की जानकारी दी। नेहरु युवा केंद्र संगठन यानि एनवाईकेएस की जिला इकाई के इस कार्यक्रम में दुनिया के 160 देशों में हार्ट फुलनेस इंस्टीट्यूट द्वारा 'हर दिल ध्यान-हर दिन ध्यान' की तर्ज पर ध्यान कराते हुए योग के लाभ बताए गए। साथ ही करियर प्लानिंग और रोजगार के बीच का अंतर समझाया। प्रतिभागियों ने बीएचयू के आईआईटी फैकल्टी में स्थापित सुपर कंप्यूटर देखा। इस मौके पर एनवाईकेएस के उपनिदेशक अनिल सिंह, जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता, मनोज शर्मा, ऐश्वर्या मिश्र, डॉ. आरपी सिंह, नित्यानंद तिवारी, हेमंत कुमार, शिवराज कुमार, रोशनी, डॉ. हरीप्रभात गुप्ता, डॉ. राहुल बंसल, डॉ. मीना दत्त, रवींद्र सहाय आदि ने जानकारी दी। सायंकालीन सत्र में प्रतिभागियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।



### वाह्य प्रशिक्षण संपन्न

**वाराणसी।** बीएचयू के पर्वतारोहण केंद्र की ओर से संचालित प्राइमरी माउंटेनियरिंग कोर्स के तहत दो दिनी वाह्य प्रशिक्षण अभियान मीरजापुर की पहाड़ियों में गुरुवार को संपन्न हुआ। केंद्र प्रभारी प्रो. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तीन माह का प्राथमिक पर्वतारोहण कोर्स का यह अंतिम चरण था। अभियान में प्रशिक्षक बलराम यादव एवं शिवनारायण यादव, लीडर जयंत जैन, डिप्टी लीडर वर्षा कुमारी आदि की प्रमुख भागीदारी थी।



### चिकित्साधिकारियों ने प्रशिक्षण में लिया भाग

**वाराणसी।** बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान स्थित गैस्ट्रोइन्टरोलाजी विभाग में चल रहा तीन दिनी नेशनल वाइरल हेपटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम विशयक ट्रेनिंग वर्कशॉप का गुरुवार को समापन हुआ। आयोजन में पूर्वांचल के 35 जनपदों के वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों ने हिस्सा लेकर हेपटाइटिस-बी एवं सी बीमारी से बचाव, देखभाल और उपचार के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में डॉ. विकासेंदु अग्रवाल, प्रो. वीके दीक्षित, डॉ. ब्रजेश कुमार, डॉ. एसके शुक्ल, डॉ. शम्पा अनुपूर्वा, डॉ. देवेश प्रकाश यादव आदि ने प्रशिक्षित किया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र बांटे गये।

### 'विश्व पंचांग 2080' तैयार

**वाराणसी।** बीएचयू की ओर प्रकाशित 'विश्व पंचांग विक्रम संवत 2080' बनकर तैयार है। विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के पंचांग अनुभाग ने इसे बनाया है। इस पंचाग के प्रति आमलोगों की रुचि को देखते हुए विवि परिसर में लक्ष्मणदास अतिथिगृह के सामने स्थित प्रकाशन पटल पर जनता के लिए उपलब्ध कराया गया है।

### हिंदी निबंध लेखन में पवन श्रीवास्तव प्रथम

**वाराणसी।** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से आयोजित अंतर बैंक हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में बैंक ऑफ बड़ौदा वाराणसी के पवन कुमार श्रीवास्तव को उत्कृष्ट निबंध लेखन प्रतियोगिता 2022-23 में अखिल भारतीय स्तर पर सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्री श्रीवास्तव लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसमें सभी सरकारी, निजी, सहकारी बैंकों के के कर्मचारी व अधिकारी ने हिस्सा लिया था। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख नीलमणि, उपक्षेत्रीय प्रमुख हरिशंकर, मुख्य शाखा प्रबंधक डीके झा ने उन्हें बधाई दी है।

### भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों की जांच के लिए पहुंची स्वास्थ्य टीम

**वाराणसी।** मैदागिन स्थित हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को जनपद की स्वास्थ्य टीम पहुंची। जहां उन्होंने बुधवार से भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की। छात्रनेता शिवम पटेल ने बताया कि बीते माह से छात्रसंघ चुनाव की तिथि जारी करने के लिए महाविद्यालय के खिलाफ धरना व प्रदर्शन कर रहे थे। इसी संबंध में बुधवार से छात्रनेताओं के साथ विरोध में भूख हड़ताल पर बैठे हैं। जब तक महाविद्यालय की ओर से चुनाव की तिथि जारी नहीं की जाती विरोध जारी रहेगा। इस दौरान विवेक कुमार, अंकित पांडेय, सर्वेश तिवारी, श्रीप्रकाश यादव, पंकज पटेल, अभय यादव, अमन विश्वकर्मा, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### यूपी कॉलेज के कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी

**तरना।** उदय प्रताप कालेज में कर्मचारी संघ अपनी मांगों के समर्थन में लगातार 11वें दिन गुरुवार को भी प्रशासनिक भवन के समक्ष एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन एवं नारेबाजी किया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जब तक कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं हो जाती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन और उग्र होता जायेगा। प्रदर्शन एवं नारेबाजी में अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, सभाशंकर सिंह, हिमांशु शेखर सिंह, जयानन्द तिवारी, अखिलेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार, प्रगति सिंह, राकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह समेत अन्य कर्मचारी शामिल थे।

### उदय प्रताप इंटर कॉलेज में प्रवेश फार्म का वितरण आज से

**तरना।** उदय प्रताप इण्टर कॉलेज में नये सत्र 2023-2024 में प्रवेश के लिए कक्षा-छह, नौ और 11 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा फार्म 24 फरवरी से वितरित होगा। प्रधानाचार्य डॉ. रमेश प्रताप सिंह के अनुसार फार्म सुबह 10 से चार बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। आनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी विद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### स्वच्छता के जनक रहे राष्ट्र संत बाबा गाडगे

**चौबेपुर।** राष्ट्र संत रहें बाबा गाडगे उनसे समाज को सीख लेनी चाहिए। उक्त बातें गुरुवार को बाबा संत गाडगे जयंती पर गाडगे धर्म शाला चौबेपुर मुख्य अतिथि बतौर पूर्व परियोजना अधिकारी प्रेमलता कन्नौजिया ने कहीं। उन्होंने कहा कि संत गाडगे दलित, शोषित समाज के मसीहा रहे ।वे सर्व धर्म समभाव के हितैषी रहे। सामाजिक कुरूतियों के खिलाफ जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे ।जिससे समाज उनका जीवन पर्यन्त आभारी हैं। इस मौके पर साहब लालजी वशिष्ठ अतिथि बलजीत एडवोकेट,अध्यक्षता सेचूलाल कन्नौजिया, मंच संचालन दयाराम मास्टर ने किया। इस अवसर पर नंदलाल, राजकुमार कन्नौजिया रमेश चौधरी प्रभुनाथ संतलाल जगरनाथ दयाराम,संत लाल, फूलचंद, उमाशंकर, जूठन मास्टर विनोद शैलेन्द्र छांगुर सोहन मुन्ना लाल कन्नौजिया,आदि कई प्रमुख लोग शामिल रहे। धन्यवाद ज्ञापन सोनू कन्नौजिया ने दिया।

### यूएन का प्रतिनिधिमंडल आज आएगा

**वाराणसी।** यूनाइटेड नेशंस से स्थायी सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल एकदिनी दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी के आएगा। वह सारनाथ का भ्रमण करने के बाद काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का अवलोकन कर दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। उसके बाद हैदराबाद रवाना हो जाएंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार की दोपहर नई दिल्ली से बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचने के बाद नदेसर क्षेत्र स्थित एक तारांकित होटल में विश्राम करेगा। लंच के बाद होटल परिसर में ही प्रदेश सरकार की ओर से उन्हें वाराणसी की विकास यात्रा की जानकारी दी जाएगी। शाम को प्रतिनिधि मंडल सारनाथ भ्रमण कर काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर पहुंचेगा। इसी क्रम में वह गंगा आरती देखने के बाद बाबतपुर एयरपोर्ट से हैदराबाद चले जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में कजाकिस्तान, बारबडोस, जांबिया, मंगोलिया, टोंगा, साउथ सूडान एवं सेंट लूइस आदि देशों के प्रतिनिधि रहेंगे।

### दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल व पुष्प प्रदर्शनी कल से

**वाराणसी।** जिला मुख्यालय स्थित उद्यान विभाग के कंपनी बाग में दो दिनी मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी 25 फरवरी से आरंभ होगी। यह जानकारी गुरुवार को उप निदेशक उद्यान एवं आयोजन सचिव जयकरण सिंह ने पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर व जौनपुर जनपदों के 500 से अधिक किसान आदि हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रदर्श पेश किये जाएंगे। वहीं, मुख्य केंद्रबिंदु जी-20 की होने वाली बैठकों पर आधारित रहेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन आगामी शनिवार को सूबे के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह करेंगे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

दुखद


## पंचायत भवन अवायां के समीप हुई दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के चौकियां मोड़ से नगरा राजमार्ग पर ग्राम सभा अवायां में पंचायत भवन के समीप गुरुवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक ही बाईक पर सवार दो युवको में से एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दूसरा बाईक सवार बाईक संग फरार हो गया। लोगों की मदद से घायल युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

मालीपुर निवासी अभिषेक पांडेय (21) पुत्र बालमुकुंद पांडेय एवं शुभम वर्मा (18) पुत्र वीरेन्द्र वर्मा अपने ग्लैमर बाइक पर सवार होकर दुकान के उद्घाटन के लिए शीशा लाने बिल्थरारोड आ रहे थे। अभी वह अवायां स्थित पंचायत भवन के समीप पहुंचे थे कि सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। इससे जहां शुभम वर्मा पुत्र वीरेन्द्र वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अभिषेक पांडेय पुत्र बालमुकुंद पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

इधर, मौका पाकर दूसरा बाइक सवार भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी होते ही उभांव थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र सदल-बल मौके पर पहुंचे और छानबीन में जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, सूचना मिलते ही मृतक के पिता वीरेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे और अपने पुत्र के शव को देख कर जोर-जोर से चिल्ला कर रोने लगे।

सूचना पर मालीपुर ग्राम के प्रधान प्रतिनिधि संतोष यादव समेत अन्य ग्रामीण भी पहुंच गये।



घायल युवक का इलाज करता स्वास्थ्य कर्मी

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**रसड़ा।** क्षेत्र के कासिमाबाद मार्ग पर अखनपुरा पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने घायल युवक को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के खिरौली गांव निवासी उमेश यादव (33) पुत्र गिरजा शंकर यादव बुधवार की देर शाम रसड़ा बाजार से साइकिल द्वारा घर जा रहा था। अभी तक अखनपुरा पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था कि अचानक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली पहुंचे परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर दे दी जान

**बेरुआरबारी।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम असेगा में बुधवार की रात एक अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। अधेड़ ने किन परिस्थितियों में फांसी लगायी? वह अभी ज्ञात नही हो सका। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। प्रदीप खरवार (47) के परिवार से बुधवार को बारात गई थी। बारात में प्रदीप भी गया था। वह देर रात बारात से वापस घर आ गया। बारात से लौटने के बाद रात में ही किसी समय प्रदीप ने अपने घर से पीछे कुछ दूरी पर एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसकी जानकारी गुरुवार की सुबह होते ही परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। वही, इस घटना से पूरे गांव में शोक व्याप्त है। घर में खुशी की जगह मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। साथ ही आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी।

### गेहूं के खेत में मिला युवक का शव

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के रट्टू चक (वैना) गांव में गेंहू के खेत में संदिग्ध हाल में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी। जानकारी के अनुसार रट्टू चक (वैना) गांव के पास से गुजर रहे एनएच-31 से दक्षिण गेंहू के खेत में बुधवार की देर शाम लोगों की नजर युवक के शव पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सीओ सदर अशोक कुमार मिश्र व एसओ फेफना रोहन राकेश सिंह मौके पर पहुंच गये। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान बनारसी यादव (30) निवासी रट्टू चक के रूप में की गयी। पुलिस का कहना है कि घरवालों ने बताया है कि मृतक नशे का आदी था। वह मंगलवार को कहीं गया था, जहां पर नशे की हालत में पड़े होने के बाद किसी व्यक्ति ने रात में घर पहुंचाया था। परिजनों के अनुसार बुधवार की सुबह करीब सात बजे ही वह घर से निकल गया था। इसी बीच शाम को उसका शव खेत में पड़ा मिला। क्षेत्राधिकारी सदर का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छत के हुक से लटका मिला विवाहिता का शव

**बलिया।** नरहीं थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोविन्दपुर में अपने कमरे में फांसी लगाकर एक विवाहिता ने अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, मृतका परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। चर्चा है कि पति से कहासुनी होने के बाद विवाहिता ने यह खतरनाक कदम उठाया था। बिहार के बक्सर जिले के डुमरांव की रेनू चौधरी की शादी गोविन्दपुर के धर्मेंद्र मल्लाह से हुई थी। सूत्रों के अनुसार बुधवार की दोपहर में पति धर्मेन्द्र मल्लाह की पत्नी से पैसे को लेकर कहासुनी हो गयी। इससे दोनों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। कहासुनी के बाद पति काम करने चला गया। पति जब शाम को घर आया तो पत्नी का शव छत के हुक से लटका हुआ देख उसके होश उड़ गये। पति ने उसके मायके वालों को फोन कर बुलाया। मायके से पहुंचे पिता ने पुलिस को सूचना दिया। रात में पहुंची पुलिस ने रेनू के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि रेनू के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीत कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## संक्षेप

### विधान सभा में उठाया रिंग बांध का मुद्दा



**रसड़ा।** उप्र विधानसभा में क्षेत्रीय विधायक एवं बसपा विधान मंडल दल के नेता उमाशंकर सिंह ने नियम 301 के अंतर्गत रसड़ा (बलिया) से होकर गुजरने वाले टोंस नदी के किनारे बने रिंग बांध का मुद्दा उठाया। कहा कि गाजीपुर जनपद से होते हुए बलिया तक बने हुए बंधे में दो जगहों पर 500-500 मीटर का गैप छूटने, ठोकरों की मरम्मत एवं नए ठोकर का निर्माण ना होने के कारण बाढ़ के दौरान नदी का पानी इसी रास्ते से फैल कर कई गांवों में फैल जाता है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि विधानसभा रसड़ा के अंतर्गत बहने वाली टोंस नदी में प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण किसानों को भारी तबाही का सामना करना पड़ता है। क्योंकि टोंस नदी गाजीपुर से जनपद बलिया तक मेन रिंग बांध में दो जगह पर 500-500 मीटर का गैप छोड़ दिये जाने के कारण इसी रास्ते से बाढ़ का पानी दर्जनों ग्राम सभा जैसे सराय भारती, अतरसुवां, मुस्तफाबाद, कोप, खजुआ, बेसवान, तिराहीपुर, प्रधानपुर, फिरोजपुर, कोडरा, मिर्जापुर, लखुआ, जेवनिया आदि में फैल जाता है। कृषि भूमि एवं गांव जलमग्न हो जाते है। यही नहीं, इन गांवों के किनारे पूर्व में ठोकर आदि का निर्माण कराया गया था, लेकिन 10-12 वर्षों से इन पर कोई भी अनुक्षरण कार्य न किए जाने के कारण सभी ठोकरें अपनी उपयोगिता खो चुके है।

### बजट में की गई बड़ी आबादी की उपेक्षा : जयराम



**बलिया।** नेशनल प्राइम अवार्ड-2019 से सम्मानित जनपद के सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार जयराम अनुरागी ने उप्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में एक बहुत बड़ी आबादी की उपेक्षा की गयी है। प्रदेश की लगभग 26 प्रतिशत आबादी रखने वाले अनुसूचित जाति/जन जातियों के लिए इस बजट में कोई खास ध्यान नहीं रखा गया है। इसी तरह एक और बड़ी आबादी भूमिहीनों की है। इनकी मृत्यु होने पर आम आदमी भूमिहीन बीमा योजना में कोई बढोत्तरी नहीं की गयी है, जबकि कृषक दुर्घटना बीमा योजना में सरकार ने 750 करोड़ की व्यवस्था की है। पिछले साल उप्र सरकार ने वयोवृद्ध पत्रकारों के लिए पहली बार पेंशन देने की घोषणा की थी, लेकिन इस बजट में कुछ नहीं कहा गया है। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति को 20 करोड़ देने की घोषणा की गई है।

### एसडीओ से मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल

**बलिया।** संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल परमात्मानंद राय के नेतृत्व में जगदीशपुर पानी टंकी स्थित कार्यालय पर एसडीओ से मिलने गया, लेकिन एसडीओ नहीं मिले। प्रतिनिधि मंडल ने उनके सहायक क्लर्क से मिलकर रामपुर महावल की समस्याओं से अवगत कराना चाहा, लेकिन उन्होंने आवेदन लेने से इंकार कर दिया। मोर्चा के संयोजक परमात्मानंद राय ने बताया कि नौ फरवरी को आवेदन दिया था। इसमें शिकायत किया गया था कि जनवरी तक के बिजली बिल की जमा रसीद है। फरवरी का बिल नहीं दिया जा रहा है। इसमें टाल मटोल किया जा रहा है। बिल बांटने वाले कर्मचारी एवं कार्यालय की मिलीभगत से गलत बिल दिया जाता है। फिर सुधार के लिए कार्यालय भेजते है, जहां अवैध तरीके से पैसा वसूला जाता है। इस तरह से विद्युत उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में मनोज कुमार, सरल प्रसाद, तेजनारायण, अशोक कुमार पांडेय, रामबदन राय शामिल रहे।

### 23 मार्च को निकलेगी जन जागरण यात्रा



**मझौवां।** समान शिक्षा संघर्ष मोर्चा के संयोजक राधेश्याम यादव ने बताया कि आगामी 23 मार्च, रविवार को भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव की शहादत दिवस पर पूर्वाह्न 11 बजे से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास तुगलक लेन से प्रधानमंत्री कार्यालय पर जन जागरण यात्रा निकाली जायेगी। शिक्षा एक समान हो। पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक अपने बच्चों की तरह वोट देने वालो के बच्चों को पढ़ने की व्यवस्था करें। अन्यथा सरकारी सुविधा छोड़े। श्री यादव ने अधिकाधिक लोगों से जन जागरण यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

## पेयजल आपूर्ति ठप, हजारों की आबादी प्रभावित

**बलिया।** जल निगम नरहीं से लगातार आठ दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से दर्जनों गांवों में हाहाकार मचा हुआ है। पानी टंकी नरहीं से निकट के गांव बैरिया, सोवन्था, कर्णपुरा, नरहीं, सुरापाली, इच्छा चौबे का पूरा, मिल्की, मठिया, रामपुर, हंसाईपुर, महरेंव, मर्ची, बसुदेवा सहित दर्जनों गांवों में पेयजल की आपूर्ति होती है।

हजारों उपभोक्ता पानी टंकी पर ही निर्भर है, लेकिन विगत आठ दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से पानी के लिए हाहाकार मच गया है।

बताया जाता है कि एनएच-31 सड़क के बगल में बिजली के खंभे गाड़ने समय पानी टंकी के पाइप में कई जगह छेद होने से पानी का रिसाव शुरू हो गया था, जिसका मरम्मत कार्य चल रहा है। इसलिए पेयजल आपूर्ति बाधित है। अब सवाल यह उठता है कि यदि पानी टंकी के पाइप में पानी का रिसाव हो रहा है तो उसे ठीक अभी तक क्यों नहीं किया गया।

उपभोक्ता राघवेन्द्र प्रसाद राय, जवाहर राय, भरत वर्मा, मदन गुप्ता ने बताया कि आठ दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप हैं। पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, लेकिन जल निगम की उदासीनता के चलते उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पानी टंकी नरहीं से आए दिन पेयजल आपूर्ति ठप हो जा रही है। इससे उपभोक्ता तंग आ चुके हैं।

## खूनी संघर्ष में 10 लोगों पर केस, दो गिरफ्तार

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगा उस पार भुवाल छपरा में बुधवार को हुए दो पक्षों में खूनी संघर्ष में पुलिस ने दोनो पक्षों के कुल दस लोगों के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर दोनो पक्षों के दो लोगों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। मामले को लेकर गांव में तनाव का माहौल है।

एक पक्ष से भुआल छपरा निवासी शम्भूनाथ ठाकुर, कौशल ठाकुर, मिथिलेश ठाकुर व त्रयम्बक उर्फ गोलु ठाकुर के खिलाफ धारा 307, 427 व 429 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष के बरमेश्वर मिश्र, बिट्टू मिश्रा, चिन्टु मिश्रा, सूरज मिश्रा, सत्यम मिश्रा, शिवम मिश्रा निवासी भुआल छपरा के विरुद्ध धारा 147, 148, 307 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस गोलीबारी में बरमेश्वर मिश्रा के घोड़े को गोली लगने से मौत हो गई थी। उक्त घटना में पुलिस ने एक पक्ष से बरमेश्वर मिश्र व दूसरे पक्ष के कौशल ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी व असलहों की बरामदगी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। वही, असलहों के सन्दर्भ मे भी जांच पड़ताल जारी हैं कि हथियार लाइसेंसी हैं या गैर लाइसेंसी।





दूसरी तरफ भुआल छपरा के ग्रामीणों का कहना है कि सूखी लकड़ी तो एक बहाना है। पहले से ही दोनो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर तनाव था। पूर्व में दोनो पक्षों के बीच बवाल हो चुका है। ग्रामीणो की माने तो गंगा पार के इस इलाके में जिसकी लाठी-उसकी भैंस वाला मुहावरा चरितार्थ है। अधिकांश घरों में लाइसेंसी या गैर लाइसेंसी असलहा मौजूद है। इसके चलते यहां बात-बात पर फायरिंग होती है।

अगर फसल कटाई के समय पुलिस मुस्तैद नही हुई तो इस क्षेत्र में बड़ी घटना हो सकती है।

### इलाके में नहीं जाती पुलिस

**बैरिया।** सन् 2012 में नौरंगा पुलिस चौकी का अस्तित्व समाप्त हो जाने के बाद इस क्षेत्र में अव्यवस्था का बोलबाला कायम हो गया है। पुलिस का एकबाल खत्म है। राह-घाट की दुरुहता के चलते गंगा पार के इस इलाके में न तो 112 डायल पुलिस जाती है और न थाने से गश्ती दल ही जा पाता है। अपराधिक घटनाओं के होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर कानूनी कार्यवायी जरुर करती है। सरकार को चाहिए कि इस क्षेत्र में पुलिस चौकी की पुनः स्थापना कर अपराधियों के मन में कानून का हनक पैदा करें।

## गडकरी के साथ सीएम के आने की चर्चा





तैयारी

### ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह की चल रही तैयारी

**बलिया।** गाजीपुर से मांझी घाट तक बनने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। लगभग 10 से 15 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था हेतु कानपुर से स्पेशल टेंट एवं स्टेज बनाया जा रहा है। 26 फरवरी तक शिलान्यास समारोह की तैयारी को अंतिम रूप दे दिया जायेगा।

फेफना विधान सभा क्षेत्र के चितबड़ागांव बाजार में 27 फरवरी को आयोजित शिलान्यास समारोह को सफल बनाने के लिए सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त द्वारा अलग-अलग टीम बनायी गई है। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी भी जोर-शोर से तैयारी में लगे हुए है। लगभग 6000 करोड़ की लागत से बनने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे लगभग 134 किमी लंबी होगी। करीमुद्दीनपुर से भरौली को जोड़ने के लिए एक लिंक रोड भी बनेगा।

27 फरवरी को आयोजित शिलान्यास समारोह में केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी के आगमन को लेकर जहां भाजपा कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे है, वहीं भाजपा के राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि शिलान्यास समारोह में केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आगमन होगा। इसको देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर दो हेलीपैड बनाये जा रहे है।

गुरुवार को क्षेत्राधिकारी एवं एसएचओ ने मौके पर पहुंचकर हेलीपैड स्थल का जायजा लिया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बलिया एवं गाजीपुर जिले से कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर तीन विशाल टेंट लग रहा है। दो अलग-अलग मंच तैयार किया जा रहा है। एक मंच पर जहां केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे, वहीं दूसरे मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### अलग-अलग हो रही पार्किंग की व्यवस्था

**बलिया।** कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं को लेकर आने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग व्यवस्था किया गया है। इसके अलावा, पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से बैरकेटिंग किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन पर जिला प्रशासन की विशेष नजर है। सुरक्षा की दृष्टि से डीएम-एसपी ने भी कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया।

### 27 फरवरी 2022 को आये थे गृह मंत्री

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह स्थल पर 27 फरवरी 2022 को विधान सभा चुनाव के दौरान जनसभा को संबोधित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह का आगमन हो चुका है। अब इसी जगह पर 27 फरवरी, 2023 को केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी का आगमन होने जा रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि एक साल पहले इसी जगह पर गृह मंत्री अमित शाह आ चुके है। अब उसी तारिख को केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी आ रहे है।

### सांसद की पहल पर मिली थी सौगात

**बलिया।** जून 2021 में सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त की पहल पर केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने लोकसभा क्षेत्र बलिया को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की सौगात दिया था। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को गाजीपुर से मांझी तक एवं बिहार के रिविलगंज बाईपास से जोड़ने की योजना थी। उस समय एनएचएआई के आरओ विपिनेश, पीडी पंकज पवार, एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त के साथ लगभग एक घंटे तक बातचीत की। अब इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए 27 फरवरी को केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी आधारशिला रखेंगे।

### आरा-बलिया के बीच कनेक्टिविटी का हो रहा प्रयास

**बलिया।** सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने केन्द्रीय मंत्री नीतिन गडकरी को पांच जनवरी 2023 को पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया कि पूर्वांचल के लिए ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण होने जा रहा है। यह उप्र को बिहार के साथ-साथ पूर्वोत्तर राज्यों से भी जोड़ने का काम करेगा। गाजीपुर जिले को बक्सर तथा दूसरे छोर पर बिहार के छपरा जिले से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे जुड़ रहा है। इससे उप्र एवं बिहार की जनता का आवागमन काफी सुगम होगा। भोजपुर का इलाका आरा-बलिया-छपरा को जोड़ करके होता है। भौगोलिक दृष्टिकोण से यह जिले बंटे है, लेकिन सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से तीनों जिले जुड़े हुए है। बलिया के शिवपुर घाट गंगा नदी पर पुल के बनने से बैरिया, बलिया को आरा जिले से जोड़ेगी।

## विदेश में रहने वाले काश्तकार कैसे करेंगे बैनामा

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में विदेश में रहने वाले लोग रोड़ा बन गये है। उनकी जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए कैसे बैनामा होगा? यह तहसील प्रशासन के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। भू-स्वामियों के विदेश में रहने के कारण जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो पा रहा है। ऐसे में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे कैसे बनेगा? इसको लेकर स्थानीय प्रशासन माथापच्ची कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के करीब आधा दर्जन लोग अमेरिका, यूरोप व खाड़ी के देशों में रहते हैं, जहां पावर आफ एटार्नी नहीं बन पा रहा है। ऐसे में कैसे होगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन का बैनामा। बिना बैनामा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण नहीं हो पाएगा। विदेश में रहने वाले लोग अपने परिजनों को बता रहे हैं कि जितना पैसा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन बेचने से मिलेगा, उससे अधिक किराया फ्लाइट के लिए खर्च करना पड़ेगा।

ऐसे में हम लोग क्यों आए? अब इसमें प्रशासन क्या रास्ता निकालता है? यह देखने वाली बात होगी। इस बाबत पूछने पर उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र ने बताया कि इस सन्दर्भ मे उच्चाधिकारियों से बातचीत की जा रही है। कोई न कोई मार्ग अवश्य निकलेगा।

## यूपी बजट: बोले परिवहन मंत्री, बलिया को मिली बड़ी सौगात



**बलिया।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सूबे की योगी सरकार ने इस बार के बजट में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिसका सभी वर्गों को दूरगामी लाभ मिलेगा। सरकार ने बजट में बलिया जनपद को स्पोर्ट्स कालेज देने के साथ ही मेडिकल कॉलेज के लिए धन आवंटित कर सराहनीय कार्य किया है। इसके अलावा सरकार ने बजट में पहली बार परिवहन विभाग को 800 करोड़ रुपये से अधिक का धन दिया है, जिससे कई बड़े काम होंगे। परिवहन विभाग को मिले इस बजट में एक हजार नई बसों को खरीदे जाने के साथ ही नए आधुनिक बस स्टैंड आदि का काम होगा। बजट में बलिया जनपद के बस स्टैंड के लिए भी धन आवंटित किया गया है। इससे जनपद में आधुनिक बस स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। बजट में मिले धन से बसों में आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने का काम किया जाएगा, जिससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। ऐसे में यह बजट हर मायने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बजट में बलिया जनपद को कई सौगात देने के लिए प्रदेश सरकार साधुवाद की पात्र है। इसके लिए प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का बहुत ही आभार है।



# सीएमओ ने 11 कर्मचारियों को किया निलंबित

**कार्रवाई**

**परिवहन मंत्री की नाराजगी पर की गई कार्रवाई**

**बलिया।** सीएचसी बसुधरपाह के 11 कर्मचारियों को सीएमओ डा. जयंत कुमार ने निलंबित कर दिया है। वहीं, आयुष चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट का निलंबित करने के लिए शासन को पत्र भेजा है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की नाराजगी के बाद सीएमओ ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले उन्होंने सिर्फ कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकी थी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने तीन फरवरी को सीएचसी बसुधरपाह का निरीक्षण किया था। इस दौरान अस्पताल पर ताला लटका मिला था।

अस्पताल के सभी कर्मचारी अनुपस्थित थे। मंत्री ने सीएमओ को तत्काल सभी कर्मचारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी सीएमओ ने सभी कर्मचारियों की सिर्फ वेतन वृद्धि रोकी थी। इससे नाराज मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में पिछले दिनों हुई बैठक में सीएमओ से कहा था कि कार्रवाई नहीं हुई तो आपके ऊपर कार्यवाही होगी। इसके दूसरे दिन सीएमओ ने त्रिस्तरीय कमेटी का गठन कर मामले की जांच का निर्देश दिया था। अभी यह प्रक्रिया चल रही थी कि मंगलवार की देर रात सीएमओ आवाससे गैर हाजिर कर्मचारियों को निलंबन की कार्रवाई हुई। निलंबित होने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में वार्ड ब्वाय मणिशंकर सिंह, रीता देवी, मुन्नू यादव, राजपुत राजू सिंह, कालिंदी राय, शिल्पी सिंह, अजय सिंह, सचिन कुमार, मनीष कुमार पांडेय, चौकीदार दिनेश चंद्र मौर्य, बच्चा रावत शामिल है। निलंबन की कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा है।

### निलंबन की सूचना से मचा हड़कंप

**बलिया।** सीएचसी बसुधरपाह पर तैनात सभी कर्मचारियों पर कार्रवाई की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। सभी कर्मचारी जिला मुख्यालय पहुंच गये। सीएचसी सोनवानी के प्रभारी डा. मुकर्रम अहमद ने सोनवानी में तैनात एक वार्ड ब्वाय एवं फार्मासिस्ट को सीएचसी बसुधरपाह भेजकर चिकित्सकीय सुविधा चालू करवाया। उन्होंने कहा कि निलंबन की जानकारी सुबह हुई है। जब तक सीएमओ कार्यालय से नये चिकित्सक एवं कर्मचारी नहीं मिल जाते, तब तक किसी तरह पूर्वाह्न 10 से अपराह्न चार बजे तक स्वास्थ्य सुविधा संचालित की जायेगी। 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा सीएचसी सोनवानी पर ही मिलेगी।

## न्यायालय ने दिया अतिक्रमण ध्वस्त करने का आदेश

**रसड़ा।** स्थानीय नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन द्वारा वार्ड नंबर 14 मुहल्ला शिवम गली में सड़क के दोनों तरफ अपने मकानों को पाटकर उसके ऊपर पक्के मकान का निर्माण कराकर किराए पर देकर अतिक्रमण किए जाने के विरुद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट दाखिल किया गया था। उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अतिक्रमण को ध्वस्त करने का आदेश जिलाधिकारी को दिया है। कस्बा के महाबीर अखाड़ा निवासी नरेंद्र पाल सिंह एवं स्टेशन रोड निवासी रमेश प्रसाद ने पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ नारायण सोनी के वार्ड नंबर 14 मोहल्ला शिवम गली में बने मकानों के ऊपर गली को दोनों तरफ से पाट कर उसके ऊपर बने मकानों के विरुद्ध शिकायत किया था। कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए जिलाधकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन अतिक्रमण की रिपोर्ट मांगने पर अधिशासी अधिकारी द्वारा गलत रिपोर्ट लगाया जा रहा था। शिकायतकर्ताओं ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट दाखिल किया। उच्च न्यायालय ने पत्रावली को देखते हुए 12 जनवरी 2003 को जिलाधिकारी को छह सप्ताह में पूर्व चेयरमैन द्वारा की गई अतिक्रमण को ध्वस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। इसको लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। शिकायतकर्ता रमेश प्रसाद और नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पूर्व चेयरमैन गरीब एवं कमजोर लोगों का अतिक्रमण हटाते थे, लेकिन सड़क के दोनो तरफ स्थित अपने मकानों के ऊपर मकान बनवा कर किराए पर देकर अवैध कमाई कर रहे है।

# पथरी से बचाव को पीना चाहिए अत्यधिक पानी

**बोले डॉ. देवनीति सिंह**

**मरीजों को आपरेशन कराने में नहीं करनी चाहिए जल्दबाजी**

**बैरिया।** कोरोना काल से ही लोग डरे सहमे है। वही, आज-कल का खान-पान एवं रहन-सहन के बदले तौर-तरीकों के चलते लोग विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरलीछपरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. देवनीति सिंह ने बताया कि इसमें पित्त की थैली की पथरी एवं किडनी की पथरी की शिकायतें अधिक आ रहीं हैं।

कहा कि पथरी से बचने के लिए रोज सुबह जागते ही कम से कम तीन गिलास पानी पीना चाहिए तथा रात में सोने से पहले दो गिलास पानी पीने की आदत डालनी चाहिए। डा. सिंह ने बताया कि पथरी से बचने के लिए दिन में तीन लीटर पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही तला हुआ खाना, तेज मिर्च मसाला खाने से भी बीमारी को बल मिलता है। भूखा नहीं रहना चाहिए। समय से खाना खाने व पानी पीने से आराम मिलता है। ध्यान रहे कि किडनी की पथरी अगर सात से 10 एमएम तक की है तो दवा से ठीक की जा सकती है। इसके लिए मरीजों को आपरेशन कराने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। किडनी की समस्या के लिए अल्ट्रासांउड कराके दिखाना चाहिए। पानी अधिक पीने से आराम मिलता है। मल द्वार के रास्ते ब्लड



आने की शिकायत भी आ रही हैं। ऐसे में हेमरोइड की समस्या हो सकती है। जांच कराना चाहिए। जरुरी हुआ तो आपरेशन करना पड़ सकता है। पानी खूब पिये। तला हुआ भोजन न करें। सीने में दर्द रहना, खाने के वाद भारीपन की शिकायत वाले मरीज भी आ रहे है। पेट में अल्सर, तेजाब की शिकायत हो सकती है। अल्ट्रासाउंड कराएं। पित्त की थैली में पथरी से भी परेशानी हो सकती है। गैसटाइटिस की शिकायत भी हो सकती है। यह जांच के वाद ही स्पष्ट हो सकता है।

### ब्लड प्रेशर की करायें नियमित जांच

**बैरिया।** डॉ. देवनीति सिंह ने बताया कि ब्लड प्रेशर की शिकायत एवं चक्कर आना, ये सब रहन-सहन की गड़बड़ी है। ब्लड प्रेशर की अच्छी मशीन से नियमित जांच करा कर नोट करें। अगर ब्लड प्रेशर बढ़ा रहता है तो उपचार शुरु कराना होगा। इस समय पैर व जांघ में दर्द की शिकायत वाले रोगी ज्यादा आ रहे है। ऐसे रोगियों को हीमोग्लोबिन की जांच करानी चाहिए। कैल्शियम की कमी हो सकती है। कूल्हे व जोड़ों का एक्स-रे कराकर हड्डी रोग विशेषज्ञ को दिखाएं। पेट दर्द के रोगी भी कम नही है।

### कृषि यंत्रों व अनुदान के लिए 25 फरवरी से शुरू होगी बुकिंग

**बलिया।** कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेजिड्यू (सी.आर.एम.) योजनान्तर्गत कृषि यन्त्रों यथा सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम (सुपर एस.एम.एस.), हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल, श्रब मास्टर, पैडी स्ट्राचापर, श्रेडर, मल्चर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सेबल एम.बी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, क्राप रीपर, स्ट्रा रेक, रीपर कम बाइण्डर (कृषि विभाग द्वारा इम्पैनल्ड कम्पनियों के अधिकृत विक्रेता से क्रय करना अनिवार्य होगा।) पर अनुदान देय है। फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना पर 80 प्रतिशत तक अनुदान रु. 05 से 15 लाख तक की परियोजना लागत पर अधिकतम 02 लाख का अनुदान देय है। फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए कृषक उत्पादक संघ (एफ.पी.ओ.), सहकारी समिति एवं ग्राम पंचायत लाभार्थी होंगे। आनलाइन टोकन बुकिंग की सुविधा 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ की जायेगी।

## संक्षेप

### खेल समारोह के विजेताओं को डीएम ने किया पुरस्कृत



**बलिया।** जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त समन्वय से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित खेल समारोह के विजेताओं को जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने वॉलीबॉल, फुटबॉल एवं एथलेटिक्स के पदक विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। जिलाधिकारी ने तीनों जनपदीय प्रतियोगिता के निर्णायकों के साथ वेटरन एथलेटिक्स के राष्ट्रीय पदक विजेता चंद्रभान सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया। वॉलीबाल में विजेता स्टेडियम उपविजेता सोहॉव, फुटबॉल की विजेता विहान पब्लिक स्कूल उपविजेता कुंवर सिंह इंटर कॉलेज, तथा एथलेटिक्स में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गए। उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू ने सभी आगंतुकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। जिला वॉलीबाल एसोसिएशन से नीरज राय ने पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन किया। इस अवसर पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार सिंह, पवन कुमार राय, अम्बरीष तिवारी, मोहम्मद जावेद, अजय राज सिंह, मारुति नंदन राय, सोनिया कुमारी, रोहित भारद्वाज, जमाल अख्तर, ओमप्रकाश यादव, नवनीत ओझा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

### बलिया में चार दिवसीय नाट्य समारोह का होगा आयोजन

**बलिया।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं जिला प्रशासन बलिया के संयुक्त तत्वावधान में तथा संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया के सहयोग से चार दिवसीय संभागीय नाट्य समारोह का आयोजन किया गया है। 25 से 28 फरवरी 2023 तक चलने वाले इस नाट्य समारोह में उन्नाव, बरेली, लखनऊ व शाहजहांपुर की टीमें सहभागिता कर रही हैं। इस संदर्भ में संकल्प के सचिव आशीष त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से बताया कि 25 से 28 फरवरी को प्रतिदिन शाम 6 बजे से गंगा बहुउद्देशीय प्रेक्षागृह कलेक्ट्रेट बलिया में नाटकों की प्रस्तुति होगी। चार दिन में चार नाटकों का मंचन होगा। समारोह के पहले दिन 25 फरवरी को लोक परिवर्तन युवा कल्याण समिति उन्नाव द्वारा दरोगा जी, 26 फरवरी को दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट बरेली द्वारा पार्क, 27 फरवरी को रंगनाद लखनऊ द्वारा सिंहासन खाली है एवं 28 फरवरी 2023 को अभिव्यक्ति नाट्य मंच शाहजहांपुर द्वारा जानेमन की प्रस्तुति की जाएगी। ये सभी नाट्य प्रस्तुतियां एक से बढ़कर एक होंगी। आशीष त्रिवेदी ने जनपद के कला प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महत्वपूर्ण आयोजन के साक्षी बनें।

### अधिवक्ताओं ने भोला सिंह को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**बलिया।** स्व. राम रणविजय प्रताप सिंह उर्फ भोला सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता फौजदारी का 26वां पुण्यतिथि क्रिमिनल बार एसोसिएशन के सभागार में गुरूवार को संयुक्त रूप से मनाया गया तथा उनके तैल चित्र पर अधिवक्ताओं ने श्रद्धा-सुमन अर्पित की। स्व. सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा हुई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार दुबे, क्रिमिनल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष क्रिमिनल बार कौशल कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, हरिवंश सिंह, त्रिभुवन नाथ यादव एडवोकेट, अनिल राय, इन्द्रजीत सिंह, हरेन्द्र सिंह पूर्व अध्यक्ष निर्भय नारायण सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। अंत में स्व. सिंह के बड़े पुत्र राजीव कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह उर्फ विक्की और उनके प्रपौत्र प्रांजल उर्फ यसराज सिंह ने आशीर्वाद लिया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बलिया।** राष्ट्रीय सेवा योजना, श्री मुरली मनोहर टाउन स्नाकोत्तर महाविद्यालय के सप्त दिवसीय शिविर के तीसरे दिन शिविरार्थियों ने टोली बनाकर प्राथमिक विद्यालय जीराबस्ती नंबर 2 की सफाई की। इसके पश्चात विद्यालय कैम्प में वापस आकर ब्लैक बेल्ट निक्की यादव के नेतृत्व में स्वंयसेविकाओं एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। बौद्धिक सत्र में टीडी कॉलेज के प्राध्यापक डा. बृजेश सिंह ने सेवक-सेविकाओं को पर्यावरण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अशोक सिंह ने सेवक-सेविकाओं को एनएसएस के महत्व एवं जागरूकता कार्यक्रम के बारें में बताया। इसके पश्चात सेवक-सेविकाएं टोली बनाकर आर्थिक सर्वेक्षण के लिए हनुमानगंज, जीराबस्ती गांव में गए और सर्वेक्षण का कार्य किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल सिंह, डॉ. शिवनारायण यादव, डॉ. कौशल पांडेय, डॉ. राजीव शुक्ला, अमित सिन्हा उपस्थित रहे।

### द्वाबा में आम की अच्छी पैदावार होने की उम्मीद



**बैरिया।** इस बार फलों का राजा आम सर्व सुलभ होगा। कारण कि ऋतुराज बसंत के आगमन के बाद आम की डालियों पर आयी मंजीरियों (बौर) ने अपने सुगंध से वातावरण को मादक बना दिया है। क्षेत्र में स्थित आम के बगीचों में बौर आ गयी हैं। इससे जहां आम के पेड़ निखरे दिख रहे हैं, वही आस-पास का वातावरण भी बेहद मनमोहक हो गया है। रात में हल्की ठंडी के बावजूद आम के पेड़ों पर बौर आ गये है। गत् वर्ष क्षेत्र के बाग-बगीचों में आम की पैदावार अपेक्षाकृत कम हुई थी। इस बार आम के पेड़ों पर फली आने से आम के कृषक खुश है। ऐसे में बाग-बगीचों के स्वामी काफी उत्साहित भी है। अभी से इसकी रखवाली के साथ ही कीट-पतंगों से बचाव के लिए दवाओं का छिड़काव करते हुए बौर की सुरक्षा के लिए फल विशेषज्ञों से जानकारी लिया जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अबकी बार द्वाबा में आम का अच्छा पैदावार होने की उम्मीद है। इससे बाजार से ग्रामीणों को ऊंचे दाम पर आम खरीदने की मुश्किल जहां कम होगी, वही बाग-बगीचा के स्वामियों को अच्छी आमदनी भी होगी। देखा जाय तो आम्रपाली, दशहरा, लगंड़ा सहित अन्य प्रजातियों के आम के बौर गांव-गिरांव के बगीचों में दमदार उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। मौसम अच्छा होने के चलते मंजरी (बौर) में लगने वाले कीट-पतंगों से भी काफी हद तक छुटकारा मिला हुआ है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इस वर्ष मौसम अच्छा हो रहा है। ऐसा मौसम आम के मंजरी के लिए लाभदायक सिद्ध होते हैं। मंजरी में फल लगने के बाद सल्फर का छिड़काव करने से उत्पाद बेहतर होना तय है।

### ब्लैक स्पाट दूर करने को 14 करोड़ स्वीकृत

**बलिया।** पीडब्ल्यूडी की ओर से बलिया जनपद के बैरिया, बांसडीह, फेफना और बलिया विधानसभा की विभिन्न सड़कों पर सर्वे करके ब्लैक स्पाट का चयन कर यहां सुधार कार्य कराने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन की ओर से ब्लैक स्पाट को दूर करने के लिए 14 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी की ओर से टेंडर आदि कर अनुबंध की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही चिह्नित ब्लैक स्पाटों में सुधार का कार्य कराकर खामियों को दूर किया जाएगा, जिससे हादसों पर लगाम लग सके। तेज रफ्तार वाहनों से आये दिन हादसे होते रहते है, जिससे कईयों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। हालांकि सड़क हादसे के और भी कई कारण है। कहीं-कहीं खस्ताहाल सड़कें, अंधा मोड़, सड़क किनारे लगे झाड़-झंखाड़ आदि भी सड़क दुर्घटना के कारण बनते है। शहर में कई व्यस्ततम चौराहों, मोड़ आदि पर आए दिन हादसे होते हैं। इस स्थानों पर सड़क की स्थितियां भी बहुत अच्छी नहीं हैं। डिवाइडर आदि न होना भी हादसे का कारण बनते हैं। मोड़ पर भी बड़े हादसे होते हैं। हादसों को देखते हुए विभिन्न ब्लैक स्पाट चिह्नित किए गए हैं। इनके सुधार के लिए शासन से धनराशि की डिमांड की गई थी। शासन की ओर से ब्लैक स्पाट दूर करने के लिए 14 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। चिह्नित ब्लैक स्पाट के अन्तर्गत चौराहों के चौड़ीकरण, डिवाइडर, साइन बोर्ड, टेबल टाप ब्रेकर, रोड मार्किंग, डेलीनेटर आदि कार्य कराए जाएंगे। मुख्य चौराहों पर हाई मास्ट गैलोनाइज पोल लाइट लगाए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। गायघाट, मैरीटार, धर्मापुर, पियरिया जक्शन, चिरैया मोड़, केवरा चौराहा, सहतवार तिराहा, शंकरपुर, मानपुर, लक्ष्मणपुर चौराहों का चौड़ीकरण के साथ ही विस्तारीकरण किया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# एक-परिवार एक-पहचान के तहत जारी होगी फैमिली आईडी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिले के हर परिवार की अपनी पहचान होगी। इसके लिए फैमिली आइडी जारी की जाएगी। इसके सम्बन्ध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट में हुआ, जिसमें मास्टर ट्रेनर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिजात सिंह ने सभी एसडीएम-बीडीओ को ट्रेंड किया।

ई-डीएम ने बताया कि जिनके पास राशन कार्ड है। वहीं उनकी फैमिली आईडी होगी। जो राशन कार्ड के लिए पात्र नहीं है, उनको फैमिली आईडी जारी की जाएगी। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में इससे सहूलियत होगी। कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से इनके लिए आवेदन कर सकता है। सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं लेने वाले भी फैमिली आईडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्वीकर्ता अधिकारी शहरी क्षेत्रों के सम्बन्धित एसडीएम तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सम्बन्धित बीडीओ होंगे। इस सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अभिजात सिंह ने सभी एसडीएम व बीडीओ को फैमिली आईडी जारी करने के सम्बन्ध में जरूरी टिप्स दिये। उन्होंने शासन की गाइड लाईन को विस्तार से अवगत कराया। ई-डीएम ने बताया कि एक परिवार-एक पहचान के तहत जारी होने वाली फैमिली आईडी का प्रमुख उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना, अपात्र को पूर्ण रूप से हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की पहचान प्राथमिकता के आधार पर करना है। सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण में इसका महत्वपूर्ण योगदान होगा। ई-डीएम ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि जिनके पास राशन कार्ड है, वहीं उनकी फैमिली आईडी होगी।

**पहल**

### कलेक्ट्रेट में ई-डीएम ने सभी एसडीएम-बीडीओ को किया ट्रेंड

### खुद आवेदन करने पर कोई चार्ज नहीं

फैमिली आईडी बनवाने के लिए इसके पोर्टल पर खुद से आवेदन करने पर कोई भी चार्ज देना नहीं होगा। जनसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन पर 30 रूपए चार्ज देना होगा। प्रत्येक आईडी के पंजीकरण के लिए परिवार के सभी सदस्यों का आधार होना चाहिए। सभी आधार मोबाइल नम्बर से लिंक होना चाहिए, जिससे कि उनका मोबाइल ओटीपी के जरिए सत्यापित हो सके।

### यह होगी परिवार की परिभाषा

ई-डीएम ने बताया कि कोई पुरुष या स्त्री, उसकी पत्नी अथवा पति, स्वयं के माता-पिता, स्वयं पर आश्रित वयस्क/अवयस्क भाई-बहन, वयस्क भाई-बहन व उनके परिवार जो संयुक्त परिवार के रूप में रहते हों, अवयस्क संतान, आश्रित वयस्क संतान, विवाहित अथवा अविवाहित वयस्क पुत्र एवं उसकी पत्नी एवं संतान, जो संयुक्त परिवार के रूप में साथ रहते हों, दत्तक पुत्र/पुत्री, अन्य कोई ऐसा वयस्क-अवयस्क व्यक्ति जो परिवार के मुखिया/कमाउ सदस्य पर आश्रित हो, परिवार का सदस्य माना जाएगा। प्रशिक्षण में एसडीएम सदर प्रशांत नायक, एसडीएम रसड़ा सर्वेश यादव, एसडीएम बेल्थरा दीपशिखा सिंह, एसडीएम बांसडीह राजेश कुमार, एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र के अलावा सभी ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# 167 शिक्षकों का वेतन काटा, मांगा स्पष्टीकरण

**बलिया।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ के आदेश के क्रम में विद्यालयों का नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण के दौरान अनुपस्थित 167 शिक्षकों का वेतन बीएसए मनिराम सिंह ने काटते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। ये सभी शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों द्वारा किये गये निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये है, जिनका विवरण प्रेरणा पोर्टल पर अंकित है। बीएसए की इस कार्रवाई से विभागीय गलियारे में हड़कंप मचा है।

बुनियादी शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रदेश सरकार तमाम कोशिशें कर रही है। समय-समय पर परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षक अधिकारी करते रहते है। बावजूद इसके शिक्षक 'बंक' मार ही दे रहे है। इसका खुलासा प्रेरणा पोर्टल से होने के बाद बीएसए मनिराम सिंह ने कड़ा एक्शन लिया है। बीएसए ने कहा है कि निरीक्षण के दौरान अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक का अपने विद्यालय से अनुपस्थित पाया जाना उनकी अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों की अवहेलना तथा कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में की गई घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। यह किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। क्योकि यह कृत्य विभागीय छवि को धूमिल करना है। बीएसए ने अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों की अवहेलना एवं दायित्वों के निर्वहन में की गई घोर लापरवाही के दृष्टिगत अनुपस्थित 167 अध्यापक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक का अनुपस्थिति के दिन का वेतन/मानदेय काट दिया है।

## संक्षेप

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता, जागरुकता शिविर का आयोजन



**मऊ।** गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता/ जागरुकता शिविर का आयोजन जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर मंडाव में किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित वक्ताओं द्वारा लैंगिक समानता के प्रावधानों के अंतर्गत महिला के पुरुष के समान सामाजिक दायित्व, शिक्षा, रोजगार, आदि के अवसरों के परिपेक्ष्य में विधिक अधिकारों के प्रति जानकारी प्रदान की गयी। देश के सर्वांगिण विकास में महिलाओं और पुरुषों की भूमिका एवं महिलाओं के महत्वपूर्ण उल्लेखनीय योगदान के बारे उपस्थितजनों को जानकारी दी गयी। महिलाओं के अधिकार व संरक्षण के सम्बन्ध में घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार, कार्य स्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध अधिकार एवं गिरफ्तारी के प्रति विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया एवं महिलाओं को सेनेटरी नैपकीन प्रयोग व स्वच्छता से विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारी से बचाव के प्रति जागरुक किया गया। जागरुकता शिविर में उपस्थितजनों को प्ली बार्गेनिंग के तहत वादों के जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर निस्तारण किये जाने के बावत अभियोजन से निर्धारित सजा में रियायत प्राप्ति सम्बन्धी विधिक प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किये जाने के बावत लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम, मऊ द्वारा उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं, एवं स्थायी लोक अदालत की प्रक्रिया में जन उपयोगी विवादों के त्वरित गुण-दोष के आधार निस्तारण के बावत विस्तार पूर्वक विधिक जानकारी प्रदान की गयी। उक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला एवं बाल विकास के वक्ताओं द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट एवं बालिकाओं के अस्तित्व एवं सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने व महिला सशक्तिकरण आदि विषयों के बाबत सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विधिक जानकारी प्रदान की गयी। शिविर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समिति मधुबन व स्थायी लोक अदालत, और लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम, महिला व बाल विकास संस्थान, विद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारीगण अधिवक्तागण आदि आमजन मानस उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक शातिर गिरफ्तार

**मऊ।** गुरुवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रेलवे पार्सल घर मुंशीपुरा के पास से पंकज गौतम पुत्र हरिनाथ गौतम निवासी कांशीराम आवास सिकटिया थाना सरायलखंसी मऊ के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा (पिस्टल 32 बोर) व 02 जिंदा कारतूस 32 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुअसं 67/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधि. में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### अविवाहित बेटी ने पिता के खिलाफ छेड़खानी और मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी अविवाहित पुत्री के साथ छेड़छाड़ और विरोध करने पर मां को गाली देने के आरोप में पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि महिला और उसकी अविवाहित पुत्री शादी के सिलसिले में घर आई हुई थी इसी दौरान मां शौचालय जाने के बाद पुत्री एक कमरे में जाकर कपड़े बदल रही थी इसी दौरान पिता वहां पहुंच गया और विरोध करने के बावजूद पुत्री को गाली देते हुए छेड़छाड़ करने लगा। आवाज सुनकर मौके पर पहुंची मां को भी गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। जिसके बाद मां पुत्री भागकर बगल के घर में जाकर छुप गए फिर भी आरोपी पिता मारपीट पर उतारू रहा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोपागंज पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया इस संबंध में अविवाहित के तहरीर पर आरोपी पिता के खिलाफ छेड़खानी और मारपीट गाली गलौज करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धारदार हथियार से अंधेड़ की गला रेत कर हत्या

**नृशंस**

**पाऊस गांव में खून से लथपथ गेहूं के खेत में मिला**

**घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिक्षक ने कहा हत्या का जल्द होगा पर्दाफाश**

**दोहरीघाट, मऊ।** थाना दोहरीघाट अन्तर्गत गुरुवार को बीती रात ग्राम सभा पाउस के पूर्वी सिवान लगभग 300 मीटर दूर गेहूं के खेत के धारदार हथियार से गला रेतकर एक अंधेड़ की हत्या कर दी गयी। सुबह जैसे ही खेत घुमने गये ग्रामीणों ने शव को देखा तभी किसी ने शव की शिनाख्त की।

मृतक पाउस गांव में ही अपनी बेटी के यहां एक दिन पूर्व आया था तथा दूसरे दिन उसकी गांव के ही सिवान में लाश मिलने से सनसनी फैल गयी तथा गांववासियों द्वारा स्थानीय पुलिस थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह को हत्या की खबर मिलते ही मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया। इधर मृतक के दामाद ने गुरुवार को थाने मे अपने ससुर के गायब होने की तहरीर दी है। मृतक जयराम तिवारी मूल रूप से ग्राम पिपरहिया थाना व जनपद छपरा बिहार के निवासी है, जो अपनी पुत्री ममता उम्र 28 वर्ष की शादी लगभग 06 वर्ष पूर्व नर्वेश तिवारी पुत्र गौरी तिवारी उम्र 32 वर्ष ग्राम पाउस थाना दोहरीघाट मऊ के साथ किये थे। नर्वेश तिवारी के 03 बच्चे क्रमशः 4 वर्ष, 2 वर्ष व 06 माह है।



मृतक जयराम तिवारी अपनी लड़की के घर ग्राम पाउस उसको अपने साथ अपने घर ले जाने के लिए आये थे। इनके दामाद नर्वेश तिवारी द्वारा बताया गया कि सायं बुधवार को सायं लगभग करीब सात बजे घर से बाहर पाउस बाजार के लिए निकले थे तथा रात में वापस नहीं आये। सुबह ग्रामीणों द्वारा इनका ग्राम सभा पाउस में आबादी से लगभग 300 मीटर गेहूं के खत मे उनका शव देखा तथा गले पर धारदार हथियार से वार किया गया है। गर्दन आधा कटा हुआ है। पुलिस द्वारा घटना की छानबीन की जा रही है, ग्रामीणों में घटना को लेकर असमंजस की स्थिति है। मृतक जयराम तिवारी के दामाद नर्वेश तिवारी द्वारा थाना दोहरीघाट पर प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिनको पूछताछ हेतु थाने पर बैठाया गया है।

मृतक के दामाद का कहना है कि उनके साथ कोई और आया था दोनों लोग घर से निकले थे फिर नहीं आये सुबह नौ बजे मैं थाने में तहरीर दी ससुर के घर वापस न आने की।

इधर थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बताया कि अंधेड़ की धारदार हथियार से हत्या की गयी है छानबीन शुरू है अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिक्षक ने कहाकि हत्या के खुलासे के लिये दो टीम गठित की तथा कहा कि एसओजी को लगाया गया है बहुत जल्द ही हत्या की गुत्थी सुलझेगी। वहीं मृतक के दामाद से भी गहन पूछताछ की तथा थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह को जल्द से जल्द घटना का पर्दाफाश करने को कहा वही जिस धारदार हथियार से जयराम तिवारी की हत्या हुई है पुलिस खेतों से लेकर खलिहान तक हथियार ढूढ रही थी मगर नहीं मिला सबके दिमाग में बस एक ही बात शंका रही कि आखिर कौन कर सकता है हत्या जबकि बेटी के यहा कही किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है फिर ऐसी घटना को कौन अंजाम दे सकता है पुलिस हर बिन्दु को मानकर चल रही है तथा दामाद से पुछताछ कर रही है।

# कलश शोभायात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू



**दोहरीघाट, मऊ।** दोहरीयो की पावन भूमि पर श्रावण मास के प्रथम सप्ताह में सरजू नदी से उत्पन्न चांदी के शिवलिंग रजतेश्वर महादेव की स्थापना के साथ-साथ श्रीमद् भागवत कथा व रूद पाठात्मक महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ भव्य कलश शोभायात्रा बाबा मेला राम मंदिर परिसर से गाजे-बाजे भव्य झांकियों के साथ हजारों महिलाओं पुरुष बच्चे हाथ में कलश लेकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए राम घाट पर अपने कलश में जल भरकर मंदिर के महंत मेलाराम के सानिध्य में पुनः मंदिर परिसर में आए और अपने कलश को स्थापित किए जहां पर आचार्य श्याम जी पांडे व काशी से आये विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ पूजन अर्चन प्रारंभ किया गया।

### दान यज्ञ होम तपस्या और वेद सबका आश्रय सत्य है : सद्गुरु





**दोहरीघाट, मऊ।** उत्तरवाहिनी सरजू नदी के तट पर बसे अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में चल रहे नौ दिवसीय चैथे अश्वमेघ महायज्ञ के तीसरे दिन मातेश्वरी परिवार के संस्थापक सदगुरु महाराज ने हजारों मातृभक्तों को रेकी विधि से असाध्य रोगो को दूर करने का तरीका बताया तथा कहा कि ध्यान योग एक ऐसी शक्ती है जो आपके शुगर ब्लड को कंट्रोल तो करती ही है तथा दिमाग मन मष्तिष्क को मजबूत करती है। सत्संग में मातृभक्तों से खुशहाल जीवन जीने का उपदेश देते हुए कहा कि जगत में सत्य ही ईश्वर है धर्म की स्थिति सत्य पर ही टिकी रहती है सत्य से बढ़कर दूसरा कोई कोई पुण्य कार्य नहीं है। यज्ञ होम तपस्या और वेद सबक आश्रय सत्य है। इसलिए सबको सत्यनारायण होना चाहिए सत्य का पालन करना और दया करना सभी लोगों के प्रधान कर्म होने चाहिए सत्य में ही संपूर्ण जगत प्रतिष्ठित है इसलिए सभी धर्मशास्त्र व ऋषि-मुनियों ने सत्य पर अटल रहने की प्रेरणा दी है। किसी गरीब को अपना लो उसकी गरीबी को गोद ले लो भूखे को खाना खिला दो तो समझो तुने एक बहुत बड़ी तपस्या कर ली तुमने एक बड़ी पूजा कर ली ईश्वर इसका फल तुम्हे जरूर देगा मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म है क्या अगर है तो हमे बता दो उन्होने कहा कि मां को कभी दुख मत देना मां एक देवी है मां के मर्म को देवता भी न जान सके तो हम पुत्रो की क्या विशात इसलिए मां बाप से विमुख मत होना मां बाप की सेवा ही सभी तीर्थो का फल है। वही तुम्हे सन्मार्ग का रास्ता बता सकता है तुम्हारा जीवन सफल हो जायेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की जान गई

दुखद

### हत्या की आशंका

जनसंदेश न्यूज


सैदपुर सामुदायिक केंद्र पर वृद्धा को देखते चिकित्सक एवं भीड़।

**सैदपुर।** थाना क्षेत्र के भभौरा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्धा का शव खून से लथपथ हाल में सड़क किनारे मिला। जिसके बाद हड़कम्प मच गया। परिजन शव लेकर घर चले भभौरा निवासिनी 70 वर्षीय मनरा देवी पत्नी छेदन के दामाद की तबियत खराब थी। जिसके बाद वो उसे देखने वाराणसी गयी थी।

वहां से वो बस से आई और घर पहुंचने के पूर्व कुछ दूर पहले ही उसकी लाश मिली। जिसके बाद हड़कम्प मच गया। मृतका की दोनों बेटियां अपनी भाभी पर हत्या का आरोप लगाया और अस्पताल में बिलखने लगीं। बताया कि उसकी भाभी ने ही उसकी मां को सम्पत्ति के लिए मारा है।

बताया कि अभी आज सुबह ही भाभी ने पिता से विवाद किया और हाथापाई की। हालांकि बहनों के इस आरोप पर घर के लोगों ने ही उसे शांत करा दिया और शव लेकर आनन फानन में घर चले गए। मृतका 2 पुत्र व 4 पुत्रियां छोड़ गई हैं।

## बिन दहेज की शादी कायम की मिसाल

**बारा।** मुस्लिम समाज में एक शादी ऐसी भी हुई, जिसमें शरीयत के एतबार से तमाम रस्मों की अदायगी हुई, लेकिन सादगी के साथ। न बाराती न बैंड बाजा बिना दहेज की शादी मिसाल बन गई। शादी में बढ़ते खर्चे व दहेज प्रथा जैसी कुरीति को रोकने के लिए लड़के वालों ने यह पहल की। बारा गांव में सादगी के साथ संपन्न हुई यह शादी चर्चा का विषय बनने के साथ-साथ लोगों के लिए प्रेरणा बन गई। बारा गांव के रिट्ठी मोहल्ला निवासी इसरार खान के पुत्र तौसीफ खान ने परिजनों की रजामंदी से बिन दहेज की शादी कर समाज में एक मिसाल कायम की है।

शादी में दुल्हे पक्ष ने एक रुपये भी दहेज में नहीं लिया, न ही किसी तरह का कोई सामान लिया। खास बात यह है कि यह रिश्ता जिन दो परिवारों के बीच हुई वो दोनों ही संपन्न परिवार है। बारा गांव निवासी इकराम खान की पुत्री अकबरी खातून की शादी बारा के रिट्ठी मोहल्ला निवासी इसरार खान के पुत्र तौसीफ खान के साथ हुई। तौसीफ पेशे से इंजिनियर हैं। वे सऊदी अरब के कतर में नौकरी करते हैं।

# शौच करने गए युवक की नहर में डूबने से मौत

**मरदह।** थाना क्षेत्र के गाजीपुर-मऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे महेगवां गांव के सामने शौच करने गए युवक की नहर के पानी में डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बिरनो थाना क्षेत्र के भड़सर गांव निवासी मोबाइल दुकानदार अभिषेक कुमार (20) अपने दोस्त के साथ बाइक द्वारा वृहस्पतिवार की सुबह मऊ जनपद से अपने दुकान का समान लाने गया था।

वापसी के समय करीब दोपहर दो बजे महेगवां के सामने नहर पुलिया के पास रूककर दोस्त को दुकान का समान देकर नीचे की तरफ शौच करने चला गया।बहुत देर बाद तक जब वह वापस नहीं लौटा तो दोस्त ने नीचे जाकर देखा तो अभिषेक कुमार औंधें मुंह पानी में लुढ़का हुआ है।जिसके बाद उसने शोर मचाया तो राहगीर मौके पर जुट गए परिजनों सहित पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत खबर सुनकर पिता किशुन राम,माता मिरीया देवी,पत्नी प्रियंका देवी,भाई दीपक कुमार का दुःखी रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि मृतक मिर्गी रोगी था ऐसा परिवारजनों ने तहरीर में दी है।शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा दिया गया है।

### मिर्गी आने से युवक की मौत

बिरनो। मरदह थाना क्षेत्र अंतर्गत देवापुर चट्टी के पास गुरुवार को पुलिया के नीचे युवक का शौच के दौरान मिर्गी आ जाने के कारण मृत्यु हो गई। थाना क्षेत्र अंतर्गत भड्सर (राजापुर) निवासी अभिषेक कुमार 20 जयरामपुर में मोबाइल की दुकान चलाता था। घर से अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से मोबाइल संबंधित सामान लाने के मऊ लिए निकला था। तभी वह देवापुर मोङ के पास पहुंचा तभी शौच करने के लिए पुलिया के नीचे उतरा और उसकी मौत हो गई।

## संक्षेप

### मिनी सचिवालय पर लटकर रहा ताला, जिम्मेदार मस्त


नोनरा गांव में मिनी सचिवालय पर लटक ताला।

**मरदह।** मिनी सचिवालय पर प्रतिदिन ताला लटक रहा है। जिससे गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मयस्सर नहीं हो पा रही है। सुविधाओं के लाभ के लिए उन्हें ब्लाक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा हैं। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में सुमार हर गांव में डिजिटल मिनी सचिवालय का निर्माण कराकर गांव के लोगों को गांव में ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का फरमान जारी है।जिससे गांव के लोगों को हर जरूरमंद की आवश्यकता मिनी सचिवालय में प्राप्त हो सके।लेकिन ब्लाक के नोनरा गांव स्थित मिनी सचिवालय में हफ्तों से ताला लटक रहा है। जिससे मिनी सचिवालय शो पी नजर आ रहा है वहीं दूसरी ओर गांव की जनता को दर-दर की ठोकरें खाते हुए ब्लाक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पंचायत सहायक के नियुक्ति के बाद भी सचिवालय लटक रहे ताले यह बया करते हैं कि यह सपना सिर्फ कागजों में सिमट कर दम तोड़ रहा है। कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का कहीं निर्वहन नही कर रहे हैं।जिससे शासन के मंशानुसार गांव के विकास कार्य तथा विभागीय कार्य में बांधा उत्पन हो रही।साथ ही साथ गांव के लोगों को वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। मिनी सचिवालय पर सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी,आशा, एनम, सफाई कर्मी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सहित कई कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। लेकिन यहां की स्थिति यह है कि लाखों की लागत से तैयार मिनी सचिवालय सरकार की योजनाओं को फिसड्डी साबित कर रहा है। इस संबंध में प्रभारी एडीओ पंचायत नवीन कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला गंभीर है। इसकी जांच करके विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### आज होगा लीलो लाइन का ट्रायल

**सेवराई।** सारनाथ-साहूपूरी लाइन के 220 केवी उपकेंद्र भदौरा पर लीलो लाइन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। उक्त लाइन चंदौली एवं गाजीपुर के ग्राम कुंडाखुर्द, पड़ाव, मवायीकला, रुपेठा, बलिहारपुर, खोर, पियरी, गोपालपुर, शेकथा, नाथपुर, दगेशरी, रामपुर, सकलडीहा, भुपौली, धानापुर, जमानिया, दिलदारनगर, भदौरा आदि गांवों से होकर गुजर रही है। गुरुवार की दोपहर बारह बजे या उसके बाद उक्त लाइन में बिजली आपूर्ति की जाएगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता एसके सिंह ने है। उन्होंने उक्त संबंधित गांवों के लोगों से अपील किया है कि सुरक्षा की दृष्टि से लाइन से कृपया दूरी बनाए रखे।

### नागरिकों को जीना पड़ रहा नारकीय जीवन



**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय विकास खंड अंतर्गत ग्राम मलिकपुरा में ग्रामीणों का जीवन गंदगी के कारण नरक बन गया है। गंदगी व सड़क पर नाली का बहता हुआ गंदा पानी आवागमन करने वाले नागरिकों के साथ-साथ निवासियों के लिए भी नरक बना है। ग्राम के निवासी गंदगी और संक्रमण से परेशान हैं। इस संदर्भ में ग्राम प्रधान पति से प्रतिनिधि ने बात की, उन्होंने पहले की तरह ही यह आश्वासन दे दिया कि बहुत जल्दी ही यहां गंदगी की साफ-सफाई करा दी जाएगी। लेकिन यह आश्वासन मात्र शोपीस बनकर रह गया। वहां के ग्रामवासी विगत कई माह से गंदगी का दंश झेल रहे हैं। ग्राम के सफाई कर्मी भी ग्राम के गंदगी को साफ नहीं करते हैं। इस संबंध में जब ग्राम सचिव रानी कुशवाहा से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था। जब पत्र प्रतिनिधि ने विकास खंड अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हुआ।

## डीएम ने बीडीओ का वेतन काटने का सुनाया फरमान

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में समस्त विकास खण्डो में मिशन कायाकल्य योजनान्तर्गत विद्यालयो में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी रेवतीपुर एवं कासिमाबाद के अनुपस्थित होने पर वेतन काटने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प के तहत सभी 19 कार्य बिन्दुओं से विद्यालयों को संतृप्त किए जाने का निर्देश दिये। इसमें किसी भी स्तर पर कोई शिथिलता नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की मिशन कायाकल्प योजना में जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ बेहतर से बेहतर रूप दें और इसके लिए अपनी पूरी तन्मयता व सक्रियता दिखाएं। उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प मुख्यमंत्री महत्वपूर्ण योजनाओं में एक है। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि संचालित कायाकल्प योजना में अन्य शेष सभी कार्यों को माह मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। इसमें किसी भी स्तर पर कोताही व शिथिलता क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने कायाकल्प के तहत स्कूलों में टाइल्स, रैंप निर्माण, इंटरलॉकिंग, विद्युतीकरण आदि कार्यों को कराए जाने पर बल दिया। जिन-जिन विकास खण्डों में दिव्यांग शौचालय निर्माण अधूरे है उन ग्राम पंचायतो में एक साथ मजदूर लगाकर कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिये। उन्होंने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में बने शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। गन्दगी पाये जाने सम्बन्धित प्रधानाचार्य एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## नई रेल लाइन का ट्रायल टला

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** पहले चरण चौदह किमी लंबे करीब 1766 करोड़ की सोनवल से गाजीपुर सिटी स्टेशन तक जाने वाली नई रेल लाइन के आगामी 25 फरवरी को होने वाले ट्रायल को महकमें ने अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक रद्द कर दिया है।

जिससे कि लोगों में निराशा फैल गई है, मालूम हो कि इसका मुख्य कारण रेल सह सडक पुल पर रेल गार्ड अभी पूरी तरह से नहीं लग सका हैं,साथ ही जाने वाली नई लाइन के ट्रैक को अभी पूरी तरह से फ्लैश बट्ट रेल वेलडिंग मशीन ने जोडने का काम के साथ ही स्लीपर के पैकिंग भी किया जाना है। इस संबंध में आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा ने बताया कि डीजल इंजन से ट्रायल अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है,जल्द ही शेष काम पूरा कर परियोजना चालू कर दी जायेगी।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के के एकौझी पुलिया पर दो बाइकों की सीधी भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक बाइक पर सवार 3 किशोर व दूसरे पर एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी को सैदपुर सीएचसी लाया गया। जहां से 3 को रेफर कर दिया गया। एक युवक को वाराणसी पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

भीमापार निवासी सागर जायसवाल 16 के पिता विनोद अपनी पत्नी व 3 अन्य पुत्रों के साथ शुरू से ही मुम्बई रहते हैं। लेकिन सागर की दादी प्रेमा जायसवाल ने सागर के मां-बाप से कहकर उसके 6 साल की उम्र से उसे अपने साथ यहां भीमापार में रखती थी और खुद छोटी सी दुकान चलाती थी। सागर हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा दे रहा था। गुरुवार को उसे बुखार था वो सुबह से सोया था। दादी ने दवा देने के बाद खाना खिलाया, तब उसकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ। इस बीच दोपहर में उसने पड़ोस के पशु चिकित्सक की बाइक लेकर उनके पुत्र संग निकला। बाइक सागर चला रहा था। उस पर उसके साथ श्रेयांश उर्फ टुन्नू 14 पुत्र राजेन्द्र व अरमान 15 पुत्र मुनव्वर भी था।

तभी सामने से बाइक से आ रहे बृजभान 23 पुत्र हरिशंकर निवासी मसूदपुर से उसकी भीषण टक्कर हो गयी। जिसमें सभी घायल हो गए। सभी को सीएचसी लाया गया। जहां से सागर, अरमान व बृजभान को रेफर किया गया। वाराणसी पहुंचने के पहले सागर की मौत हो गयी। जिसके बाद दादी व दादा का रोरोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पिकअप के धक्के से युवक की गई जान

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ पर बृहस्पतिवार अपराहन दो बजे अज्ञात वाहन ने खेत से घर लौट रहे कृष्ण कुमार गौड़ पुत्र अरविंद प्रसाद (30) को अज्ञात और नियंत्रित पिकअप ने मारी टक्कर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहुल कुमार गौड़ पुत्र अरविंद प्रसाद एवं सगा भाई कृष्ण कुमार पुत्र अरविंद प्रसाद खेत में काम करके अपने गांव मिजार्बाद लौट रहे थे कि उसी समय रास्ते में तेतरिया मोड़ पर मिजार्बाद के तरफ से आती हुई एक अनियंत्रित पिकप ने कृष्ण कुमार गौड़ को टक्कर मार दिया। जिससे कृष्ण कुमार गौड़ की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का सगा भाई अरविंद कुमार गौड़ ने थाने लिखित तहरीर दिया है। थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सतेंद्र कुमार राय ने बताया कि अज्ञात पिकप वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली गई है। अज्ञात वाहन एवं चालक की तलाश जारी है।

# रात्रि में आवास पर नहीं रुकते अधिकारी-कर्मचारी

यह है हाल

### शासन-प्रशासन के आदेशों की उड़ रही खिल्ली



खंड विकास अधिकारी कार्यालय।

**मरदह।** शासन के सख्त निर्देश के बाद भी ब्लॉक मुख्यालय स्थित बनाए गए दर्जनों आवासों में कर्मचारी एवं अधिकारी रात में प्रवास नहीं करते है। ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी शासन-प्रशासन के आदेश को ताक पर रखकर जिला मुख्यालय पर मौज उड़ा रहे है। जिससे आए दिन अधिकारी के देर से पहुंचने से फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है।

इन कर्मचारियों और अधिकारियों के कार्यालय से दोपहर बाद चले जाने और अगले दिन सुबह असमय आने के कारण ब्लाक मुख्यालय पर विभिन्न कामों को लेकर आने वाले फरियादियों और आमजनों परेशानी होती है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया ब्लाक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत सहित इसके इतर अन्य कोई भी कर्मचारी रात्रि प्रवास नहीं करता है। समस्याओं के निस्तारण के लिए लोगों को भटकना पड़ता है इधर-उधर जबकि ब्लाक में काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए दर्जनों आवास बनाए गये है, लेकिन ये सरकारी कर्मी सरकार के ही बनाए आवास में रहने के बजाए खुद के निजी आवासों में रहते है। जबकि कई भवनों में पानी,बिजली आदि की सुविधाएं उपलब्ध है।वहीं कर्मचारियों की माने तो आवास जर्जर होने से रहने में दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरह से ब्लाक स्तरीय कर्मी एवं अधिकारी सरकार के आदेश की खिल्ली उड़ा रहे हैं,वह निश्चित ही गंभीर विषय है। अगर ये लोग ब्लाक मुख्यालय पर बने सरकार आवास में रात को निवास करते तो समय से कार्यालय खुलता और उनके समय से उपस्थित रहने पर विभिन्न कामों के निस्तारण को लेकर आने वाले आम लोगों के साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को भी काफी सहूलियत मिलती। कर्मचारियों के रात्रि में प्रवास न होने के कारण शासन के सख्त निर्देश की उड़ रही खुलेआम धज्जियां। जिससे यह प्रतित हो रहा है कि विकास खंड मुख्यालय पर योगी सरकार का हनक बेअसर साबित हो रहा है।

## एनएचआई की जमीन पर कब्जा करने वालों पर गिरेगी गाज

जनसंदेश न्यूज

कार्रवाई

### सरकारी मुआवजा पाने के बावजूद एनएचआई की जमीन पर कब्जा करके मकान निर्माण किये जाने का आरोप

### लेखपाल,कानूनगो को भी पड़ी फटकार

**मरदह।** यूपी सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद अतिक्रमणकारी सरकारी भूमि पर कब्जे से बाज नही आ रहे है। कई-कई बार मीटिंगों में जिलाधिकारी ने मातहतों को सख्त निर्देश भी दिया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

जिसका असर भी होता दिख रहा है। एक ऐसे ही प्रकरण की जांच करने सदर तहसीलदार अभिषेक राय बरही पहुँचे। शिकायतकर्ता जितेंद्र बरनवाल द्वारा आरोप है कि बरही निवासी मनीष जायसवाल,लक्ष्मण गोंड,फागु जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल आदि लोगो द्वारा सरकारी मुआवजा पाने के बावजूद एनएचआई की जमीन पर कब्जा करके मकान निर्माण किये हुए है,आरोप है कि मौके पर इनलोगो की नाममात्र की जमीन ही बची हुई है। जब तहसीलदार को पता चला कि ये लोग सरकारी चकरोड पर कब्जा करके मकान खड़ा कर चुके है। लेखपाल,कानूनगो को भी कड़ी फटकार लगाई और कहा कि किसी भी हालत में सरकारी जमीन से कब्जा हटवाईये।

तहसीलदार अभिषेक राय ने बताया सरकारी जमीन पर कब्जे के साथ साथ एनएचआई की जमीन पर कब्जे की शिकायत मिली थी। मौके पर निरीक्षण किया गया है जल्द ही कब्जा करने वालों के खिलाफ नोटिस जारी की जाएगी।

# उद्योगपतियों पर टैक्स का पैसा लुटा रही सरकार

सभा

### किसानो की दशा दिन पर दिन बदहाल होती जा रही

### सरकार के अजेंडे में किसान,मजदूर,गरीब है ही नहीं

जनसंदेश न्यूज



सिरगिथा में बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव जनार्दन राम।

**गाजीपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच कमेटी सिरगिथा में स्थानीय बाजार में सरकार की जनविरोधी नीतियों,स्वास्थ्य केन्द्रों की दुर्दशा, एवं अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सार्वजानिक सभा संपंन हुई। राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव ने कहा कि जनता के टैक्स से बने देश का खजाना जनता के ऊपर खर्च न करके कार्पोरेट घराने पर लुटा रही है।

स्वास्थ्य सेवाएं,शिक्षा,रोजगार,की हालत खस्ता हाल है। नये औद्योगिक संस्थानों की स्थापना नहीं हो रही है। पिछली सरकारों की उपलब्धियों को निजी हाथों में सौपा जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था चौपट है। देश को बचाने के लिए सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने कहा की किसानो की दशा दिन पर दिन बदहाल होती जा रही है। लागत महँगी और उत्पादन सस्ता है। सरकार के अजेंडे में किसान,मजदूर,गरीब है ही नहीं।पार्टी जिला सचिव जनार्दन राम ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी किसानों, मजदूरों, शोषितो पीड़ितों का संगठन है। इन्ही का राज कायम करना हमारा लक्ष्य है। सभा को सह सचिव राम अवध,ईश्वर लाल गुप्ता, राजदेव यादव, राजेंद्र खरवार,डॉक्टर शिवमूरत बिंद,राम शुक्ला, मोहन प्रसाद,रामदरश राम,लौटू,दुर्ग विजय,सुरेश बिंद आदि ने सम्बोधित किया अध्यक्षता रामराज बिंद एवं संचालन ब्लॉक मंत्री बच्चेलाल यादव ने किया।

## राज्यपाल के हाथों छात्राओं को मिला गोल्ड मेडल

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरूवार को आयोजित दीक्षांत समरोह में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तकनीकी शिक्षा एवं शोध संस्थान (टेरी), पीजी कॉलेज की बीसीए की छात्रा प्रीति यादव एवं बीबीए की छात्रा अमीषा पटेल को आनंदी बेन पटेल, राज्यपाल के द्वारा गोल्ड मैडल प्रदान किया गया।

बीसीए की छात्रा प्रीति यादव ने 86.96 प्रतिशत अंक अर्जित कर विश्वविद्यालय में टॉप कर यह कीर्तिमान रच पुरे जनपद का नाम तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में रौशन किया है। वर्तमान में प्रीति यादव इसी संस्थान की एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। साथ ही बीबीए की छात्रा अमीषा पटेल ने 80.58 प्रतिशत अंक अर्जित कर विश्वविद्यालय में टॉप कर यह कीर्तिमान बनाया है।

संस्थान के सचिव/प्रबंधक अजीत कुमार सिंह, अपर महाधिवक्ता ने अपनी दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर अति प्रसन्नता जाहिर की और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रदान की। उन्होंने तकनीकी शिक्षा को और अत्याधुनिक, उत्कृष्ट और गुणवत्ता पूर्ण बनाने और इस प्रकार के होनहार युवा प्रदान करने के लिए हर प्रयास और सुविधाओं से संस्थान को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। सहायक निदेशक डा.अजीत प्रताप सिंह ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाईयाँ प्रदान की। इसके साथ ही इन छात्राओं के गोल्ड मेडल के लिए चयनित होने पर संस्थान प्रबंधन, प्रशासन, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने भी अपार हर्ष जाहिर किया है।

डॉ. अमित प्रताप ने यह भी अवगत कराया की टेरी के छात्र छात्रों की यह उपलब्धि लगातार 2012 से अनवरत चली आ रही है और पुनः इस बार संस्थान की इन छात्राओं ने विश्विद्यालय में टॉप कर संस्थान और जनपद का मान बढ़ाया है। कोविड के दौरान हीं यह उपलब्धि इस संस्थान की नाम नहीं हो पाई अन्यथा बीसीए एवं बीबीए के साथ-साथ एमसीए के छात्र भी टॉपर्स की सूची में हमेशा से रहे है।

# शहर ने लिया बड़ा आकार, रिंग रोड की महसूस हो रही दरकार

बातचीत


### स्थानीय लोग हो रहे मुखर

**गाजीपुर।** तेजी से बढ़ रही घनी आबादी और सड़क पर वाहनों की भीड़ से बचने के लिए 45 वर्ष विनियमित क्षेत्र के महायोजना में शामिल शहर के चारों तरफ रिंग रोड की जरूरत अब बढ़ गई है।

रिंग रोड के लिए स्थानीय नागरिक भी मुखर हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि रिंग रोड बनने से शहर के विकास की तस्वीर संवर जाएगी और यातायात सुविधा दुरूस्त होने के साथ जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। जिला मुख्यालय पर बीते दो दशक में तेजी से बढ़ी आबादी और वाहनों की भीड़ से शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।? आसपास हुए तेजी से निर्माण से वर्तमान में शहर की आबादी ढ़ाई लाख से अधिक पहुंच चुकी है सड़क पर गुजरने वाले वाहनों की तादाद भी अधिक है। जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम, रेलवे ट्रेनिंग सेंटर व दर्जनों विद्यालय बने तो दायरा और बढ़ गया। रौजा, फुल्लनपुर, चंदननगर, रजदेपुर, बीकापुर, गोंडा देहाती, जमानियां तिराहा, आलमपट्टी तक क्षेत्र का विस्तार हुआ है। यदि रिंग रोड पर काम हुआ तो नेशनल हाईवे से जमानियां, मुहम्मदाबाद, मरदह जाने के लिए नया मार्ग बन जाएगा उसके बाद मुख्य शहर में भारी वाहनों को आने जाने से जाम की समस्या दूर हो जाएगी। वही चारों तरफ से शहर के अंदर आने वाले मार्गो को बाहरी क्षेत्र में जोड़ दिया जाए तो यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।


रिया सिंह।


शारदा राय।


अवधेश कुमार पाण्डेय।


सिद्धार्थ शंकर राय।

### नागरिक बोले-

बाहरी हिस्से में रिंग रोड के निर्माण से शहर में नए व्यावसायिक क्षेत्र विकसित होंगे, जिससे आवागमन दुरूस्त होगा और शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

**रिया सिंह, छात्रा**

बाहरी वाहनों के शहर में प्रवेश से आए दिन जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। रिंग रोड के निर्माण से शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त हो जाएगी।

**शारदा राय, पीरनगर**

रिंग रोड का निर्माण पहले हो जाना चाहिए था, इससे शहर में काफी हद तक जाम से निजात मिल जाएगी और राहगीरों को आने जाने में समय की बचत होगी।

**अवधेश कुमार पाण्डेय, स्थानीय नागरिक**

रिंग रोड के निर्माण से शहर में वाहनों की भीड़ कम होगी, शहर में व्यापारिक आवागमन बढ़ने से विकास के साथ ही शहर की खूबसूरती भी बढ़ेगी।

**सिद्धार्थ शंकर राय, समाजसेवी।**

## आरएस कान्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



बाराचवर स्थित आरएस कान्वेंट स्कूल में कार्यक्रम के दौरान शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं।

**बाराचवर।** आरएस कान्वेंट स्कूल बाराचवर में गुरुवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किये छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल, कप,एवं प्रशस्तिपत्र पत्र देकर बतौर मुख्यअतिथि राजकुमार सिंह ने सम्मानित किया।

श्री सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता से छात्र-छात्रों में छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आती है तथा जब बच्चों को शील्ड मेडल,कप तथा प्रस्सतिपत्र से सम्मानित किया जाता है तब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिलती है। पढ़ाई के दौरान खेल भी बहुत जरूरी है। जब बच्चे खेल लेते है तो पढ़ाई मे मन लगता है।उन्होंने शिक्षकों से आवाहन किया कि आप लोग पुरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षित तथा प्रशिक्षत करे ताकि आने वाले समय के ये बच्चे भविष्य है। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक परमहंस सिंह, भीष्मदेव,रमेश, यशवन्त, अर्जुन राम पाल, अरून, रविन्द्र, जयप्रकाश, हृदयनारायण, दीपक, विश्वजीत, रितेश, विशाल, गौतम, सुमन , जेबा साहिन, पुजा, मोनिका, अम्बिका, अनामिका, नाहिदा, रेनू, सपना, अभिषेक, राहुल, बलवन्त सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# पूर्वोत्तर को अफस्पा मुक्त करना कहीं चुनावी जुमला तो नहीं?

**दिनकर कुमार**



विवादास्पद सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को लोकतंत्र और मानवाधिकार विरोधी दमनकारी कानून माना जाता रहा है। इस बर्बर कानून का दंश भारत में कश्मीर के साथ पूर्वोत्तर राज्यों की जनता को झेलना पड़ता रहा है। अब नगालैंड के पूर्वोत्तर हिस्से के त्युएनसांग शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि अफस्पा अगले तीन-चार वर्षों में पूरे नगालैंड से हटा लिया जाएगा। सवाल पैदा होता है कि क्या भाजपा सरकार सचमुच इस विवादास्पद कानून को हटा देगी या यह उसके दूसरे लुभावने वादों की तरह महज एक चुनावी जुमला ही साबित होने वाला है?

इससे पहले अप्रैल 2022 में शाह ने असम, नगालैंड और मणिपुर के कई जिलों से अफस्पा को वापस लेने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि यह कदम सरकार द्वारा उग्रवाद को समाप्त करने और पूर्वोत्तर में स्थायी शांति लाने के लिए लगातार प्रयासों और कई समझौतों के कारण बेहतर सुरक्षा स्थिति और तेजी से विकास का परिणाम है।

अप्रैल 2022 में कहा गया था कि असम, मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष) अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को अगले छह महीने के लिए बनाए रखा जा रहा है।

अधिनियम की धारा 3 के तहत, राज्य सरकारों और गृह मंत्रालय के पास अफस्पा के तहत क्षेत्रों को अधिसूचित करने की समवर्ती शक्तियाँ हैं। असम में गृह मंत्रालय 2017 तक 'अशांत क्षेत्र' आदेश जारी कर रहा था। तब से असम हर छह महीने में अधिसूचना का नवीनीकरण कर रहा है।

अधिनियम सशस्त्र बलों को कानून के उल्लंघन में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को मारने, वारंट के बिना किसी को गिरफ्तार करने और किसी भी परिसर में तलाशी लेने और केंद्र सरकार की मंजूरी के बिना अभियोजन और कानूनी मुकदमों से सुरक्षा के लिए बेलगाम अधिकार देता है।

'असम में अफस्पा को उन क्षेत्रों में बरकरार रखा गया है जो नगालैंड सीमा से सटे हैं। नगालैंड में एक शांति प्रक्रिया चल रही है और एक बार जब यह समाप्त हो जाती है, तो हम विशेष अधिनियम के तहत क्षेत्रों को और कम करने में सक्षम होंगे,' जी.पी. सिंह, तत्कालीन विशेष पुलिस महानिदेशक, असम ने मीडिया को बताया था।

केंद्र नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान खोजने के लिए नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (इसाक-मुइवा) और सत नागा राष्ट्रीय राजनीतिक समूहों (एनएनपीजी) के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। नगा शांति वार्ता में प्रमुख पक्ष इसाक-मुइवा गुट नगाओं के लिए एक अलग संविधान और एक अलग ध्वज और पड़ोसी असम, मणिपुर में नगा-बहुल क्षेत्रों को एकीकृत करके 'ग्रेटर नगालैंड' या नगालिम के निर्माण की मांग कर रहा है। नगालैंड के एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि भूमिगत समूहों के आंदोलन को रोकने के लिए तीन राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में अफस्पा को जारी रखना आवश्यक था।

पहली बार 1 अप्रैल 2022 को असम के 60% हिस्से से अफस्पा को पहली बार हटाया गया। उससे पहले 2020 और 2021 में राज्य ने आत्मसमर्पण करने वाले हथियारों की संख्या और गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों की संख्या में वृद्धि देखी। 2020 और 2021 में गिरफ्तार उग्रवादियों की संख्या क्रमशः 146 और 216 थी, जबकि इसी अवधि में आत्मसमर्पण किए गए हथियार 342 और 432 थे। 2022 में 131 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए और 83 हथियार सरेंडर किए गए।

अधिकारी ने कहा कि विशेष वैधानिक शक्ति को हटा दिया गया था क्योंकि हिंसा कम हो गई थी और कई उग्रवादी मारे गए थे। उन्होंने कहा कि अफस्पा की अब आवश्यकता नहीं थी क्योंकि स्थिति में सुधार के लिए उत्तरी सीमा (लद्दाख) में बलों को स्थानांतरित करने से पहले ही राज्य में सशस्त्र बलों की उपस्थिति कम हो गई थी। ह्लजब कोई सेना तैनात नहीं है, तो अफस्पा को जारी रखने का क्या मतलब है? दंड प्रक्रिया संहिता के तहत पुलिस के पास पर्याप्त प्रावधान हैं,ह्व श्री सिंह ने कहा। भारत और चीन लद्दाख में अप्रैल-मई 2020 से गतिरोध में लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) का परेश बरुवा गुट एकमात्र प्रमुख उग्रवादी समूह था जो अभी भी सक्रिय था। परेश बरुवा म्यांमार में रह रहे हैं।

श्री सिंह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की टर्नअराउंड अवधि में सुधार हुआ है क्योंकि जबरन वसूली की मांग में कमी आई है। 'यदि कोई क्षेत्र उग्रवाद से मुक्त है, तो जबरन वसूली भी खत्म हो गई है, क्षेत्र स्वचालित रूप से निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। पहले उन्हें अधिक समय लगता था क्योंकि वे काम को अंजाम देने के लिए पुलिस सुरक्षा घेरे का इंतजार करते थे।'

15 सितंबर 2022 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पूर्वोत्तर में अंतर सीमा विवादों को हल करना और 2024 से पहले क्षेत्र में सभी सशस्त्र विद्रोही समूहों के साथ समझौता करना है।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इसका समर्थन करते हुए बताया कि मणिपुर के कुछ हिस्सों से अफस्पा के निरस्त होने के बाद 78 उग्रवादी मुख्यधारा में शामिल हो गए थे। उन्होंने कहा कि राज्य में अधिकांश उग्रवादी समूहों ने सरकार के साथ संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

मणिपुर में, जिसमें 16 जिले हैं, छह जिलों के 15 पुलिस स्टेशनों को अशांत क्षेत्र की परिधि से बाहर कर दिया गया है। जिन क्षेत्रों में अफस्पा जारी है वे नगालैंड से सटे हुए हैं या म्यांमार के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

अरुणाचल प्रदेश में, तिरप, चांगलांग, और लोंगडिंग जिले और असम सीमा के साथ राज्य के नमसाई जिले में नमसाई और महादेवपुर पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि चिंतक हैं)**

# बीबीसी, वाशिंगटन पोस्ट और जॉर्ज सोरोस

**समय- संदर्भ**

**रविभूषण**



इक्कीसवीं सदी का भारत तीसरे दशक के आरंभ में एक नयी स्थिति में है। भारत के प्रधानमंत्री फिर कठघरे में हैं। इंग्लैड और संयुक्त राज्य अमेरिका की स्वतंत्र पत्रकारिता से भारत की बिकाऊ और भ्रष्ट पत्रकारिता की कोई तुलना नहीं की जा सकती। सत्ता और सरकार का संग-साथ देनेवाला 'गोदी मीडिया' लगातार सच्ची खबरों को प्रकाशित होने से रोक रहा है। उसने घुटने टेक दिये हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2022 के अनुसार भारत दुनिया के देशों में पिछले वर्ष 2022 के 142वें स्थान से लुढ़क कर अब 150वें स्थान पर है। 'रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स' (आर एस. एफ) की रिपोर्ट पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ब्रिटेन का (यूके) राष्ट्रीय प्रसारक है। एक सदी पहले 18 अक्टूबर 1922 को मारकोनी सहित प्रमुख वायरलेस निमार्ताओं के एक समूह ने इसे बनाया था, जो लगभग एक महीने बाद 14 नवम्बर 1922 को मारकोनी के लंदन स्टूडियो 2 छड स्ट्रैंड में आरंभ हुआ। 14 नवम्बर 1922 को तैंतीस वर्षीय स्कॉटिश इंजीनियर जॉन रिथ रीथ को बीबीसी का महाप्रबंधक बनाया गया। लंदन में इसकी पहली रेडियो सेवा 2 छड शुरू हुई। उस समय चार्ल्स वाल्सम रीथ (20.7.1889 - 16.6.1971) के मार्ग दर्शन के लिए कोई नियम और मानक नहीं था। उन्होंने नवाचार करना आरंभ किया और नव नियुक्त मुख्य अभियन्ता पीटर एकर्सली (6.1.1892- 18.3.1963) की सहायता से सेवा-विस्तार आरंभ किया। जॉन रीथ यूनाइटेड किंगडम के सूचना मंत्री भी बने। रेडियो टाइम्स बीबीसी का अधिकारिक अंग था। जनवरी 1927 में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना हुई। 1 मई 1940 को बीबीसी हिन्दी (एक अन्तरराष्ट्रीय समाचार सेवा) का आरंभ हुआ, जो आरंभ में रेडियो के माध्यम से संचालित होती थी। रॉयल चार्टर बीबीसी के लिए संवैधानिक आधार बनाता है। बीबीसी की विश्वसनीयता पर बहुत कम संदेह किया जाता है, पर अब यह नरेन्द्र मोदी पर निर्मित एक वृत्त चित्र (डॉक्यूमेंट्री) के कारण एक साथ चर्चा और विवाद में है।

पिछले महीने 17 जनवरी को बीबीसी की दो भागों की टेलीविजन 'इन्वेस्टिगेटिव डॉक्यूमेंट्री' - 'इंडिया द मोदी क्वेश्चन' के पहले भाग को ब्रिटेन में प्रसारित किया गया। इस वृत्त-चित्र में 2002 का गुजरात नरसंहार था। 2002 के गुजरात नरसंहार के तुरंत बाद ब्रिटिश विदेश कार्यालय ने इसकी एक जाँच आरंभ की थी। बीबीसी के इस वृत्त चित्र में पहली बार उन जाँच निष्कर्षों को सामने लाया गया है। ब्रिटिश विदेश कार्यालय की जांच का शीर्षक था 'सब्जेक्ट : गुजरात प्रोग्रोम'। इस जाँच में यह कहा गया था कि जो भी रिपोटिंग हुई थी, उससे कहीं अधिक हिंसा का विस्तार/फैलाव था। कम-से-कम दो हजार लोग मारे गये थे। मुस्लिम महिलाओं के साथ व्यवस्थित ढंग से बलात्कार किया गया था और 1 लाख 38 हजार आंतरिक रिफ्यूजी थे। हिन्दू और हिन्दू - मुस्लिम मिश्रित इलाकों के सभी मुसलमान व्यापारियों का लक्ष्य बना कर ध्वंस किया गया था। महीनों पहले से हिंसा की योजना बनायी गयी थी, जिसका मकसद हिन्दू इलाकों से मुसलमानों को हटाना था। राज्य सरकार के संरक्षण में विहिप (विश्व हिन्दू परिषद्) इन घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इस जाँच में यह कहा गया था कि मोदी के मुख्यमंत्री रहते हुए समाधान असंभव है। यह रिपोर्ट पहली बार बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री में ही आई है, जिसमें साफ शब्दों में यह कहा गया है कि नरेंद्र मोदी इसके सीधे जिम्मेदार हैं। 2002 की इस घटना ने दुनिया के सामने भारत को शर्मशार किया।

यूरोपीय संघ ने भी एक जाँच आरंभ की थी। इस डॉक्यूमेंट्री पर भारत सरकार की प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी। उसने इसे 'पक्षपातपूर्ण' कहा। इस वृत्त चित्र को सेंसर करने के भी परयत्न किये गये। इसका दूसरा भाग 24 जनवरी को प्रसारित हुआ। सरकार ने वृत्त - चित्र के पहले भाग पर प्रतिबंध लगाया। दूसरे भाग में नरेन्द्र मोदी के 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में साम्प्रदायिक माहौल, मुसलमानों की स्थिति आदि की चर्चा है। भारत सरकार ने इसे 'निरन्तर औपनिवेशिक मानसिकता' को दशार्ने वाला कहा है। दूसरे भाग की श्रृंखला 5 अगस्त 2019 तक की है, जब जम्मू और कश्मीर की कानूनी स्थिति में बदलाव किया गया और 370 को समाप्त किया गया। इस भाग में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर (एन आर सी) को लेकर देश में हुआ विरोध भी है। डॉक्यूमेंट्री के अंत में यह कहा गया है कि नरेन्द्र मोदी के तहत, भारत बदल गया है। यह अत्यधिक लोकप्रिय और विभाजनकारी बना हुआ है!

डॉक्यूमेंट्री को बनाने में ₹विभिन्न राय रखने वाले लोगों, गवाहों और विशेषज्ञों से सम्पर्क₹ किया गया था। वृत्तचित्र सही सूचनाओं और शोध पर आधारित है। 'डॉक्यूमेंट्री पर उच्चतम सम्पादकीय मानकों के अनुसार शोध किया गया' है। डॉक्यूमेंट्री में फादर सेंट्रिक भी हैं। हरेन पांड्?या (गुजरात के पूर्व गृह राज्यमंत्री) की हत्या पर इस डॉक्यूमेंट्री बड़ा खुलासा किया गया है। हरेन पांड्या की हत्या की कोई गंभीर जाँच नहीं हुई। भाजपा के सुब्रमण्यम स्वामी ने इस डॉक्यूमेंट्री में हरेन पांड्या की हत्या पर शक करने की बात कही है। विगत घटनाएँ कभी मृत नहीं होती। कफन फाड़कर मुर्दे भी बोलते हैं। न्यायालय से नरेंद्र मोदी को 'क्लीन चिट' मिल चुकी है, पर इस डॉक्यूमेंट्री ने पुनः गुजरात के नरसंहार को सामने ला दिया है। आज की कई घटनाओं की यह विगत कथा है! डॉक्यूमेंट्री के पहले भाग में स्वपन दास गुप्ता बोलते हैं और दूसरे हिस्से में सिद्धार्थ वरदराजन। सरकार ने ट्विटर, यू ट्यूब को लिंक हटाने को कहा, पर अनेक शहरों और स्थानों में इसे देखा गया। डॉक्यूमेंट्री आर्काइवल फुटेज और साक्षात्कारों पर आधारित है। इसमें बीबीसी की वह महिला साक्षात्कार कर्त्री भी है, जिससे मोदी ने अपनी असहमति प्रकट की थी और यह कहा था कि किसी को भी सरकार के आन्तरिक मामलों में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। इस डॉक्यूमेंट्री को प्रतिबंधित करने के कारण सरकार ने नहीं बताये हैं। यह डॉक्यूमेंट्री केवल विगत- कथा नहीं है। इसे देखकर भारत की अघतन स्थिति का भी अनुमान किया जा सकता है। यह आज के भारत के बारे में है और कल के भारत के बारे में भी इसलिए है कि क्या हम कल का भारत आज के भारत की तरह ही निर्मित करना चाहते हैं? बिबिसी के दफ्तर पर पड़े छापों को सरकार ने 'सर्वे' कहा है जो 'रेड' है। क्या इस 'रेड' का मकसद सचमुच टैक्स की चोरी पकड़ना है या बीबीसी को डराना-धमकाना है? क्या यह 'रेड' नरेंद्र मोदी पर बनायी गई डॉक्यूमेंट्री के बदले की जाने वाली कार्रवाई नहीं है?

'वाशिंगटन पोस्ट' ने पिछले वर्ष 12 दिसम्बर को पहले पन्ने पर एक सूचना दी थी। शीर्षक था। ₹मोदी के भारत में, कोयले पर बना साम्राज्य : यह एक खोजी रिपोर्ट थी, जिसमें यह बताया गया था कि किस प्रकार झारखण्ड की भाजपा सरकार (रघुवर दास की सरकार) ने अडाणी के लिए अपनी ऊर्जा नीति में संशोधन किया।₹ वाशिंगटन पोस्ट एक प्रतिष्ठित पत्र है, जिसकी स्थापना संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में स्टिलसन हचिन्स (14.11-1838-23.4.1912) ने 6 दिसम्बर 1877 को की थी। इसकी प्रसार संख्या डेढ़ लाख से अधिक है, यह दैनिक समाचार पत्र 'पोस्ट' के रूप में भी जाना जाता है, इसका आदर्श वाक्य है 'लोकतंत्र अंधेरे में मर जाता है' (डेमोक्रेसी डाइज इन डार्कनेस)। इस आधिकारिक नारे को इस समाचार-पत्र ने सबसे पहले 22 फरवरी 2017 को अखबार की वेब साइट पर पेश किया। बॉब वुडवर्ड (26.3 1943) ने इस नारे (वाक्यांश) को लोकप्रिय बनाया। भारत में लोकतंत्र नष्ट किया जा रहा है, इसे समझने और बोलने वाले भारत में भी हैं और अन्य देशों में भी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट केवल अडाणी पर नहीं है, वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी से उनके संबंधों पर भी है। इस समाचार - पत्र ने अडाणी के पक्ष में मोदी सरकार द्वारा सारे नियमों, कानूनों के उल्लंघन से सबको परिचित कराया। उसकी चिन्ता में भारतीय लोकतंत्र है। इस दृष्टि से अडाणी पर की गयी उसकी रिपोर्ट एक तेज रोशनी की तरह है।

जॉर्ज सोरोस (12-8-1980) की अडाणी - हिंडनबर्ग मामले और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गयी टिप्पणी क्या भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए है? भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को स्वयं मोदी सरकार ने कमजोर किया है। बयानवे वर्षीय हंगरी - अमेरिकी स्टॉक निवेशक, जॉर्ज सोरोस की प्रसिद्धि 'बैंक ऑफ इंग्लैण्ड' को बर्बाद करने वाले के रूप में भी है। उन्होंने केवल मोदी की ही नहीं, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भी आलोचना की है। म्यूनिख सिक्योरिटी कॉंफ्रेंस के पहले एक भाषण में उन्होंने मोदी और अडाणी को एक दूसरे के करीबी कहा है। वे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को लोकतांत्रिक नहीं मानते हैं। भारत में भी मोदी को लोकतांत्रिक न मानने वालों की एक अच्छी संख्या है, सोरोस एक हंगेरियन-अमेरिकन अरबपति व्यवसायी और समाजसेवी हैं। वित्त (फाइनेंस) में उनकी रूचि किशोरावस्था में ही विकसित हो चुकी थी। एक समृद्ध यहूदी परिवार में जन्मे सोरोस ने लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स में अपनी पढ़ाई के लिए रेलवे पोर्टर और वेटर का भी काम किया है। उनकी इच्छा एक दार्शनिक बनने की थी- बारह वर्ष की उम्र में उन्होंने अरस्तू (ईसापूर्व 384 - 322) को पढ़ना आरंभ किया था। सत्रह वर्ष की अवस्था में वे लंदन पहुँचे थे दो बार लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स में प्रवेश से वे वंचित रहे और तीसरी बार उन्हें सफलता मिली, उनके समय में वहाँ ऑस्ट्रियाई - ब्रिटिश दार्शनिक कॉर्ल पॉपर (28-7.1903 - 17-9-1944) थे, जिन्हें बीसवी शताब्दी का एक 'प्रमुख मस्तिष्क' माना जाता है। कॉर्ल पॉपर ने राजनीतिक दर्शन पर दो खण्डों में अपनी पुस्तक प्रकाशित की ₹द ओपन सोसायटी एण्ड इट्स एनिमीज' (1945) और 'द हाई टाइड ऑफ प्रोफेसीः हेगेल, मार्क्स एंड द आफ्टर मैथ' पहला खंड प्लेटो पर है। जॉर्ज सोरोस को 'ओपन सोसायटी' का सूत्र यहीं से मिला। 2019 में उनकी एक पुस्तक आई- इन डिफेंस ऑफ ओपन सोसायटी।

जॉर्ज सोरोस अन्य अरबपतियों, व्यवसायियों से भिन्न हैं, उन्होंने ओपन सोसायटी फाउंडेशन की स्थापना अप्रैल 1993 में की। कॉर्ल पॉपर की पुस्तक 'द ओपन सोसायटी एंड इट्स 3 एनिमीज' से प्रेरित होकर यह नामकरण किया गया था। सोरोस का नाम लोकतंत्र, मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने वालों की सूची में है। अपने 'ओपन सोसायटी फाउंडेशन' के - जरिये उन्होंने अरबो डॉलर दान किये हैं। उनका नजदीकी संबंध डेमोक्रेटिक पार्टी से है, जिस कारण रिपब्लिकन पार्टी उनकी आलोचना करती रहती है। वे बराक ओबामा के राष्ट्रपति अभियान के पीछे थे। पिछले वर्ष 2022 में सोरोस ने डेमोक्रेटिक पार्टी को 28.5 मिलियन डॉलर का दान दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश को हटाने के लिए उन्होंने करोड़ों डॉलर खर्च किये थे। 1984 में उसने रूस के और 1986 में चीन के खिलाफ अभियान को आर्थिक मदद की थी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के खिलाफ अभियान के लिए उन्होंने पैसा दिया था। उन पर इजरायल के नेता नेतन्याहू के खिलाफ अभियान चलाने के लिए भी फंड देने का आरोप है। मलयेशिया के महाथिर बिन मोहम्मद 16 जुलाई 1987 से 31 अक्टूबर 2003 तक चौथे प्रधानमंत्री थे। 10 मई 2018 से वे पुनः प्रधान मंत्री हैं। सोरोस ने उन्हें अपने देश का खतरा और 'मलयेशिया की वास्तविक समस्या ' बताया था। सोरोस पर भाजपा का आरोप है कि उनका कथन भारतीय चुनावों को प्रभावित करने के लिए है। क्या भारतीय चुनावों के परिणाम तय करने की क्षमता किसी भी विदेशी अरबपति को है? क्या सोरोस 'अराजकता का एजेंट' हैं?

वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम की बैठक में सोरोस ने नरेन्द्र मोदी की आलोचना की और यह कहा कि ₹भारत को हिन्दू राष्ट्रवादी देश बनाया जा रहा है₹। उन्होंने भारत में 'राष्ट्रवाद' के आगे बढ़ने की बात कही, जो 'सबसे बड़े झटके' के समान है। भाजपा का उन पर यह आरोप है कि वे भारतीय लोकतंत्र को तबाह करना चाहते हैं और यह मंशा रखते हैं कि यहाँ भारत में कुछ खास लोग सरकार चलायें। हकीकत भिन्न है। सोरोस की चिंता में भारत का 'लोकतान्त्रिक पुनरुद्धार' है। 2017 तक उनके ओपन सोसायटी फाउंडेशन की शाखाएँ 37 देशों में थी। वे भारत की संघीय सरकार पर नरेंद्र मोदी की मजबूत पकड़ से कुछ चिंतित हैं- ₹मैं भोला हो सकता हूँ, लेकिन मुझे भारत में एक लोकतांत्रिक पुनरुहार की उम्मीद है₹। उनकी पुस्तको से उनकी चिंताओं को समझा जा सकता है। ₹द बबल ऑफ अमेरिकन सुपरमेसी : द कौस्ट्स ऑफ बुश्ज वार इन इराक (2004), 'द ट्रैजेडी ऑफ यूरोपियन यूनियन' (2014), 'द सोरोस लेक्चर्स एट द सेंट्रल यूरोपीयन यूनिवर्सिटी' (2011) 'द क्राइसिस ऑफ ग्लोबल कैपिटलिज्म : ओपन सोसायटी एनडैन्जर्ड, (1998) अन्डर राइटिंग डेमोक्रेसी (1991) आदि। सोरोस की लगभग 15 किताबें हैं। माइकल टी. कॉफमैन ने 2003 में ही उनकी जीवनी लिखी थी- सोरोस : द लाइफ एण्ड टाइम्स ऑफ ए मेसियानिक बिलिनायर।'

पिछले दो महीनों में विदेशी समाचार-पत्रों ने भारत को लेकर जो चिंताएँ प्रकट की हैं, उन्हें शान्त चित्त से देखा-समझा जाना चाहिए। छवि-निर्मित कार्यों से होती है, भाषणों और वाग्जालों से नहीं। देश में उठती आवाजें रोकी जा सकती हैं, पर बाहर की इन आवाजों को हम सुनें या इनकी अनदेखी करें?

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# राजनीतिक बिसात पर 2024 का रोड मैप

**प्रसंगवश**

**राजशेखर चौबे**



उस जमाने के सोवियत रूस के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के दुर्ग शहर में भी शतरंज काफी लोकप्रिय था। सड़क किनारे खेलने वालों की भीड़ होती और एक शक्तिशाली प्लेयर के विरुद्ध हम जैसे दसों लोग खेलते फिर भी वही जीतता था । आज देश के यशस्वी मुखिया श्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध विपक्ष की हालत भी वैसी ही है । विपक्ष कमजोर है और हमेशा कमजोर का साथ देना चाहिए इसीलिए मैं विपक्ष के साथ हूँ। विपक्ष की भलाई इसी में है कि वे यह समझ ले कि वह पांच मैचों में पहले दो मैच हार चुके हैं और बचे हुए तीनों मैच उन्हें जीतना है । मोदी जी बढ़त ले चुके हैं। प्रमुख विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अति उत्साह में दिख रही है लेकिन 2024 के आम चुनाव में इसका विशेष असर नहीं होगा । जिससे आपको लड़ना है आपको उनकी ताकत और कमजोरी पता होना चाहिए । पहले हम भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( ठउ्अ ) के ताकत की चर्चा करेंगे ।

नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इस सरकार ने हिंदुत्व को बढ़ावा दिया जिसके अंतर्गत अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 की समाप्ति , काशी कॉरिडोर का निर्माण, सी ए ए एनआर सी का केवल विधेयक पारित करना आदि है । मौजूदा सरकार की दूसरी ताकत है रेवड़ी यानी फ्रीबिस का वितरण । लगभग 80 करोड़ गरीब लोगों को अभी भी मुफ्त राशन दिया जा रहा है , प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना जैसे कई योजनाएं हैं । इस सरकार की तीसरी ताकत है आक्रामक राष्ट्रवाद का हिमायती होना । कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम बताया था लेकिन मैं इसमें उग्र राष्ट्रवाद को भी जोड़ना चाहूंगा । उग्र राष्ट्रवाद का रास्ता घृणा से होकर गुजरता है । इस सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और ताकत है मीडिया का अधिग्रहण । आज प्रत्येक निष्पक्ष नागरिक यह जानता है कि कुछ गिने-चुने अखबारों को छोड़कर पूरा मीडिया सरकार के कब्जे में है । सोशल मीडिया खासकर व्हाट्सएप का इस सरकार ने बेहतर इस्तेमाल किया है और अपना एजेंडा आगे बढ़ाने का काम किया है । इस सरकार को मोदी जी की मनमोहक छवि का भी लाभ मिल रहा है । इस छवि को गढ़ने में मीडिया का विशेष रोल है हालांकि वे उन्हें इसका श्रेय नहीं देते हैं। अब हम मौजूदा सरकार की कमजोरियों की चर्चा करेंगे । इस सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी है गरीबी महंगाई और बेरोजगारी का बढ़ना । इस सरकार की आर्थिक नीतियां खासकर नोटबंदी जीएसटी तालाबंदी ने आम जनता की कमर ही तोड़ दी है । केंद्र सरकार को जी एस टी का लाभ हुआ है परंतु राज्य सरकारों की केंद्र पर निर्भरता बढ़ी है और वे याचक की भूमिका में आ गए हैं । पिछले नौ वर्षों में गरीब और गरीब हुआ है और अमीर और अमीर हुआ है इसे कोई नकार नहीं सकता । प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार का वादा किया गया परंतु इन नौ वर्षों में एक लाख बेरोजगारों को भी रोजगार नहीं मिला है । इस सरकार की दूसरी कमजोरी है कारपोरेट का हिमायती होना। पहले कारपोरेट छिपकर अपना काम करते थे । अब वे छुपकर चंदा ( इलेक्टोरल बांड ) देते हैं परंतु खुलकर अपना काम करते हैं । कोविड के दौरान पूरी दुनिया की दौलत कम हुई परंतु देश के कारपोरेट घरानों के धन में बेतहाशा वृद्धि हुई । कारपोरेट टैक्स घटाकर सरकार ने अपनी पक्षधरता बता दी है । कारपोरेट के द्वारा सरकार ने मीडिया पर कब्जा जमा रखा है । आज गरीबी महंगाई बेरोजगारी की बात करने वालों को देशद्रोही करार दिया जा रहा है। इस सरकार से मुस्लिम ,अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और पिछड़े समुदाय का एक बड़ा तबका नाराज है । उन्हें लगता है कि उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है । सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग केवल विरोधियों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है । सत्ता पक्ष के किसी भी नेता पर आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है, जनता इन बातों से वाकिफ है । इस सरकार में भी भ्रष्टाचार में कोई कमी नहीं आई है । आज भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बताया जा रहा है । भाजपा की चुनावी रैलियों और अन्य खर्चों को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उन्हें धन की कोई कमी नहीं है । आज वह सबसे धनवान पार्टी है । इलेक्टोरल बांड से भी उसे ही सबसे अधिक धन मिला है । आप यह भी नहीं जान सकते कि किसने उन्हें चंदा दिया है । क्या ईमानदारी से ऐसे चुनाव लड़े जा सकते हैं और क्या जनप्रतिनिधियों की इस पैमाने पर खरीद-फरोख्त की जा सकती है ? जन प्रतिनिधियों को धमकाने व डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों की मदद जगजाहिर है । संवैधानिक संस्थाएं जैसे चुनाव आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भी दबाव में नजर आ रहे हैं । न्यायपालिका के निर्णय भी विभिन्न कारणों से प्रभावित होते रहे हैं। कॉलेजियम को समाप्त कर न्यायपालिका पर भी कब्जे का प्रयास प्रारंभ हो गया है । विरोध में लिखने और बोलने वाले मीडिया संस्थानों को डराया व दबाया जा रहा है । बी बी सी पर छापा इसका ताजा उदाहरण है । अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित किया जा रहा है । इन वर्षों में हमें एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस के लायक नहीं समझा गया ।

इस समय विपक्ष के पास कोई ताकत नहीं है केवल सत्ता पक्ष की कमजोरी ही विपक्ष की ताकत है । विपक्ष में सभी विरोधी दल शामिल हैं । ये सभी विरोधी दल यह समझ लें कि यदि वे 2024 में नहीं जीत सके तो 2029 में भी नहीं जीत सकेंगे । भारतीय जनता पार्टी के पुराने सहयोगी शिवसेना और अकाली दल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग हो चुके हैं । अभी जो भी सहयोगी एन डी ए से जुड़े हुए हैं वे या तो डर से जुड़े हैं या लालच से । जिस दिन यह डर व लालच खत्म हो जाएगा वे भी अलग हो जाएंगे । एन डी ए का अर्थ केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा जिन क्षेत्रों में मजबूत है वहां बेहद मजबूत है और जहां कमजोर है वहां काफी कमजोर है । भाजपा प्रायः हिंदीभाषी क्षेत्र , कर्नाटक और गुजरात में मजबूत है । इस क्षेत्र में लोकसभा की 250 सीटें हैं । बची हुई 293 सीट पर भाजपा कमजोर है । इन 293 सीटों में भाजपा को अधिकतम 60 सीट मिल सकती हैं। बची हुई 250 सीटों में यदि विपक्ष 65% यानी लगभग 163 सीटों पर भाजपा को रोक ले तो वह भाजपा को 2024 में बेदखल कर सकता है । इस तरह भाजपा को 223 सीट पर रोका जा सकता है। सत्ता की मुख्य लड़ाई का केंद्र वही 250 सीट है जिस पर भाजपा मजबूत है । विपक्ष को उसी पर मुख्य ध्यान देना होगा।


सबसे पहले विपक्ष को वही करना होगा जो भाजपा करती आई है यानी कुछ मुद्दों को छोड़ना होगा जैसे धारा 370 की समाप्ति ,समान नागरिक संहिता, जनसंख्या नियंत्रण कानून सी ए ए एन आर सी कानून आदि । लगभग पूरे विपक्ष को एकजुट होना होगा । सीटों के लिए सबको दिल बड़ा रखना होगा। जिस राज्य में जो विपक्षी पार्टी अधिक ताकतवर है उसे ही कमान संभालनी होगी । उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं यदि 75 सीटों पर समझौता हो जाता है तो पांच सीटों पर फ्रेंडली कंटेस्ट भी हो सकता है । कांग्रेस जब सत्ता में थी तब यही कहा जाता था कि विपक्ष एक साल से अधिक न तो साथ साथ रह सकता है और न ही अलग-अलग । यह बात अब भी लागू होती है । विपक्ष को चुनाव पूर्व अपना नेता चुनने की गलती नहीं करनी चाहिए अन्यथा क्या होगा हम सभी जानते हैं । मोदी जी के सामने कोई भी विपक्षी चेहरा टिकने वाला नहीं है । किसी चेहरे को चुनने का मतलब है मोदी जी को वाकओवर देना । यह अधिक अच्छा होगा कि राहुल गांधी जी यह घोषणा कर दें कि मैं या गांधी परिवार का कोई भी सदस्य 2024 में प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं है । 1977 और 1989 का आम चुनाव 2024 में विपक्ष के लिए सबक हो सकता है । यदि इन चुनावों में चुनाव पूर्व नेता चुना जाता तो वह विपक्ष का ही नेता बनता । भाजपा भी इस मुद्दे पर मुखर नहीं हो सकती क्योंकि 2017 में उत्तर प्रदेश के चुनाव के बाद ही योगी जी को नेता चुना गया था । सोशल मीडिया प्रचार का सशक्त माध्यम बन गया है। भाजपा ने इसकी ताकत को भांप लिया है । विपक्ष को भी इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा । आम आदमी को समझाना होगा कि यह सरकार क्रोनी कैपटलिज्म वाली सरकार हैऔर अमीरों के हित में ही फैसले लिए जा यह हैं। इस सरकार से गरीब किसी चीज की उम्मीद न करें सिवाय खैरात के । अमीरों की बढ़ती अमीरी और गरीबों की बढ़ती गरीबी इस बात का प्रमाण है ।

2019 के लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस ने प्रत्येक गरीब परिवार को प्रतिवर्ष 72000 देने का वादा किया था । विपक्ष इस तरह के अविश्वसनीय वादों से परहेज करे । ऐसे वादे प्रायः हारने वाला दल ही करता है । पंद्रह लाख प्रत्येक परिवार को देने का वादा कर और कुछ भी न देकर दो बार चुनाव जीतने वाले बिरले ही होते हैं । आप जो वादे पूरे कर सके वही वादे किए जाने चाहिए। सत्ता पक्ष की मुख्य कमजोरी गरीबी महंगाई बेरोजगारी पर विपक्ष को पूरा जोर लगाना होगा । भाजपा को ध्रुवीकरण का लाभ मिलता है और इसके लिए वे प्रयास भी कर सकते हैं। इसके लिए विपक्ष को तैयार रहना होगा और विपक्ष के बयानवीरों को जुबान पर लगाम लगाना होगा। वर्ष 1977 में जनता दल का गठन अभूतपूर्व प्रयोग था जिसमें अधिकांश विपक्षी दल एक ही छतरी के नीचे आ गए थे । इसी तरह 1989 के चुनाव में भाजपा और कम्युनिस्ट एक साथ थे और कांग्रेस के विरुद्ध मिलकर लड़े थे । 2024 में भी भारतीय राष्ट्रीय पार्टी ( इफ्र ) जैसी किसी पार्टी का गठन अधिकांश विपक्षी दल मिलकर कर सकते हैं । भूले भटके यदि विपक्ष सत्ता में आ गया तो उसके लिए एक जरूरी संदेश है कि भ्रष्टाचार पर हर हालत में नियंत्रण पाना होगा ।

किसान आंदोलन ने किसानों की ताकत का एहसास करा दिया है । अब आम व गरीब आदमी की बारी है । अभी भी देश में कुछ हद तक लोकतंत्र कायम है और आम और गरीब आदमी अपने वोट के सहारे बहुत कुछ बदल सकता है। कारण चाहे जो भी हो लेकिन आम आदमी त्रस्त है और उसकी कहीं भी सुनवाई नहीं है । भले ही राहुल, ममता ,अरविंद, नीतीश आदि 2029 तक इंतजार कर सकते हैं लेकिन आम आदमी 2029 तक इंतजार करने के मूड में नहीं है जरूरत है उसे नेतृत्व प्रदान करने की । विपक्ष को ऐसा मौका दोबारा नहीं मिलेगा । देखना होगा क्या विपक्ष आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा अन्यथा जैसे दस वर्ष बीते हैं वैसे ही और पांच वर्ष भी अच्छे दिन की आस में गुजर जाएंगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9425596643)**

## शैलेंद्र शांत की गजलें



1.
बैठे-बैठे हाथ मलते रहिए, या खुद को बदलते रहिए
परे रखिए दिल के बोझ को, हौसला पर संग रखे रहिए
भूल कर बैठें जो नादानी से, माफी उन्हें जरूर देते रहिए
शिकारी है, जाल बिछाएगा, फितरत जरा समझते रहिए
वादों की बरसात होने लगे, तो जरा संभल,बच के रहिए

2.
काश कोई ऐसा जहां होता, आदमी जहाँ न तन्हा होता
न होती कहीं भी मुफलसी, भूख का न कोई निशां होता
ढूंढे न मिलते धुर्त लोग कहीं, हर इंसान भोला नादां होता
मुहब्बत में डूबी जुबान होती, गुलशन में कहकशां होता
होती मुलाकात की बे-करारी, रोक-टोक हर्गिज न वहां होता

3.
हर हाथ को कहां काम-काज है, झूठ बोलने का जारी रिवाज है
किस की सुने,यकीं किस पे करें,जुमलेबाज अब हमारे सरताज हैं
दर्द से कराहता रहा एक पथिक,लोग जल्दी में,यह अपना आज है
दिन-दहाड़े चाकू-तेजाब-गोलियां, इस तरह चल रहा राज-काज है

**संपर्क 9903146990**

**व्यंग्य**

## पुस्तक-विमोचन संहिता



**श्रवण कुमार उर्मलिया**

मित्रो, इधर बसंत का आगमन हो चुका है और बनन और बागन में वह पूरी तरह से पसर चुका है। बासंती हवा जब-तब हमारे कपोलों को सहलाकर हमें अनुरागों से भर देती है। उधर पुस्तक मेले का पदार्पण होने वाला है। पुस्तक मेला अर्थात लेखकों की मेहनत पर प्रकाशकों का बसंत। मेहनत करे मुर्गी, अंडा खाय फकीर। पुस्तक-मेला अर्थात लेखकों की पीठ पर लदे इन प्रकाशक रूपी बेतालों का समारोह। अर्थात लेखकों का खून चूसने वाले इन वैम्पायरों का जश्न। बड़ी दूर दृष्टि होती है इन प्रकाशकों में। खुद माल कमाते हैं और वरिष्ठ लेखकों को पुस्तक-विमोचन कार्यक्रमों में उलझाए रखते हैं। कोई लेखक रॉयल्टी मांगता है तो मुंहफट प्रकाशक कह देता है- ₹बरखुरदार, तुम लेखकों की यही तो मुसीबत है। तुम सब पैसों के पीछे भागते रहते हो। अरे इतना महत्व, इतना सम्मान मिल तो रहा है। इसके सामने पैसा क्या चीज है मेरे भाई।₹

पिछले कई वर्षों के अनुभव से पाया गया है कि बेरोजगार, उपेक्षित और चुके हुए वरिष्ठ लेखकों के लिए पुस्तक-विमोचन एक महिमामंडन व्यवसाय की तरह उभरा है। मुझे तो लगता है अब पुस्तक-विमोचन संहिता भी छप ही जानी चाहिए जिसकी रूपरेखा कुछ इस तरह से होगी :

एक : विमोचन समारोह गुट-निरपेक्ष नहीं होने चाहिए बल्कि गुट-सापेक्ष होने चाहिए। लेखक अपनी पुस्तक के विमोचन में अपने गुट के लेखकों को ही बुलाये। जब डकैतों का गिरोह हो सकता है तो लेखकों का क्यों नहीं ?वस्तुतः विमोचन-समारोहों से ही लेखकों और प्रकाशकों की गुटबन्दी एवम मिलीभगत का विस्तृत ज्ञान हो जाना चाहिए।

दो : गुटबन्दी की आचारसंहिता के मुताबिक जब एक ही स्तर के स्तरहीन लेखक एक दूसरे की लीद साफ करें तो उसे गुटबन्दी कहा जाता है। इस लीद को प्रकाश में लाने वाला उस गुट का प्रकाशक कहलाता है। अब सोशल मीडिया जैसे कि व्हाट्सऐप गिरोहों के माध्यम से भी बाकायदा यह काम किया जा रहा है।

तीन : पुस्तक का विमोचन ऐसी हस्ती से करवाया जाना चाहिए जो खुद का वायु-विमोचन करने में भी असमर्थ हो। अक्सर देखा गया है कि कब्रगामी विमोचनकर्ता स्त्री सशक्तीकरण के प्रबल समर्थक होते हैं। उन्हें पूरा अधिकार होना चाहिए कि वे पुरुष लेखक की पुस्तक के विमोचन के लिये अपनी असमर्थता जता सकें पर लेखिकाओं के पुस्तक-विमोचन में कब्र से उठकर भी पहुंच जायें। ऐसे वरिष्ठ दुर्जन दिग्गजों को विमोचन के लिए प्रशस्ति-पत्र भी दिया जाना चाहिए।

चार : जो वक्ता विमोचन समारोह में विमोचित पुस्तक का अध्ययन करके उस पर बोले उसे गैरज़िम्मेदार और अहमक माना जाना चाहिए। अरे, पढ़कर तो कोई भी ऐरा-गैरा-नत्थूखैरा बोल लेता है। पुस्तक को बिना पढे जो बोले तब न पता चले उसकी प्रतिभा का। हां, पुस्तक पढ़कर बोलने वाले को यह अधिकार अवश्य दिया जाना चाहिए कि यदि उसे पूरी पुस्तक में कुछ कायदे का मिले(जो कि लगभग असंभव सा होता है) तो जरूर उसका जिक्र करे।

पाँच : विमोचन-समारोह का सूत्रधार या संचालक वही काम करता है जो शादी-व्याह में नाई करते हैं। इसलिए उसे पूरा अधिकार होना चाहिए कि वह खुद ज्यादा बकवास करे और दूसरों को कम बोलने दे। यही उसके सफल संचालन की कसौटी होनी चाहिए। लेखिका के पुस्तक विमोचन समारोह को संचालक जितना लंबा खींच सके उतना अच्छा क्योंकि उसमें सभी रसिक लेखकवृन्द बोलना चाहेंगे। लेखक की पुस्तक के विमोचन समारोह की यथाशीघ्र इति कर देनी चाहिए।

छै : विमोचन समारोह में क्रमशः लेखक को अपनी पत्नी और लेखिका को अपना पति अवश्य ले जाना चाहिए ताकि पत्नी या पति देख सकें कि लेखन को कलंकित करने वाला क्रमशः उनका पति या पत्नी ही नहीं हैं। और भी नराधम लगे हैं साहित्य के अधोपतन में...!

सात : और अंतिम बात कि विमोचन किताब का नहीं होना चाहिए बल्कि लेखक या लेखिका का विमोचन होना चाहिए। लेखक या लेखिका की कृति गौण हो जानी चाहिए और कृतिकार बड़ा हो जाना चाहिए। विमोचन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए लेखक या लेखिका का महिमामंडित। इसलिए अब रैपर में पुस्तक को नहीं बल्कि लेखक/लेखिका को लपेटकर प्रस्तुत करना चाहिए। सोचिए भला, जब रैपर को खोलकर लेखक या खासकर लेखिका को सामने लाया जाएगा तो वह नजारा कितना भव्य होगा।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9999903035)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गोल्ड मेडल से सम्मानित हुईं शिबली कॉलेज की तीन छात्राएं

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26 वें दीक्षांत समारोह में शिब्ली नेशनल कॉलेज की तीन छात्रा अरबी विभाग की शरमीन बानो, विधि विभाग की शिववंशी यादव तथा दर्शनशास्त्र स्नातकोत्तर की छात्रा कविता सोनकर को विश्वविद्यालय के 2022 की वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए राज्यपाल गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अफसर अली ने कहा कि महाविद्यालय के तीन छात्राओं को प्राप्त गोल्ड मेडल छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायक बनेगा। इस संदर्भ में दर्शनशास्त्र के सहायक प्रोफेसर डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 से 2022 तक विभाग को कुल 7 गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। विभागाध्यक्ष कलीम अहमद ने कहा कि कविता ने विभाग को सातवां गोल्ड मेडल दिला कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। सहायक प्रोफेसर डॉ गोविंद नारायण ने कहा कि इससे महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। हर्ष व्यक्त करने वालों में चीफ प्रॉक्टर एहतेशामउल हक, प्रोफेसर खालिद, प्रोफेसर अलाउद्दीन, अरबी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आजाद इस्लाही, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर असहद अहमद ,प्रोफेसर जावेद, प्रोफेसर मुनीर, डॉ जुबेर अहमद, प्रोफेसर अफजाल अहमद प्रोफेसर सादिक कमाल, प्रोफेसर इमरान, डॉ जाहिद, डॉ जर्रार, अनिता राय आदि शामिल है।


मेडल के साथ छात्राएं।

# डॉ.अभिषेक सिंह बने असिस्टेंट प्रोफेसर


डॉ.अभिषेक सिंह।

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के बांसेपुर डड़वा निवासी डॉ.अभिषेक सिंह का चयन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ है। इस उपलब्धि पर परिजनों में जहां खुशी व्याप्त है वहीं घर पहुंच कर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

डॉ.अभिषेक के पिता डॉ.दिनेश सिंह पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज अतरौलिया में प्रवक्ता हैं तो वहीं माता निधि सिंह एक कुशल गृहणी है। डॉ.अभिषेक की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर भदेवरा एवं जेएस सिटी मांटेसरी स्कूल आजमगढ़ से हुई। इन्होंने जूनियर हाई स्कूल की शिक्षा दयानंद बाल विद्या मंदिर अतरौलिया तथा हाईस्कूल और इंटर की शिक्षा पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज अतरौलिया से प्राप्त की। ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन लखनऊ विश्वविद्यालय से एवं बीएड गहजी तथा पीएचडी की शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से प्राप्त किया। डॉ.अभिषेक सिंह इसके पूर्व देवरिया जनपद में प्राथमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा तिलकधारी सिंह को देते हैं। इनकी सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है।

## पीसीसी सदस्य बनने पर डॉ.आदित्य को मिल रही बधाई


डा.आदित्य सिंह।

**आजमगढ़।** शहर कांग्रेस कमेटी आजमगढ़ के महासचिव डॉ. आदित्य सिंह को पीसीसी सदस्य बनाए जाने पर कांग्रेसियों में हर्ष की लहर दौड़ गयी। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा है। डॉ.आदित्य सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करते रहेंगे तथा युवा को जोड़ने के साथ-साथ सत्य और निष्ठा से कार्य कार्यरत रहेंगे। शहर अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम ने कहा कि आदित्य सिंह को पीसीसी सदस्य बनाने पर शहर कांग्रेस और मजबूती से काम करेगी। बधाई देने वालों में से सचिव रियाजुल हसन, शाहिद खान, राजू पटेल, सोनू प्रजापति, मुशीर अहमद, मोहम्मद अफजल आदि शामिल हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामियां बदमाश घायल

**कार्रवाई**

**विभिन्न जनपदों में मिलाकर 21 मुकदमें हैं दर्ज**


घायल बदमाश से पूछताछ करती पुलिस।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** आमने-सामने दिन दहाड़े हुई पुलिस मुठभेड़ में पचीस हजार का इनामिया अपराधी गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी फायर करते हुए खेतो की आड़ लेते हुए फरार हो गया। पुलिस ने घायलावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल अपराधी वाकिफ पुत्र कलाम निवासी नियॉउज फूलपुर पर गोरखपुर, संतकबीर नगर, जौनपुर, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर सहित जिले में कुल 21 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। देवगांव कोतवाली से इस पर पचीस हजार का इनाम घोषित किया गया था।

फूलपुर पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पचीस हजार का इनामिया अपराधी अपने सहयोगी के साथ सफेद स्कार्पियो गाड़ी से मुड़ियार गांव होते हुए निजामाबाद मार्ग से कहीं जाने वाला है। मुखबिर की बातों पर विश्वास करते हुए भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह दो टीम बनाकर मुड़ियार गांव की तरफ निजामाबाद रोड से आगे बढ़े। वहीं सब इंस्पेक्टर विपिन सिंह दूसरी टीम मुड़ियार गांव की तरफ से अपराधियों का पीछा करते हुए आगे बढ़ रहे थे। अपराधियों और थाना प्रभारी अनिल सिंह का आमना-सामना मुड़ियार निवासी अब्दुल्लाह के आम के बगीचे के पास हो गया। आगे पीछे दोनों तरफ से पुलिस देख अपराधी अपनी गाड़ी बायें बागीचे में घुमाकर गाड़ी से उतर पुलिस टीम पर तमंचे से फायर करने लगे। पुलिस भी आत्मरक्षार्थ फायर करने लगी। पीछे से आ रही दूसरी टीम के सब इंस्पेक्टर के ऊपर फायर करते हुए एक अपराधी फसलों की आड़ लेता हुआ जहां मौके से फरार हो गया वहीं दूसरा अपराधी वाकिफ पुलिस इंस्पेक्टर की गोली से घायल हो गया जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। घायल बदमाश के पास से एक तमंचा 315 बोर, तीन खाली खोखा, एक बैरल में भरा जिंदा कारतूस बरामद हुआ। घायल को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर इंस्पेक्टर आमिल सिंह हमराहियों सब इंसेक्टर के साथ फरार अपराधी की तलाश करते रहे। मुठभेड़ की सूचना पर थाना सरायमीर, अहिरौला, निजामाबाद सहित अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी और फरार अपराधी की तलाश में जुट गयी। लेकिन फरार अपराधी पुलिस पकड़ से अभी दूर है।

# मुठभेड़ में दो अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**कामयाबी**

**पुलिस की गोली से हुए घायल, जिला अस्पताल भर्ती**

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली व थाना सिधारी पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में 25000 हजार का इनामिया पशु चोर, वाहन चोर अभियुक्त व सहअभियुक्त घायल हो गये। उक्त बदमाश मुबारकपुर में हुई मुठभेड़ में फरार थे।

थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुकदमा चोरी गयी स्कार्पियों में प्रकाश में आये अभियुक्तगण मो.अकील उर्फ आकिब उर्फ आसिफ पुत्र निजामुद्दीन उर्फ भरतुल निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जीयनपुर व शकील उर्फ भीमा पुत्र मुमताज निवासी नत्थूपुर नटबस्ती थाना जीयनपुर के विरुद्ध विवेचना प्रचलित ये पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित थे।

गुरूवार को पुलिस हाफिजपुर चैराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान जरिये डीसीआर, थानाध्यक्ष थाना सिधारी को जानकारी मिली कि बैठोली तिराहे की तरफ से एक मोटर साइकिल पर दो बदमाश आ रहे हैं। पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच गयी। बद्दोपुर के पास आ रहे मोटर साइकिल सवार पुलिस की गाड़ी देखकर यू टर्न लेकर भागने लगे। उधर से आ रहे सिधारी थानाध्यक्ष की गाडी को देखकर पुनः मुडकर अपनी दाहिने पगडंडी रास्ता पकड़ कर भागना चाहे कि वहीं पगडंडी रास्ता पर मोटरसाइकिल से अनियन्त्रित होकर गिर गये। मौके पर दोनो बदमाशों द्वारा पुलिस वालों पर जान मारने की नियत से फायरिग किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से घायल हो गये, जिन्हें हिरासत में लेकर नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम मो. अकील उर्फ आकिब उर्फ आसिफ पुत्र निजामुद्दीन उर्फ भरतुल निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जीयनपुर बताया जो 25000 रुपए का इनामिया बदमाश है, तथा दूसरे ने अपना नाम शकील उर्फ भीमा पुत्र मुमताज निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जीयनपुर बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा। उनके कब्जे से दो तमंचा व कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।

# सांसदों, विधायकों की पेंशन बंद करने के लिए चला चिट्ठी लिखो अभियान

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सांसद विधायक लोंगो की पेंशन बंद कराने की मांग संसद तक पहुंचाने के लिए भारत रक्षा दल के विधि मंच के तत्वाधान में चिट्ठी लिखो अभियान की शुरूआत गुरूवार को कमिश्नरी कचहरी के अधिवक्ताओं द्वारा की गयी। भारत रक्षा दल के जिला महासचिव रवि प्रकाश ने बताया कि हम लोगों ने देखा कि हमारे माननीय लोंगो को बड़ी धनराशि पेंशन के रूप में दी जा रही है, जबकि इनमें अधिकतर लोग करोड़पति, अरबपति, उद्योगपति हैं। पेंशन के लिए पात्र न होने के बावजूद इन्हें पेंशन दिया जाना देश के साथ अन्याय है। कई सिनेस्टार, क्रिकेट स्टार, फॉर्म हॉउस फैक्ट्री के मालिक भी पेंशन उठा रहे हैं। अब इस अन्याय के विरुद्ध हमारे विधि मंच द्वारा इनकी पेंशन बंद कराने के लिए जनपद से एक लाख पोस्टकार्ड लोकसभा अध्यक्ष को भेजने का लक्ष्य रखा है। आज इस अभियान का शुभारम्भ सेन्ट्रल बार के अधिवक्ताओं द्वारा किया गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के पूर्व मंत्री अजीत सिंह ने कहा कि यह अभियान बहुत ही आवश्यक था, किसी न किसी को आगे आना चाहिए। भारत रक्षा दल की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। यह मुद्दा देश व्यापी बनेगा और उम्मीद की जाती है कि इन अपात्र लोगों की पेंशन बंद होगी ही। इस अवसर पर श्याम नारायण सिंह एडवोकेट, जंगबहादुर एडवोकेट, जय प्रकाश एडवोकेट, सूरज कुमार सिंह एडवोकेट, अजीत सिंह एडवोकेट, हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।


पोस्टकार्ड के साथ अधिवक्ता।

# आरोग्य शिविर में पशु पालकों को दी गयी दवाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**तरवां (आजमगढ़)।** पल्हना विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा खजुरा में आरोग्य पशु मेला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रेमा यादव ने की। गौ पूजन के बाद कार्यक्रम की शुरूवात की। ब्लॉक से आए हुए पशु डॉक्टरों ने पशुओं से संबंधित रोग और उपचार के बारे में बताया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। पशुओं को क्रीमि नाशक दवाएं कैल्शियम और खनिज तत्व युक्त पावडर वितरित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिव पूजन यादव पूर्व प्रधान, डॉ.संजय सिंह डॉ.ईश्वरी नारायन यादव, फार्मासिस्ट उमा, एलयू विनीत, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष राम, ज्ञानेंद्र, लाल बहादुर सिंह, अंतू राजभर, लालचंद यादव, हिन्दू युवा वाहिनी के निर्वतमान जिला संगठन मंत्री अमित सिंह तथा समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने की फर्जी मुकदमा वापस लेने की मांग

**रोष**

**तहसील परिसर में भ्रमण कर की नारेबाजी**

**जनसंदेश न्यूज**


मुकदमें के विरोध में प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**लालगंज (आजमगढ़)।** अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग को ले कर वृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में चक्रमण कर नारेबाजी करते हुए मुकदमें को वापस लेने की मांग की।

बार कौन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 7 फरवरी को अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका था। चैकी प्रभारी लालगंज ने पुतला फूंके जाने के आरोप में 18 अधिवक्ताओं को नामजद करते हुए 150 अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध देवगांव कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया था। उक्त मुकदमें की जानकारी होते ही अधिवक्ताओ में आक्रोश व्याप्त हो गया। फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग को ले कर अधिवक्ता आन्दोलित हैं। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने वृहस्पतिवार को मुकदमे को वापस लेने तथा साजिशन मुकदमा दर्ज कराने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग को ले कर तहसील परिसर में चक्रमण कर प्रदर्शन किया।

हरी यादव ने कहा कि पूरे जनपद के अधिवक्ता हम लोगो के साथ हैं। कई जगहों पर अनवरत आन्दोलन चल रहा है। हम उन सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। मुकदमे की वापसी तक आन्दोलन चलता रहेगा।

इस मौके पर विंध्यवासिनी राय, रामसेवक यादव, धर्मेश पाठक, शीतला राय, चन्द्रमोहन यादव, हामिद अली, आत्मा राम, लल्ले मिश्रा, लालबहादुर यादव, संतोष राय, जितेंद्र सिंह, सूर्यमणि यादव, रामविजय सिंह, पंकज सोनकर, सुनीता सिंह, मंगल प्रजापति, अभिषेक मिश्रा, अख्तर, बसंत यादव आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने माइनर की खुदाई व विद्यालय का किया निरीक्षण


माइनर की खुदाई का निरीक्षण करते जिलाधिकारी


बच्चों के मिड डे मिल में बने भोजन का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज साप्ताहिक भ्रमण के दृष्टिगत विकास खण्ड बिलरियागंज के ग्राम पंचायत हिच्छनपट्टी मे मनरेगा द्वारा कराये जा रहे 1.96 लाख से पिच रोड से बीबीपुर सरहद तक माइनर की बाहरी खुदाई व, सिल्ट सफाई कार्य का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मजदूरों के मेट से कार्य प्रगति की जानकारी एवं कितने मजदूरों द्वारा कार्य कराया जा रहा है, उपस्थित पंजिका का निरीक्षण किया। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्य को गुणवत्तायुक्त एवं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात विकास खण्ड बिलरियागंज के ग्राम पंचायत जमुआ हरिराम में सिंहवाताल से पिपरिया पोखरी तक बाहरी खुदाई का निरीक्षण किया। उन्होने बिलरियागंज के ग्राम पंचायत सचिवालय टण्डवा सामुदायिक शौचालय एवं स्नानगृह टण्डवा, अखईपुर तथा अग्रेजी माध्यम के यू0पी0 एस0 विन्दल स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होने बच्चों की पढ़ाई एवं मिड-डे-मिल के अन्तर्गत मिल रहे डाइट की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्याक से मंगवाकर मिड-डे-मिल में बने हुए भोजन का स्वाद चखकर परीक्षण किया। उन्होने प्रधानध्यापक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप अलग-अलग दिन के अनुसार बने डाईट प्लान के अनुसार बच्चों को मिड-डे-मिल दिया जाना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात स्कूल में बन रहे पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया।

भ्रमण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी बिलरियागंज प्रखर सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, टीसी सुरेशचन्द्र यादव, एडीओ पंचायत बिलरियागंज उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास अधिकारी ने की आवास के लिए पात्रों की जांच

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** शासन द्वारा पात्रों को आवास की चल रही प्रक्रिया में गुरुवार को ग्राम विकास अधिकारी ने दो गावों का निरीक्षण किया। इस दौरान कहा कि पात्रता के क्रम में कोई भेदभाव नहीं है।

ग्राम विकास अधिकारी खुशबू सिंह ने सेठवल और चकसेठवल दोनो गावों में आवास पात्रों की जांच हेतु भौतिक जांच की। इस दौरान ग्रामीणों से कहा कि मानक के अनुसार जो पात्र हैं हर हाल में आवास की सुबिधा मिलेगी। आवास के नाम पर कोई शुल्क नहीं है ऐसे में शुल्क वसूली कर आवास दिलाने की लालच देने वालों से बचें। सेक्रेटरी ने कहा कि शासन की मंशा है जिनके पास छत नही है उन्हें छत मिले। दोनो गावों से एक सूची भेजी गयी थी जिस पर पात्रों का कार्य भी शुरू हो गया शीघ्र दूसरी सूची भेजी जायेगी।

# संत गाडगे ने सामाजिक न्याय के लिए किया आजीवन संघर्ष

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत गाडगे की 147वीं जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गयी। अध्यक्षता पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव ने किया।


संत गाडगे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा कार्यकर्ता।

गुलाब चैधरी एडवोकेट व पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने संत गाडगे महाराज जी के बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री के कार्य काल में साढ़े 12 एकड़ जलाशय का निर्माण कराया गया जो भाजपा सरकार में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा अपने जीवन काल में स्वच्छता के साथ-साथ शिक्षा पर विशेष जोर दिया और तमाम शिक्षण संस्थाएं खोली जो आज भी प्रासंगिक है। पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव ने कहा कि संत गाडगे महाराज सामाजिक न्याय के लिए आजीवन संघर्ष किए। ऐसे महापुरुषों के बताए गए रास्ते पर चलकर समानता स्थापित की जा सकती है और संत गाडगे जी महाराज ने कहा था एक रोटी कम खाना परंतु अपने बच्चों को शिक्षा जरूर देना। कार्यक्रम को अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नि.प्रदेश सचिव अजीत कुमार राव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वीरेंद्र कनौजिया, बृजेश चैधरी, प्रदीप चैधरी, प्रमोद चैधरी, प्रदीप कुमार यादव नि.जिला कोषाध्यक्ष, राजेश यादव गेलवारा, वीरेंद्र कुमार यादव नि.जिला सचिव, संतोष कुमार गौतम निवर्तमान जिला अध्यक्ष बाबासाहेब वाहिनी, विवेक सिंह, नि.जिला उपाध्यक्ष, विशाल विश्वकर्मा, रविंद्र कुमार एडवोकेट, हंसराज, सपना निषाद आदि उपस्थित थी। संचालन साहब लाल कनौजिया ने किया।

## संक्षेप

### किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है आरएएफ



**आजमगढ़।** रैपिड ऐक्शन फोर्स 91 बटालियन के उप कमांडेंट प्रमोर सिरसाट ने अपनी व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ गुरूवार को जहानागंज थने के संवेदनशील क्षेत्रों, स्कूल, कालेजों तथा धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही क्षेत्र की जनता को शांति का संदेश दिया। उप कमांडेंट प्रमोद सिरसाट ने कहा कि कमांडेंट अमिताभ कुमार के निदेर्शानुसार 91 बटालियन आरएएफ की 70 सदस्यी टीम 21 फरवरी से 27 फरवरी तक जनपद के विभिन्न थानों की राज्य पुलिस के साथ भ्रमण कर विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि पूर्वाभ्यास के क्रम में जनपद के बरदह, जहानागंज, मेहनगर, तरवां, मेहनाजपुर, देवगांव, गंभीरपुर एवं रानी की सराय थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर रूटमार्च एवं फ्लैग मार्च किया। तरवां प्रतिनिधि के अनुसार पुलिस चैकी पकड़ी पर तैनात उपनिरीक्षक नागेश चैधरी के नेतृत्व में पीएसी बल के साथ गश्त किया गया और डुभाव मोड़ पर गाड़ियों की सघन चेकिंग की गई। कई गाड़ियों का चालान भी किया एवं काफी लोगों को रोककर यातायात के नियम भी बताया गया।

### ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में दी जानकारी



**तरवा (आजमगढ़)।** रोजा संस्थान के तत्वाधान में तरवा ब्लाक के ग्राम पंचायत सराय त्रिलोचन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से छूटे हुए लोगो व सेवादाता के साथ साझा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोजा संस्थान के कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में जानकारी दी गयी। रोजा संस्थान के कार्यकर्ता राजकुमार ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित एक गरीबी उन्मूलन परियोजना है। यह योजना स्वरोजगार को बढ़ावा देने और ग्रामीण गरीबों के संगठन पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम के पीछे का विचार गरीबों को एसएचजी (स्वयं सहायता समूह) समूहों में संगठित करना और उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है। सामुदायिक कार्यकर्ता संध्या सिंह के बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार इसी उद्देश्य को देखते हुए रोजा संस्थान ने जिले के 3 ब्लॉक तरवा, मेंहनगर और जहानागंज में कुल 10 ग्राम पंचायतों में समुदाय और सेवादाता के साथ मिलकर 280 परिवारों के साथ पीआरए किया था जिसमें निकला था कि ग्राम पंचायत सराय त्रिलोचन में 30 परिवार ही आजीविका मिशन से जुड़े हैं शेष 250 परिवार अभी छूटे हुए हैं। फैक्ट शीट तैयार कर देखा था कि अभी ग्रामीण क्षेत्र में कितने लोग ऐसे हैं जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से नहीं जुड़ पाए हैं। समूह सखी निशा देवी ने बताया कि समूह में कौन लोग जुड़ पाएंगे और विस्तार से जानकारी दिया। इस अवसर पर बिंदु देवी, तेतरी देवी, पार्वती, पूनम, चम्पा, सबिता, आशा, श्याम बिहारी आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने सुलझाया वर्षों पुराना रास्ते का विवाद



**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के रघुनाथपुर पछुपारा गांव में रास्ते और भूमिधारी को लेकर दो पक्षों में चल रहे पुराने मामले को शिकायती प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम संत रंजन श्रीवास्तव और सीओ लालगंज मनोज रघुवंशी ने मौके पर राजस्व टीम द्वारा पैमाईश कराते हुए आपसी सहमति से विवाद का निपटारा कराया। रघुनाथपुर पछुपारा गांव के रामविलास और रामजपित के बीच रास्ता कायम करने के लिए तहसील दिवस और थाना दिवस पर वर्षों से शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जा रहा था। रामविलास की भूमिधरी पर विपक्षी राम जपित, राकेश आदि जबरदस्ती रास्ता कायम करना चाहते थे जिसे लेकर दोनों पक्षों में तनातनी चल रही थी। शिकायती प्रार्थना पत्र की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने मौके पर जाकर विवाद सुलझाते हुए समझौता कराया।

### आवास योजना में धांधली का आरोप



**जहानागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के सोनापुर के ग्रामीणों ने जहानागंज ब्लॉक पहुंचकर अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र सहायक खंड विकास अधिकारी राजेश राम को सौंपते हुए बताया कि आवास योजना की जांच कर जांच अधिकारी ने पात्रों को लाभार्थी बनाया लेकिन ब्लॉक के कर्मचारियों की मिलीभगत से एक अलग जांच रिपोर्ट से अपात्रों को पात्र बना कर लाभार्थी बना दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्य ब्लॉक के कर्मचारी अपात्रों से मिलीभगत कर किए हैं। जबकि झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले पात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। हंगामा खड़ा होते देख क्षेत्र के जांच अधिकारी संजय यादव ने बताया कि हमने सिर्फ और सिर्फ पात्रों को ही लाभार्थी बनाया लेकिन पात्रों का आंकड़ा कहां से बढ़ गया यह जांच का विषय है। हमने इसके अलावा अपात्रों की कोई जांच रिपोर्ट अलग से नहीं सौंपी थी। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम विकास अधिकारी श्रीराम के ऊपर अपात्रों से मिलीभगत कर फर्जी जांच रिपोर्ट सौंपने का आरोप लगाने लगे। हंगामा खड़ा देख ग्राम विकास अधिकारी और आवास बाबू कार्यालय छोड़ भाग खड़े हुए। हालांकि वीडियो जहानागंज विकास शुक्ला मौके पर नहीं रहे। इस अवसर पर गोपाल सिंह, अनीता देवी, शिवकुमार, राम दुलारे राम, लखन, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।

### तीर्थराज शराब तस्कर गैंग के रूप में सूचीबद्ध

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्त तीर्थराज यादव पुत्र दूधनाथ यादव निवासी फतुही थाना बरदह व इसके सदस्यों को शराब तस्कर गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अभियुक्त तीर्थराज यादव पुत्र दूधनाथ यादव निवासी फतुही थाना बरदह जो वर्तमान समय में जनपद में एक संगठित गैंग बनाकर व स्वयं गैंग का लीडर बनकर आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए अपमिश्रित शराब बनाकर नकली रैपर व ढक्कन तैयार कर अवैध शराब निर्माण कर तस्करी जैसे अपराध कारित कर रहा है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकशु लगाये जाने हेतु गैंग को जनपद स्तर पर सूचीबद्ध (डी–118/2023) किया गया है। यह गैंग शराब तस्कर गैंग के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने बताया कि गैंग में हितेश यादव पुत्र तीरथराज यादव, राधेश्याम यादव पुत्र इंद्रजीत यादव निवासी कोहरौली थाना बरदह, सियालाल यादव पुत्र सत्यदेव यादव निवासी विजयपुर थाना मेहनगर, सूरज पटेल पुत्र रविंद्र नाथ निवासी पियरी बैजू का पुरवा थाना चैबेपुर वाराणसी, नेपाली उर्फ राकेश कुमार पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी नक्खीघाट थाना सारनाथ वाराणसी, संतोष यादव पुत्र भोला यादव निवासी सठियांव थाना मुबारकपुर, सुशीला पत्नी तीरथ राज यादव पुत्र दूधनाथ यादव निवासी फतुही थाना बरदह शामिल हैं।

### सड़क हादसे में चार घायल, तीन की हालत गंभीर

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में महराजगंज देऊरपुर रोड पर बनगांव पेट्रोल पम्प के पास तेज गति से देऊरपुर की ओर जा रही स्कार्पियो ने बाईक से जा रहे दो लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूल से पढ़ कर घर जा रही दो सगी बहनों को अपनी चपेट में लेते हुए बाईक, सवार सहित खेत में जा गिरी। इस दुर्घटना में कुल चार लोग घायल हो गए जिसमे से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। तेज गति से जा रही स्कार्पियो ने बाईक पर सवार अनुज प्रजापति और अजित यादव निवासी बिलरियागंज को टक्कर मारी जिसकी चपेट में स्कूल से घर जा रही दो सगी बहने तमन्ना और पार्ली पुत्री उमेश निवासी अशरफपट्टी आ गयी। दुर्घटना में तमन्ना, अनुज और अजित को गंभीर चोट आयी जिन्हे प्राथमिक उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर भेजा गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि पार्ली का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। सूचना पर थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुर्घटना में घायल लोगों का हाल जाना एवं क्षतिग्रस्त बाईक को थाने ले गए। महराजगंज पुलिस दुर्घटना कारित कर फरार स्कार्पियो की तलाश पेट्रोल पम्प पर लगे सीसी टीवी फुटेज के सहारे करने में लगी है।

# नवविवाहिता पत्नी करती रही रिंग पति बना शिकारियों का शिकार

**कार्रवाई**

### दरी लेकर मिलने पहुंचा था सिवान

### बिजली करेंट की चपेट में आने से हुई मौत, तीन गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज


घटना का खुलासा करते सीओ सिटी

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के रैकरा गाँव के सीवान में मैनेजर 23 वर्ष के हत्या मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने जंगली सुअर पकड़ने के लिए खेत में करेंट दौड़ाया था। जिसकी चपेट में मैनेजर आ गया। मामले को नया मोड़ देने के लिए उसकी गला रेतकर शव वही छोड़ दिया गया था।

खेत में करेंट दौड़ाकर हत्या फिर गला रेतने के आरोप में 3 लोगों को पकड़ा गया है। कछवां में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में रैकरा गाँव के मैनेजर 23 वर्ष और निशा 19 वर्ष विवाह सूत्र में बंधकर एक दूजे के हुए थे। विवाह के बाद कन्या की विदाई नहीं की गई थी। विवाह के बाद भी एक दूसरे की दूरी बनी हुई थी। गांव के ही दूसरे मजरे में रहने वाली अपनी पत्नी निशा को सीवान में मिलने का वादा किया था। तय समय पर मिलने और इत्मिनान से बात करने के लिए घर से बिछाने के लिए दरी लेकर निकला था। सीवान में पहले से ही जंगली जानवर का शिकार करने के लिए शिकारियों ने हाई वोल्टेज करेंट खेत में दौड़ा रखा था। जिसकी चपेट में मैनेजर आ गया। उसे तड़पता देख शिकारी सन्न मारकर बैठे रहे। उसकी मौत हो जाने के बाद नजदीक पहुंचे। बाँस के सहारे उसे बिजली के तार से अलग किया। वारदात को नया स्वरूप देने के लिए मैनेजर की गला रेतकर हत्या कर दी। उसके बाद तार समेट कर निकल गए। सोमवार की शाम शव देखा गया। जांच के दौरान पुलिस ने 1 संदिग्ध को पकड़ा जिसने सब कुछ कबूल दिया। सीवान में मिलने के लिए पहुंची निशा ने उस रात कई बार रिंग किया। लेकिन सात जन्म तक साथ निभाने वाला शिकारियों का शिकार बन चुका था। परिजनों ने हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 5 मई को बारात के स्वागत के साथ विदाई तय किया था। पुलिस शिकारियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई में लगी है।

# जनपद के 61 युवा बने उपनिरीक्षक

जनसंदेश न्यूज

**उपलब्धि**

### पुलिस सर्विस में चयनित होने के बाद परिजनों का बढ़ा सम्मान

### सिपाही से दरोगा बन बने आदर्श

**मीरजापुर।** जनपद के विभिन्न गांव से 61 युवाओं का पुलिस विभाग के दरोगा पद पर नियुक्त हुआ है। जिनका नियुक्ति पत्र 26 फरवरी को पुलिस लाइन में मिलेगा पुलिस की वर्दी से समाज की सेवा करने का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर बताया जा रहा है। जनपद के 61 युवाओं द्वारा पुलिस विभाग में उप निरीक्षक पद पर अपना कब्जा बनाए रखने पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शुभकामनाएं दिया जा रहा है। विगत कुछ वर्षों में जनपद से छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार अपनी प्रतिभा को निखारने का काम किया जा रहा है ऐसे में शासन प्रशासन भी उनके सहयोग में नजर आ रहा है।

अभी कुछ दिन पूर्व ही वर्तमान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का शानदार उदाहरण देखने को मिला था। आल इंडिया यूनिवर्सिटी पावरलिफ्टिंग में खेलने जाने वाली रेणुका गौतम की जिलाधिकारी ने मदद किया और डीएम कार्यालय पर साईकिल, ट्रैक सूट,जूता व अन्य सामान देकर प्रोत्साहित किया। डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि इस होनहार बेटी के सपनों को पूरा करने में पूरी मदद करेगा।

माता पिता की मृत्यु के बाद खेलने के साथ-साथ घर भी संभाल कर जिले का नाम बेटी रोशन कर रही है। बताते चलें चौहान पट्टी निवासी दुर्गा प्रसाद राय के पुत्र उपेंद्र विक्रम रॉय पहले से ही पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर तैनात थे। नौकरी के दौरान उन्होंने दरोगा पद पर तैयारी किया और दरोगा बन गए। कभी दरोगा जी के लिए सलामी दागने वाले आज जब दरोगा बन साथ में काम करेंगे वह खुशी और जज्बा अलग ही होगा। उनके परिजनों ने बताया कि कड़े मेहनत का फल है कि जनपद का बेटा अब समाज की सेवा करेगा।

# ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में मारा धक्का

## एक श्रमिक की हुई मौत और तीन घायल

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दुर्जनीपुर मोड़ के पास बुधवार की देर रात दो बजे के करीब भूसा लादकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली पर अनियंत्रित ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया जिससे ट्रैक्टर पर सवार एक श्रमिक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और तीन श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। मध्य प्रदेश के हनुमना थाना क्षेत्र से प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के हनुमानगंज पैंतिहा गांव ट्रैक्टर ट्राली पर भूसा लादकर जा रहा ट्रैक्टर जैसे ही मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित दुर्जनीपुर मोड़ के पास पहुंचा तो कोरांव मार्ग के लिए ट्रैक्टर घूमने लगा तो मध्य प्रदेश की तरफ से आ रहे ट्रक ने अनियंत्रित होकर पीछे से ट्राली में धक्का मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर पर बैठा 26 वर्षीय श्रमिक श्रीराम निवासी हनुमानगंज पैंतिहा ट्रैक्टर से नीचे सड़क पर गिर पड़ा और घटना स्थल पर ही श्रमिक की मौत हो गई। घटना में ट्रैक्टर पर सवार 28 वर्षीय श्रमिक सरजू का पैर टूट गया। ट्रैक्टर पर सवार 20 वर्षीय श्रमिक विनोद और 30 वर्षीय श्रमिक छोटकऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज वीरेंद्र सिंह ने घायल श्रमिकों को उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय भिजवाया और मृत श्रमिक के परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### शांतिपूर्ण माहौल में मनायें होली व शबे बारात का त्यौहार : सीओ लालगंज

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना परिसर में गुरुवार शाम को सीओ लालगंज दीक्षांत राज की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सीओ दीक्षांत राज ने बैठक में मौजूद लोगों से शांति पूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ होली व शबे बारात का त्योहार मनाने की अपील किया। सीओ ने चिंहित स्थानों पर ही होलिका दहन किए जाने की बात कही। कहा कि नये स्थानों पर बिना सूचना के होलिका दहन नही करें। आगामी शबे-बारात पर्व को सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाए जाने के लिए कहा। सीओ ने होली के दौरान हुड़दंग मचाने और अशांति फैलाने वाले अराजकतत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा जिससे अराजकतत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इस दौरान थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, एस आई कोमल सिंह यादव, उदय नारायण सिंह, ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, चंद्रगढ़ सियाराम मिश्र, खुटहा बावन दास केशरी, कैलाश नाथ गुप्ता, भानु तिवारी, धीरज केशरी, अशफाक अहमद, अरूण मिश्र, श्याम जनम दुबे, संजय सिंह, पिंटू केशरी, तारकेश्वर केशरी, आदित्य तिवारी, बैजनाथ बिंद, विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# ठेकेदारों की पार्टी में चली गोली बिहार का युवक हुआ घायल

**विवाद**

### सीने में घुसकर पीठ से निकली गोली

### हालत गंभीर, मंडलीय अस्पताल से ट्रामा सेण्टर वाराणसी किया गया रेफर

जनसंदेश न्यूज


अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा घायल

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र में सिरसी बांध से मछली का ठेका लेने आये बिहार के युवक को बीती रात संदिग्ध हालत में गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल डेहरी आसनसोल निवासी अभिजीत सिंह 35 वर्ष को मंडलीय अस्पताल लाया गया। गोली उसके सीने से आरपार होने से उसकी हालत देख ट्रामा सेण्टर वाराणसी रेफर कर दिया गया।

बताया जाता हैं कि बिहार के डेहरी आनसोल निवासी अभिजीत सिंह पुत्र अमरेश सिंह सहित तीन ठेकेदार बंधे में मछली की ठेकेदारी के मामले में आये थे। वह हलिया निवासी शशी पटेल के यहा पहुंचे थे। सिरसी बांध का भ्रमण करने के बाद सभी लोग अपना दल एस के प्रदेश युवा मंच के महासिचव शशिकांत पटेल के यहां आयोजित पार्टी में मौजूद थे। इसी बीच संदिग्ध हालत में अचानक पिस्टल से गोली चल गई। जो पार्टी में शामिल अभिजीत सिंह के सीने मे जा लगी। गोली लगते ही अभिजीत लहूलूहान हो गया। मौके पर मौजूद उसे लेकर तुरंत अपने वाहन से मंडलीय चिकित्सालय पहुंचे। डॉक्टरों ने अभिजीत का प्राथमिक उपचार किया। गोली उसके सीने में घुसकर पीठ से निकल गई थी। ज्यादा लहू बह जाने के कारण उसकी हालत गंभीर बनी थी। स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा. विशाल यादव ने बताया कि अभिजीत सिंह के सीने में गोली लगने के बाद वह पीछे से निकल गई है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ट्रामा सेंटर भेजा जा रहा है। थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है। मरीज की हालत को देखते हुए वाराणसी में भर्ती कराया गया है। खुद ही टीम के साथ वाराणसी तहकीकात के लिए रवाना हुआ हूँ।

# चैत्र नवरात्र मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर हुई बैठक

**बैठक**

### डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

### सुरक्षा, सफाई, घाटों पर महिलाओं के वस्त्र बदलने, बैरीकेटिंग कराये पूर्ण : डीएम


बैठक में शामिल अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम

**मीरजापुर।** मां विन्ध्यावासिनी के धाम विन्ध्याचल में आगामी 21/22 मार्च 2023 से प्रारम्भ होकर 30 मार्च 2023 तक चलने वाले चैत्र नवरात्र मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं पण्डा समाज के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि तीनों मन्दिर के समस्त वायरिंग व इलेक्ट्रिक सामानों की जॉच कर ली जाये यदि कही तार व अन्य सामान की कटिंग की गयी हो तो उसे विधिवत मरम्मत करा लिया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी वाहन स्टेण्डों पर रेट बोर्ड लगा हो तथा गाड़ियों के आने-जाने के अन्दर रैम्प बना हो ताकि गाड़ियों का स्टैण्ड में आना-जाना सुचारू ढंग से हो सके। मेला क्षेत्र के सड़कों पर अतिक्रमण के लिये सम्बंधित नागरिकों को नगर मजिस्ट्रेट व सम्बंधित थानाध्यक्ष आपस में समन्वय स्थापित कर नोटिस देकर अतिक्रमण खाली करा लें। मेला क्षेत्र में सुरक्षा, सफाई, घाटों पर महिलाओं के कपडा बदलने के लिये उपयुक्त स्थान, नदी में बैरीकेटिंग, गलियों व नालियों की सफाई, सडकों का मरम्मत, यात्रियों के लिये मंदिर व घाटों पर जाने वाले मार्गो पर इन्डीकेटर, आदि की व्यवस्था पहले से ही कर लिया जायें। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि पूड़ी सब्जी का स्टाल विन्ध्याचल में लगाने के साथ ही अमरावती चैराहे पर अस्थायी रैन बसेरा पर भी लगायें। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, पण्डा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## बिजली बिल बकाएदारों पर चला विच्छेदन अभियान

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात विद्युत सहकर्मी मनोज सिंह के नेतृत्व में बिजली बिल बकाएदारों की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान राजगढ़, ददरा, नदिहार बाजार, के बड़े बकायेदारों से बिल वसूली की गई। उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा करने के लिए निर्देश दिया गया। क्षेत्र में बिजली बिल बकाएदारों की लम्बी फेहरिस्त बनी हुई है और विभागीय अधिकारियों की ओर से वसूली को लेकर दबाव भी बनाया जा रहा है जिसके तहत स्थानीय विद्युत सहकर्मी लगातार बिल वसूली के लिए टीम बनाकर उपभोक्ताओं के घर पहुंच रहे हैं। इस दौरान टीजी टू मनोज सिंह के नेतृत्व में लगभग 80000 रुपए बिल वसूली की गई और लगभग आधा दर्जन कर्मचारियों की टीम ने दर्जनों उपभोक्ताओं से बकायेदारी होने के कारण विद्युत पोल से कनेक्सन विच्छेदन किया। इस दौरान अमीत दूबे, धर्मेन्द्र मौर्या, महेंद्र, राकेश, सहित आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी एसडीआरएफ के रहे हाथ खाली

**तलाश**

### डूबे युवक की तलाश में नहीं मिली सफलता

### गंगा में डूबे युवक का नहीं मिला कोई सुराग

**कछवां।** क्षेत्र के बरैनी गंगा घाट पर बुधवार को स्नान करते समय डूबे आकाश पाल का दूसरे दिन कोई पता नहीं चल पाया। वहीं ज्ञानपुर, भदोही के लक्ष्मण पट्टी निवासी बुधवार को अपने तीन अन्य साथियों के साथ महराजगंज स्थित एक विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा दिलाने आया हुआ था।

दो दोस्तों को परीक्षा केंद्र पर छोड़कर दोस्त उमेश मौर्या के साथ कछवां क्षेत्र के जगतानंद आश्रम घूमने आ गया। घूमने के बाद भटौली पुल के नीचे उतरकर सेल्फी लेना व शार्ट वीडियो बनाने के बाद दोनों गंगा किनारे कपड़ा उतार कर नहाने के लिए चले गये। वहीं अनजान होने के कारण गंगा की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाएं। गहरे पानी में उतर गये कि थोड़ी ही दूर पर काफी गहराई होने से दोनों डूबने लगे। वहीं कुछ ही दूरी पर गंगा में नाविक गोविंदा नाव से मछली पकड़ रहा था कि उसकी निगाह डूबते दोनों युवकों पर पड़ी तो गोविंदा नाव लेकर तेजी से डूबते युवकों तक पहुंचा और उमेश मौर्य का हाथ नाविक के हाथ में आ गया। जिससे उमेश तो बच गया लेकिन आकाश पाल डूब गया था। आकाश की तलाश में एसडीआरएफ की टीम भी आई और स्थानीय गोताखोरों को भी पुलिस ने लगाया फिर भी आकाश का कुछ भी पता समाचार लिखे जाने तक नहीं चल सका। वहीं आकाश को खोजने में एसडीआरएफ की टीम समेत स्थानीय गोताखोर जुटे रहे।


शव की तलाश करती टीम

# सीडीओ ने ठेकेदार को लगाई फटकार

## सेमरा गांव का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**जमालपुर।** गुरुवार को 12 बजे मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी वीएस ने ब्लाक मुख्यालय पर पहुंच गयी और पहुंचते ही जमालपुर ग्राम पंचायत स्थित राजस्व गांव सेमरा में पहुंच कर प्रधानमंत्री आवास की निर्माण प्रगति को देखा एवं धीमी गति पर नाराजगी जताई। सेमरा गांव में सबसे पहले इंद्रावती पत्नी रामराज के आवास को देखा एवं पिंका के आवास को देख कर संतोष जताया एवं जियो टैग करने को सचिव को निर्देशित किया। सीमा देवी के आवास को देखा और दूसरी किश्त जारी होने बाद काम में तेजी लाने को कहा। वहीं गांव में विधायक निधि से कराए गए इंटरलॉकिंग हटवा कर नीचे बनाए गए पक्का नाली के चैंबर को देखा। जिसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय इंटर कांलेज के निर्माण कार्य को देखा जिसमें बन रहे सीमेंट से बन रहे रैक को मानक के अनुसार न रहने पर ठेकेदार को फटकार लगाई एवं एबीएसए को निर्माण कार्य को महीने में दो बार आकर निरीक्षण करने की हिदायत दी। मजदूर कम रहने पर अधिक मजदूर लगाकर कार्य कराने को निर्देशित किया। वही बहुआर गांव में स्वास्थ्य एवं पंचायत विभाग के द्वारा बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड केंद्र का निरीक्षण किया। आयुष्मान लाभार्थियों का मास्टर कार्ड बनाने को पंचायत सहायक एवं स्वास्थ्य कर्मी को निर्देशित किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी पवन सिंह, एडीओ आई एस बी अजय सिंह, सुशील सिंह, नरसिंह चौहान, अशोक सिंह, अनिल कुमार, राजेश पाण्डेय, मन्ना सिंह सहित तमाम कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।


गांव का निरीक्षण करतीं सीडीओ

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** द लाइफ हॉस्पिटल एंड मेडिकल इंस्टिट्यूट मल्टी स्पेशलिस्ट ट्रामा सेंटर जंगी रोड में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बताते चलें कि गुरुवार को जंगी रोड स्थित द लाइफ हॉस्पिटल एंड मेडिकल इंस्टिट्यूट मल्टी स्पेशलिस्ट ट्रामा सेंटर में गरीब व असहाय लोगों के लिए निशुल्क परामर्श दवा वितरण एवं हड्डी घनत्व जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान ऑर्थोपेडिक्स डॉ अतुल कुमार बरनवाल ने हड्डी संबंधित, डेंटिस्ट डॉ रश्मि बरनवाल ने दांतो से संबंधित एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ एलपी प्रजापति ने त्वचा संबंधित मरीजों की जांच कर निशुल्क परामर्श व दवा वितरण किया। इस अवसर पर भारी संख्या में आए मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। डॉ अतुल बरनवाल ने कहा कि गरीब व असहाय लोगों की सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है और हम आगे भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते रहेंगे। जिससे लोगों का भला हो सके।

# नीदरलैंड में गूंजेगा लोकगीत कजरी

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

### विदेशी धरती पर गूंजेगा देशीगीत संगीत

### लोकगीत गायिका उषा गुप्ता महफिल लूटने के लिए तैयारी में जुटीं


उषा गुप्ता

**मीरजापुर।** नीदरलैंड में आयोजित समारोह में मिजार्पुर की प्रसिद्ध लोकगीत कजरी गूंजेगी। नीदरलैंड में सुरीनाम हिंदुस्तानी कम्युनिटी द्वारा अप्रवासी भारतीयों के सुरीनाम पहुँचने के 150 साल पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके लिए कजरी गायिका उषा गुप्ता को आमन्त्रित किया गया है। जो 7 सदस्यीय दल के साथ भारतीय लोकगीत व भोजपुरी संगीत की थाती लेकर 24 फरवरी को रवाना होगी। कार्यक्रम का आयोजन नीदरलैंड और सूरीनाम में 25 फरवरी से 1 मार्च 2023 तक किया गया है। मीरजापुर की पहचान व सबसे मजबूत विरासत लोक संगीत कजरी अब भारत के बाहर अंतराष्ट्रीय मंच पर पहुँचेगा। जिले की लोकगीत व कजरी गायिका उषा गुप्ता विदेश की धरती पर देशी सुर संगीत की प्रस्तुति करेंगी। कार्यक्रम में लोक संगीत व भोजपुरी संगीत की प्रस्तुति देने के लिए उषा गुप्ता के साथ वादकों की सात सदस्यीय टीम रवाना होगी। देशी संगीत का जलवा बिखेरने के लिए कलाकार निरंतर रियाज कर रहे है। कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए कजरी, होली, ठुमरी और दादरा के गीत और भोजपुरी संगीत का अभ्यास किया जा रहा है। लोकगीत गायिका उषा गुप्ता का कहना है कि पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर गायकी का मौका मिला है। अपनी विरासत कजरी और होली गीत जरूर सुनाऊँगी।

# जनपद में नहीं है टीका का डोज

**कोरोना छोड़िये नवजात के लिए नहीं मिल रहा है टीका**

**मीरजापुर।** शासन प्रशासन लाख कोशिश करे मगर जिले के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से नही चल पा रही है। साथ ही साथ अस्पताल में दलाली का काम जोरों पर फल फूल रहा है। लगभग दो महीने से अस्पताल में निमोनिया का टीका नही है तो टीका करण करने वाली कर्मचारी निजी अस्पतालों का पता बता कर लोगों को भेज देती है। ऐसे में अस्पताल में जब टीका करण नही हो पाता तो मासूस बच्चों के परिजन महंगे दामों पर बाहर बिक रहे टीका को खरीद कर अपने बच्चों को लगवा रहे हैं। जब कर्मचारियों से इस संबंध में बात किया जाता है तो वो आक्रोशित हो जाते है और टीका करण के लिए बाहर कुछ चिन्हित स्थानों का पता बता देती हैं। मगर मामला यह है कि जब जनपद में महत्व पूर्ण टीका का व्यवस्था नहीं हो पा रहा है तो अच्छे स्वास्थ्य की व्यवस्था कैसे होगा। वर्तमान महिला चिकित्सालय के सीएमएस से वार्ता करना चाहा गया तो उनका मोबाइल बंद मिला।

## संक्षेप

### 80 लीटर अवैध शराब, दो किग्रा यूरिया व बाइक बरामद



**लालगंज।** स्थानीय लालगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 80 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची देशी शराब, 02 किग्रा यूरिया सहित शराब निर्माण व बिक्री में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। संलिप्त दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। लालगंज की प्रभारी निरीक्षक ज्ञानु प्रिया मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अवैध, अपमिश्रित कच्ची देशी शराब, बनाने वाले ठिकाने पर दबिश देकर दो दो आरोपियों में पिन्टू उर्फ सुजीत पुत्र धर्मू व राजन पुत्र धर्मू निवासीगण ग्राम खजुरी थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। मौके से 80 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची देशी शराब, 02 किग्रा यूरिया सहित शराब निर्माण व बिक्री में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी एक्ट व धारा 272 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया तथा मोटरसाइकिल एमवी एक्ट में सीज किया गया।

### ग्राम पंचायत स्तर पर लगाई जाएगी सिंटेक्स टंकी : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट



**लालगंज।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा विकासखंड के सभागार में गुरुवार को प्रधानों के साथ बैठक करके पेयजल समस्या को ग्राम प्रधानों की जुबानी और लिखित सुनने के बाद निर्देशित करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सिंटेक्स टंकी लगाई जाएगी और टैंकर की व्यवस्था परिस्थितियों के आधार पर संचालित होगी। उन्होंने जितने हैंडपंप बैठ गए हैं, उन्हें ठीक करा कर पुनः संचालित करने का निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिया। बैठक में सेमरी गांव के प्रधान ने बताया कि 12 हैंडपंप गड़बड़ है और तुरकहा ग्राम सेक्रेटरी ने बताया कि 738 फीट का बोर कराने के बाद भी पानी बोर में नहीं आया है। इसी प्रकार नरेना कला की ग्राम प्रधान ने उप जिला मजिस्ट्रेट को जानकारी दिया कि उनके ग्राम सभा में टैंकर की खरीद की गई है लेकिन कागज पर है गांव में नहीं है। जिसको गंभीरता से लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने खंड विकास अधिकारी को जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने गांव में पानी की वैकेंसी व्यवस्था बनाए जाने के लिए प्राइवेट बोर की सहमति बोर मालिक से लेने और उसका बिजली और मशीन का खर्च दिए जाने का विकल्प देकर गांव में व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया। खंड विकास अधिकारी सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दिया। प्रमुख जयंत कुमार ने ग्राम सभा में सिंटेक्स टंकी लगाए जाने की आपसी सहमति बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में डा संजय सिंह, एडीओएजी संजय पटेल, हफीज शांति देवी विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### कच्चे मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये का आभूषण चोरी

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गाँव में कच्चे मकान का ताला तोड कर बुधवार की देर रात बाक्स व अटैची घर 75 मीटर दक्षिण नहर पर तोड़ कर उसमें रखा जेवरात उठा ले गये। सुबह परिजनों ने देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ है। खोजबीन करने पर नहर पर लिखा हुआ सामान मिला है। बसुहरा गाँव निवासी राधिका प्रसाद ने बताया कि घर से चार किमी दूर मैं पाही पर सोया था। मेरी पतोहू अनीता घर के बरामदे में सोई थी कि रात में ताला तोड़ कर चोर घर में घुस कर बाक्स व अटैची सिवान में ले जाकर बाक्स का ताला तोड़ कर चांदी की पेटी, चांदी की पायल, लच्छा, सोने का लाकेट उठा ले गये। सुबह जगने पर मकान का ताला टूटा हुआ देख कर अबाक हो गये। अगल बगल खोजने पर घर से कुछ दूर पर विखरा हुआ सामान मिला है। पीड़ित की तहरीर के बाद उपनिरीक्षक ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।

### चोर उठा ले गये हजारों के गहने

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जादोपुर महोगनी गांव में बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए का समान लेकर चंपत हो गए। पीड़ित गृह स्वामी धनंजय पान्डेय ने सुबह गुरुवार को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार के साथ वाराणसी में रहता है। दिए गए तहरीर में बताया कि आलमारी में से तोड़कर एक मंगल सूत्र, 3 सोने की रिंग, टीका, चांदी का दो पायल, एक चांदी का करधनी अज्ञात चोर लेकर चंपत हो गए।

### दो बाइकों की टक्कर में दो घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी के सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मलेट्री कम्पाउंड के सामने गुरुवार को दोपहर बाद ट्रक और बाइक में आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार कमरुद्दीन निवासी देवहट थाना हलिया व एक अज्ञात व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस से मण्डलीय अस्पताल भेजवाया। बताया गया कि बाइक सवार एक व्यक्ति की हालत गंभीर है।

### पुलिस ने दुष्कर्म मामले में दो आरोपियों को भेजा जेल

**मीरजापुर।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने व षड़यन्त्र के तहत दुष्कर्म करने वाला बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को. देहात, मीरजापुर पर 30 दिसम्बर 2022 को थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध अपनी(वादी की) नाबालिग पुत्री को षड़यन्त्र के तहत बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना को0 देहात पर धारा 363,120बी भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। गुरूवार को उ0नि0 सदानन्द सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना को0देहात पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बालअपचारी को पकड़ा गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। वहीं दूसरी घटना थाना को0देहात, मीरजापुर पर 24 जनवरी 2023 को थाना को0देहात पर एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी(वादी की) नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना को0 देहात पर मु0अ0सं0-12/23 धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। गुरूवार को उ0नि0 नरेन्द्र कुमार यादव मय पुलिस बल द्वारा थाना को0देहात पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी विजय कुमार पुत्र गिरजाशंकर निवासी हरदी खुर्द थाना मड़िहान मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही करते हुए पुलिस ने जेल भेजा गया।

### ब्लॉक सभागार में आयुष्मान कार्ड को लेकर कर्मचारियों की हुई बैठक

**हलिया।** स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरुवार को सचिव, पंचायत सहायकों तथा आशा बहनों की बैठक ली गई। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार पटेल ने बताया कि विकासखंड में प्रतिदिन 700 आयुष कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। 79 ग्राम पंचायतों के सचिव तथा पंचायत सहायक एवं आशाओं को प्रतिदिन एक व्यक्ति को 25 कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस दौरान 50 ग्राम पंचायतों में मशीनें भी वितरित की गई हैं। अन्य ग्राम पंचायतों में भी ग्राम पंचायत के माध्यम से बायो मैट्रिक मशीनें उपलब्ध कराते हुए जल्द से जल्द आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य को पूरा करना है। इस मौके पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, डॉक्टर अभिषेक जयसवाल, सचिव प्रज्ञान शुक्ल, राजेंद्र बिंद, अमर बहादुर सिंह, गौरव आदि लोग उपस्थित रहे।

### अपराध शाखा का किया गया अर्दली रूम

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपराध शाखा का अर्दली रूम कर अपराध एवं विवेचनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान अपराध शाखा में लम्बित विवेचनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए गुण दोष एवं साक्ष्यों के आधार पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि शासन के निदेर्शानुसार महिला सम्बन्धित अपराध एवं साइबर अपराधों में यथाशीघ्र अभिलेखीय एवं अन्य ठोस साक्ष्यों का संकलन कर विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जायें। इस दौरान जनपद के क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन, अपराध, विवेचनाओं से सम्बन्धित विवेचकगण सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### 30 महिलाओं ने कराई नसबंदी

**जमालपुर।** गुरुवार को सीएचसी केंद्र पर गुरुवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा बैजनाथ यादव की देखरेख में नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। कुल 33 महिलाओं ने नसबंदी कराने के लिए पंजीकरण कराया जिसमें से 30 महिलाओं का नसबंदी हुआ। तीन महिलाएं नसबंदी कराने के योग्य नही पाई गई। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.राजन सिंह, अनुज कुमार शर्मा, श्रवण कुमार पांडेय, सच्चिदानंद, स्टाफ नर्स पुष्पा एवं सुनीता ने सहयोग किया।

### गोष्ठी आयोजित कर किसानों को दी गई जानकारी

**हलिया।** विकास खंड के मड़वां धनावल गांव में गुरुवार को भूमि संरक्षण विभाग व कृषि विभाग के तत्वावधान में डब्ल्यूडीसी प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत गोष्ठी आयोजित कर किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करने के बारे में जानकारी दी गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भूमि संरक्षण अधिकारी जीत लाल गुप्ता ने किसानों को भूमि जल संरक्षण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। आधुनिक तकनीक से खेती करने के बारे में जानकारी दी। बीएचयू कृषि विज्ञान केन्द्र से आए कृषि वैज्ञानिक डॉ एस एन सिंह ने किसानों को फसलोत्पादन को लेकर आधुनिक तौर तरीकों से खेती करने का सुझाव दिया और खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करने की सलाह दी।

# क्रशर प्लांट में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**ओबरा।** स्थानीय बिल्ली खनन क्षेत्र के रास पहाड़ी क्षेत्र में स्थित मां वैष्णो क्रशर प्लांट में बुधवार की देर शाम अचानक आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। प्लांट में अचानक आग लगने से चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद स्टाफ आग बुझाने की कवायद में जुट गया। मामले में प्लांट पर कार्यरत अशोक पांडे ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग साढ़े 7 बजे के करीब मिस्त्री द्वारा प्लांट में लगे वाइब्रेटर के नीचे वेल्डिंग का कार्य किया जा रहा था।



क्रशर प्लांट में उठती आग की लपटें

वेल्डिंग हो जाने के पश्चात उसमें लगे पट्टे में किसी कारण से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते इतने में प्लांट का एक कन्वेयर पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया। वहीं आग लगने के पश्चात कन्वेयर दो हिस्सों में होकर बगल के कन्वेयर के ऊपर जा गिरा साथ ही उसके टुकड़े कई स्थानों पर गिट्टी के ढेर पर गिर गए। इसके चलते प्लांट में लगे चारों कन्वेयर आग की चपेट में आकर पूरी तरह से जल गए। साथ ही कन्वेयर के ऊपर लगी बिजली की मोटर भी इसकी चपेट में आ गई। श्री पांडे ने बताया कि आग लगने के चलते लगभग 5 लाख के करीब के सामान का नुकसान हुआ है। बताया कि आग लगने की सूचना दमकल विभाग को भी दी गई थी लेकिन दमकल विभाग के पहुंचने से पूर्व ही पट्टे जल जाने के पश्चात तथा स्टाफ की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू कर लिया गया था। घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई।

## विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार की मौत

**खलियारी।** रायपुर थाना क्षेत्र के आमडीह गांव के पास बुधवार की रात बिजली पोल से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि शम्भू पुत्र रामदरश दुद्धी क्षेत्र का निवासी था। जो बाइक से किसी तिलक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था कि आमडीह गांव के समीप पहुंचते ही बिजली पोल से टकरा गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गयी। सुबह टहलने निकलने लोगों ने लावारिस हाल पड़े युवक को देखा तो सन्न रह गए। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी। पुलिस ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना देते हुए शव पीएम के लिये भेज दिया गया।

## कांग्रेसियों ने चलाया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान बांटा संदेश पत्र

**सोनभद्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए गए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेसियों ने गुरुवार को घोरावल विधानसभा के जैत व बरकरा गांव में लोगों से मिलकर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व प्रयागराज जोन के अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया। सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि राहुल ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में जो संदेश दिया उसमें उन्होंने कहा है कि सड़क से लेकर संसद तक प्रतिदिन व समाज की बुराइयों के खिलाफ लड़ते रहेंगे और एक ऐसे भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जहां हर एक भारतीय के पास सामाजिक खुशहाली के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि के समान अवसर हो, जहां किसानों को उनकी फसल का सही दाम मिले, युवाओं को रोजगार मिले, छोटे और मध्यम वर्ग के उद्योगों को प्रोत्साहन मिले। इस मौके पर रमेश सिंह पटेल, श्याम बाबू, पंकज कुमार, धीरज कुमार, मोतीलाल, सत्येंद्र, अनिल कुमार, गौरव आनंद, गणेश पासवान, अनिल कुमार, नारायण सिंह, राजेंद्र, राजेश्वर, बहादुर सिंह मौजूद रहे।

# पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**तैयारी शुरू**

**पेयजल समस्या के निस्तारण को कंट्रोल रूम स्थापित**

**डीपीआरओ व बीडीओ बनाए गए नोडल अधिकारी, 24 घंटे काम करेगा कंट्रोल रूम**

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जिले में ग्रीष्म ऋतु में ग्राम पंचायतों में आने वाले पेयजल की समस्या के निस्तारण के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने जनपद एवं विकास खंड में कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी है।

डीएम ने ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम का संचालन का निर्देश दिया है। सभी अधिकारी पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे। प्रतिदिन की सूचना जनपद कंट्रोल रूम को प्रेषित की जाएगी।



डीएम चंद्र विजय सिंह

विकास भवन में बनाए गए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी विशाल सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी 8299357756 को बनाया गया है। अति संवेदनशील क्षेत्रों हेतु महेन्द्र सिंह अधिशासी अभियंता जल निगम 8317075308 को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। कन्ट्रोल रूम प्रभारी अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश सिंह को बनाया गया है।

इसके अलावा अभिषेक त्रिपाठी लेखाकार/योजना सहायक, सतीश कुमार कम्प्यूटर आपरेटर, रमाकांत सफाईकर्मी, कमलेश कुमार सिह सफाईकर्मी को तैनात किया गया है। इसी प्रकार विकास खण्डवार भी कंट्रोल रूम बनाए गए है। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विकास खंड के बीडीओ व सहायक पंचायत अधिकारी को दी गई है। नोडल अधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर सभी ग्राम पंचायत सचिवालयों पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पेयजल की समस्या होने पर तत्काल सूचना दी जा सके।

## संक्षेप

### नेत्र शिविर में 160 मरीजों के आंखों की हुई जांच



शिविर में मरीजों के आंख की जांच करते चिकित्सक

**सोनभद्र।** सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा खजुरी शाहगंज स्थित शमशेर बहादुर सिंह इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में गुरुवार को नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक पूर्व पुलिस महानिरीक्षक केपी सिंह ने बताया कि शिविर में 160 लोगों की आँखों की जाँच करायी गई, जिसमें 34 मरीजों को आपरेशन के लिए चित्रकूट रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों का आपरेशन होना है, उनके आने, जाने, रहने तथा भोजन आदि के साथ ही आपरेशन एवं तत्संबंधित अन्य व्यय की व्यवस्था संस्था द्वारा निःशुल्क की गई है। आपरेशन के एक माह बाद मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी मिलेगा। बताया कि इसके पूर्व भी दो बार निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ों लोगों के आखों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। अब तक संस्था के माध्यम से 80 मरीजों की आखों का आपरेशन कराया जा चुका है। कहा कि शमशेर बहादुर इंटरनेशनल स्कूल पर प्रत्येक माह की 23 तारीख को नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन होता रहेगा। शिविर में शिव कुमार, रवींद्र केशरी, विनय प्रताप सिंह, विमल जालान, अभय राज सिंह, सतीश आदि उपस्थित रहे।

### डीआर ग्रुप प्रमुख नंदलाल जायसवाल का निधन, शोक

**दुद्धी।** कस्बे के पूर्व चेयरमैन गोपालदास जायसवाल के बड़े भाई डीआर ग्रुप के प्रमुख नंदलाल जायसवाल का बीती रात हृदयाघात होने के कारण निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को कनहर और ठेमा नदी संगम तट पर उनका दाह संस्कार किया गया। वहीं यह खबर सुनते ही कस्बे के लोगों और उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। करीब दो वर्ष पूर्व उनकी पत्नी का भी निधन हो चुका था। निधन की सूचना पर उनके आवास पर पहुंचकर शुभचिंतकों ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

### जय प्रकाश पाण्डेय का हैसियत प्रमाण पत्र निरस्त

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि जय प्रकाश पाण्डेय पुत्र मारकण्डेय देव पाण्डेय निवासी दीपनगर, रावर्टसगंज, सोनभद्र के नाम निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र चालीस लाख चैवालीस हजार रुपया मात्र को उप जिलाधिकारी सदर द्वारा निरस्त किये जाने हेतु प्रेषित संस्तुति व आवेदक द्वारा दिये गये स्वच्छा पूर्वक लिखित अनुरोध के आधार पर जय प्रकाश पाण्डेय के नाम निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। उक्त हैसियत प्रमाण पत्र के अधार पर आवेदक को कोई लाभ नहीं दिया जायेगा।

### जरूरतमंदों को बिना भेदभाव के मिल रहा योजनाओं का लाभ



दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ करते अतिथिगण

**चोपन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को चोपन मंडल के ग्रामवासी सेवा आश्रम में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामसकल, विशिष्ट अतिथि काशी क्षेत्र अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ शोषितों एवं अनुसूचित समाज के लोगों को बिना भेदभाव के मिल रहा है। यही एक ऐसी पार्टी है जहां बिना भेदभाव के कार्य के आधार पर राष्ट्रपति पद तक पहुंचा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव में पुनः प्रधानमंत्री को देश की कमान सौंपने के लिए कमर कस लें। वहीं आगामी सहकारी समिति चुनाव में कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी निभाने का दायित्व दिया गया। इस मौके पर कैलाश सिंह बैसवार, संजीव त्रिपाठी, सुनील सिंह, प्राणमति देवी, सरजू बैसवार, शिव प्रकाश, पंकज गौतम, नीरज कनौजिया, घनश्याम चौधरी, मणिकर्णिका कोल, नवीन, महेन्द्र बैसवार, राकेश बैसवार, केदार सिंह, प्रदीप अग्रवाल, राजेश अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** द लाइफ हॉस्पिटल एंड मेडिकल इंस्टिट्यूट मल्टी स्पेशलिस्ट ट्रामा सेंटर जंगी रोड में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बताते चलें कि गुरुवार को जंगी रोड स्थित द लाइफ हॉस्पिटल एंड मेडिकल इंस्टिट्यूट मल्टी स्पेशलिस्ट ट्रामा सेंटर में गरीब व असहाय लोगों के लिए निशुल्क परामर्श दवा वितरण एवं हड्डी घनत्व जांच कैंप का आयोजन किया गया ।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव, सनसनी

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के निजी सीमेंट कम्पनी के आवासीय परिसर में गुरुवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव कमरे में पंखे के सहारे लटकता हुआ मिलने सनसनी मच गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गए। सतेन्द्र राय पुत्र झारखंडे राय निवासी सुरवत थाना कासिमाबाद, गाजीपुर हाल पता आवासीय परिसर एस एफ 24 ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरी पत्नी 35 वर्षीय संध्या राय ने घर में पंखे पर सूट के दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उसकी पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी, जिसका वर्षो से इलाज भी कराया जा रहा था। घटनाक्रम की जानकारी होते ही पुलिस एम्बुलेंस से शव को मोर्चरी भेज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या ही देखने से प्रतित हो रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मृतका मानसिक रूप से अस्वस्थ है, जिसकी जानकारी उसके पति सतेन्द्र राय ने दी है।

# अवैध कब्जा गिराने के अल्टीमेटम से रहवासियों में हड़कंप

**बढ़ी सरगर्मी**

**वन विभाग ने मकान के कागजात जमा करने का दिया निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**

**बीजपुर।** स्थानीय बाजार से अवैध अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर वन महकमें के अल्टीमेटम से बाजारवासियों में हड़कंम मचा हुआ है। वन विभाग ने 24 घंटे के अंदर मकान का कागजाम कार्यालय में जमा करने का निर्देश दते हुए ऐस न करने की दशा में मकान धराशाई करने की चेतावनी दी है। बताते चलें कि क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर इन दिनों सरगर्मी बनी है।

इसी दौरान गुरुवार को जरहा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह वन रक्षक के साथ बाजार पहुंचकर उत्तर पटरी पर बसे दुकानदारों को सूचित किया कि अपने दुकानों के कागजात वन विभाग के कार्यालय में जमा कर दें, नहीं तो शुक्रवार को दुकानों को ध्वस्त कर दिया जाएगा



व्यवसाइयों से वार्ता करती टीम

और हर्जाना भी वसूला जाएगा। जिससे व्यवसाइयों में हड़कम्प मच गया। कई दशकों से बसे बीजपुर बाजार के उत्तर पटरी के व्यवसाइयों का आरोप है कि हम छोटे दुकानदार इसी से अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते आ रहे हैं। अगर वन विभाग द्वारा दुकानें ध्वस्त कर उनको बेदखल कर दिया तो भुखमरी व बेरोजगारी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इसको लेकर बाजार में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा कि पहले विभाग के लोग ही स्वार्थ पूर्ति कर वन भूमि कब्जा करवाए और अब घूम घूम कर ध्वस्तीकरण की सूचना दे रहे हैं। रेंजर ने कहा कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर व्यापारियों को आगाह किया जा रहा है, आदेश का अनुपालन नहीं करने पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाई की जाएगी।

## ओवर लोडिंग में 33 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 21 से 22 फरवरी तक अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे 33 वाहनों को अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 6 वाहनों को लोढ़ी बैरियर, चोपन थाने के अभिरक्षा में दिया गया और मौके पर 13 वाहनों के स्वामियों ने मौके पर ही नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन जमा किया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# पैसा निकालने वाला आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

**ऑनलाइन फ्राड**

**चुर्क निवासी से फोन पर एकाउंट नंबर पूछ खाते से निकाल लिया था दो लाख 29 हजार**

**सोनभद्र।** एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ऑनलाइन फ्राड कर पैसा निकालने वाले युवक को झारखंड से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

बताया गया कि नीरज कुमार गोंड पुत्र स्व अवध विहारी गोड़ निवासी मड़िया सिविल लाइन, जनपद आजमगढ हाल- पता जेपी चुर्क प्लांट द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मेरे मोबाइल पर कॉल करके मेरे खाता संख्या 31752037285 से 2,29,500/- रूपया ऑनलाइन निकाल लिया गया। उक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने धारा 66 डी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों को प्रकाश में लाने एवं अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु डा यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश के क्रम में पंजीकृत अभियोग उपरोक्त मे विवेचना के क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल लोकेशन के आधार पर रेलवे स्टेशन जामतारा जनपद जामतार (झारखण्ड) से अभियुक्त सुबल दास पुत्र निर्मल दास को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में शेष दो नफर वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मेरे रिश्तेदार विक्रम रविदास तथा उनके सहयोगी राहुल दास पुत्र मन्टू दास तीनों मिलकर आनलाइन फ्राड करके पूरे पैसों को आपस में हमलोग बाट लेते थे।

## दुशान कंपनी के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय पुलिस द्वारा परास पानी कोटा निवासी अरविंद कुमार की तहरीर पर बुधवार की रात सी परियोजना का निर्माण कार्य करा रही दुसान पावर इंडिया लि के डिप्टी मैनेजर सहित दो व्यक्तियों के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लेने से हड़कंप मच गया है।मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद द्वारा किया जा रहा है।वही थाना में दी तहरीर में पीड़ित अरविंद कुमार ने आरोप लगाया है कि दुसान पावर इंडिया लि में कार्यरत एच आर के डिप्टी मैनेजर दिलीप ठाकुर तथा शिव नरेश निवासी राम मंदिर कालोनी द्वारा मजदूरी के लिए अधिक पैसा देने का वादा किये थे।कार्य के पश्चात कम पैसे देने के बाद पूरा पैसा मांगने पर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिए है।ओबरा पुलिस दोनो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न 406, 504, 506, 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5क के तहत मुकदमा दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

# कारपोरेट परस्त है यूपी सरकार का बजट : आईपीएफ

**आरोप**

**बजट में बेरोजगारों किसानों व मजदूरों की हुई उपेक्षा**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 6.9 लाख करोड़ का बजट पेश किया है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार (राज्य जीडीपी) करीब 24 लाख करोड़ है। जबकि प्रदेश पर कर्ज बढ़ कर करीब 8.5 लाख करोड़ हो गया है जोकि कुल राज्य जीडीपी का 35.50 फीसद है। पूर्व में पेश बजट के आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि वास्तविक आय व्यय पेश बजट की अपेक्षा काफी कम रहा है। बजट के आंकड़ों से यह देखा जा सकता है कि प्रदेश की आय का प्रमुख स्त्रोत आम जनता पर लगाये गए टैक्स से हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र, शिक्षा-स्वास्थ्य व कृषि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे पर नाममात्र खर्च है। उसमें भी गत वर्ष के सापेक्ष तुलनात्मक रूप से खर्च में गिरावट दर्ज की गई है।

बजट का सबसे बड़ा हिस्सा वेतन, पेंशन और ब्याज में खर्च है जोकि कुल बजट के 43% से अधिक है। इसके अलावा सामाजिक कल्याण के महत्वपूर्ण मदों में बजट शेयर में गत वर्ष के सापेक्ष कमी आयी है। शिक्षा में बजट शेयर 12.2 % से घट कर 11.22%, स्वास्थ्य 6.67 % से घट कर 5.41 % , कृषि एवं संबद्ध क्रियाकलाप 2.8 फीसद से घटकर 2.37 %, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण 4.46 % से घटकर 1.86 %, समाज कल्याण में 5.08 फीसद से घटकर 4.63 % हो गया है। पूंजीगत परिव्यय 147492 करोड़ रुपये है. अवस्थापना यानी इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ी चर्चा है। लेकिन जो इस मद में जो खर्च किया गया है वह कारपोरेट्स व निजी क्षेत्र के मुनाफे व उपयोग के लिए है। जैसे मेडिकल कालेज, अस्पताल और तकनीकी संस्थाओं का निर्माण पीपीपी मॉडल के तहत हो रहा है. सरकार इनके निर्माण में संसाधनों को खर्च कर रही है जबकि इनका संचालन निजी क्षेत्र के अधीन होगा और निजी क्षेत्र द्वारा बिना किसी खास निवेश के ही अकूत कमाई की जायेगी। ग्लोबल समिट से 33 लाख करोड़ के निवेश समझौते से प्रदेश के विकास और रोजगार सृजन की तस्वीर पेश की जा रही है। दरअसल इन तरह के आयोजनों के पूर्व के अनुभव के आधार पर जो तथ्य हैं उससे स्वतः स्पष्ट होता है कि जो प्रोपैगैंडा किया जा रहा है उससे वास्तविक स्थिति एकदम अलग है। बेरोजगारी के आंकड़ों का जो हवाला दिया जा रहा है कि 2017 के पूर्व बेरोजगारी की दर 14 फीसद थी जो घटकर 4.2 % हो गई है, तथ्यों से मेल नहीं खाता। प्रदेश में श्रमशक्ति भागीदारी दर 33% के करीब है। अन्य राज्यों में रोजी रोटी की तलाश में युवाओं का पलायन बढ़ रहा है। प्रदेश में 6 लाख से ज्यादा रिक्त पद हैं, इन्हें भरना अब सरकार के ऐजेंडा में ही नहीं है। आंगनबाड़ी, आशा आदि स्कीम वर्कर्स के सम्मानजनक वेतनमान के लिए भी बजट में किसी तरह का प्रावधान नहीं है। कुल मिलाकर बजट कारपोरेट की मदद के लिए है और जनविरोधी है।

# एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार हो कोल और राख का परिवहन

**सोनभद्र।** एनसीएल की बीना परियोजना की वीआईपी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई बैठक में राख व कोल परिवहन को लेकर एनजीटी के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गयी। एनजीटी में पंकज कुमार मिश्र द्वारा की गयी रिट के संबंध में दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र अधिकारियों, कोल व बिजली परियोजनाओं के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में प्रदूषण रोकने पर चर्चा की गयी।

बताया गया कि तापीय परियोजनाओ से निकलने वाली राख व खदानों से निकलने वाले कोयले के परिवहन के दौरान उड़ने वाले धूल के उत्सर्जन के नियंत्रण की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके लिए पानी का छिड़काव, स्माक गन, मिस्ट गन, वाटर टैंकर का सतत उपयोग करने के संबंध में परियोजनाओं को निर्देश दिये गये। समिति द्वारा यह भी कहा गया कि निर्देशों का अनुपालन पाये जाने की स्थिति में एनजीटी को रिपोर्ट भेजी जायेगी। बैठक में केंद्रीय पर्यावरण व वन मंत्रालय के डा. एके गुप्ता, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली के आरडी पाटिल, क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र के सहायक पर्यावरण अभियंता उमेश गुप्ता, बिजली व कोल खदानों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में शामिल अधिकारी

## सेवानिवृत्त सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारण

**सोनभद्र।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र ने कहा कि जिले के सेवानिवृत्त सैनिकों/उनकी विधवाओं तथा आश्रितों का पूरा सम्मान करते हुए उनकी समस्याओं को समयबद्ध तरीके और प्राथमिकता से निस्तारित कराया जायेगा। उन्होंने सेवानिवृत्त सैनिकों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना व उनकी तत्सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में आशुतोष चैधरी, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी, देवेन्द्र कुमार जैसवार व सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## महिला ने लगायी न्याय की गुहार

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासिनी एक महिला ने एक व्यक्ति पर हथियार दिखाकर डरा धमकाकर बलात्कार एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# मरीजों को वितरित किया गया चश्मा व कंबल, खिले चेहरे

**डाला।** स्थानीय अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सीएसआर द्वारा बुधवार की देर सायंकाल मोतियाबिन्द से जूझ रहे लोगों के आखों की रोशनी लौटाने के बाद चश्मा एवं कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड राहुल सहगल रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि अल्ट्राटेक द्वारा लगभग तीन सौ लोगों का निःशुल्क जांच बारी, भलुआ व परासपानी में कैंप लगाकर किया गया। जिनमे चार दर्जन लोगों के आखों में मोतियाबिंद से संक्रमित पाया गया, मोतियाबिन्द से परेशान लोगों का आपरेशन आंख अस्पताल, ओबरा में किया गया। आपरेशन कराने के बाद सभी लोगों को चश्मा वितरित किया गया। वहीं चिन्हित लोगों के ठंड से बचाव के लिए कंबल दिया गया। ग्रामीण ओमप्रकाश ने बताया कि अल्ट्राटेक द्वारा कराया गया कार्य काबिले तारीफ है। इस मौके पर मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार, विवेक खोसला, जगदीश तिवारी, ऋषिराज सिंह शेखावत समेत अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे। संचालन रमेश पाण्डेय ने किया।



मरीज को चश्मा व कबंल वितरित करते अल्ट्राटेक के यूनिट हेड राहुल सहगल

# भाजपा जिला महामंत्री के घर नकदी समेत लाखों की चोरी

जनसंदेश न्यूज

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के साराडीह गांव में बुधवार की रात चोरों ने भाजपा के जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह के घर को निशाना बनाया। चोर 28 हजार नगद सहित लाखों रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी उमाशंकर सिंह के छोटे भाई पूर्व प्रधान जनार्दन सिंह उर्फ मुन्ना ने घटना के बाबत तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

साराडीह गांव में भाजपा के जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह के छोटे भाई जनार्दन सिंह उर्फ मुन्ना अपने परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार की रात 12 बजे के छत के रास्ते घर में घुसे हौसला बुलंद चोरों ने मुन्ना सिंह के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर-के मकान के दूसरे कमरे में रखी आलमारी को तोड़कर उसमें रखे 28 हजार रूपए नगद सहित 4 जोड़ी सोने का हार, 4 जोड़ी सोने की चूड़ी, 1 जोड़ी सोने का कंगन, सोने का दो मंगलसूत्र, सोने की 10 अंगूठी, सोने का नथिया दो, सोने का मांग टीका 1, 5 जोड़ी सोने का झुमका, 1 जोड़ी चांदी की पैजनी, 1 जोड़ी सोने की बाली, 2 जोड़ी सोने का टप्स पर हाथ साफ कर दिया। अलमारी टूटने की आवाज जैसे ही जनार्दन सिंह कि नींद खुली और वह कमरे से बाहर निकलने लगे तो बाहर से कमरे का दरवाजा बंद था।

जिस पर उन्होंने फोन कर के आसपास के लोगों को बुलाया जब तक लोग जुटते उससे पहले ही चोर चोरी किए गए सामान को लपेट कर रफू चक्कर हो गये। गुरुवार की सुबह जिला मुख्यालय से डाग स्क्वायड और एसओजी टीम ने भी घटनास्थल की गंभीरता से जांच की। साराडीह भाजपा के जिला महामंत्री उमाशंकर सिंह एडवोकेट के अलावा विधायक कैलाश आचार्य का भी गांव है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।



चोरी की घटना के बाद मौका मुआयना करती पुलिस।

## चंदौली पुलिस के हत्थे चढ़े पांच पशु तस्कर

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने जमुनीपुर गांव के समीप चेकिंग के दौरान बुधवार को मैजिक वाहन से बिहार जा रहे पांच गौ तस्करों को धर दबोचा। तस्करों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज आगे करवाई में जुट गई। बताते हैं कि सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह, एसआई संतोष कुमार व रूपनारायण सिंह अपने हमराहियों के साथ जमुनीपुर गांव के समीप चेकिंग अभियान चला रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि पांच गौ तस्कर जमुनीपुर से बिहार की तरफ जा रहे हैं, तभी पुलिस को तीन मैजिक आता दिखाई दिया। पुलिस ने मैजिक को रोक कर चेक किया गया तो तीनों वाहनों पर गोवश लदे थे। तीनों वाहनों में पांच तस्कर बैठे थे। उनको उतार कर चेक किया गया तो उनके पास से तीन चापड़ मिला पुलिस ने पूछताछ किया तो उन्होंने अपना नाम विशाल, अजय, सुनील, विकास, अजय बताया पुलिस ने पांचों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आयी और विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# कलेक्ट्रेट में डीएम को दी भावपूर्ण विदाई

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन को कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में चलो चंदौली अभियान, टूरिज्म को बढ़ावा देने के दृष्टिगत किये गए विशेष प्रयासों, जन कल्याणकारी एवं विकास कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद की बेहतरी के लिए पुरजोर प्रयास किया गया। योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया। जनसमस्याओं का ससमय समाधान सुनिश्चित किया गया। जनपद के सुदूर व पिछड़े क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के विषय में जन चैपालों के माध्यम से आमजन को उनके बीच पहुंचकर उन्हें जानकारी प्रदान करने के साथ ही लाभान्वित करने का कार्य किया गया। टूरिज्म को बढ़ावा देने के दृष्टिगत ठोस प्रयास सहित अनेक कार्य किये गये। कहा कि कार्यों के प्रभावी कार्यान्वयन में जनपद के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही मीडिया व जनपदवासियों का अत्यंत सहयोग रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के दृष्टिगत जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा बनाए गए टूरिज्म कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में टूरिज्म कैलेंडर का विमोचन करती डीएम ईशा दुहन।

## संक्षेप

### सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**नौगढ़।** सड़क निर्माण मे गुणवत्ता की कमी से आक्रोशित ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान चिकनी संतराम सिंह यादव के नेतृत्व में गुरुवार को नौगढ धनकुवारी मार्ग को जाम कर धरना प्रदर्शन किया। जिसकी जानकारी मिलते ही तहसीलदार सुरेश चन्द्र ने मौके पर जाकर के आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर आरोपों की जांच कराकर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही होने के आश्वासन पर सड़क जाम समाप्त कराया। इस बारे में बताया जाता है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत नौगढ धनकुवारी मार्ग सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क बनाए जाने मे सामग्री का उपयोग नाकाफी की जा रही है, जिससे जल्द ही गिट्टियां उखड़ कर सड़क गड्ढों में तब्दील हो जाएगी। प्रदर्शन करने वालो मे बबुंदर रमेश सरोज जिलाजीत संजय रवि सतीश रोहित त्रिभुवन महेंद्र आदि मौजूद रहे।

### गोधना अंडरपास शुरू होने की लोगों में जगी उम्मीद

**नियामताबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 2 अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय नगर से चकिया रोड पर जाने वाले गोधना बाईपास पर अंडरपास का काम अंतिम दौर में है। आपको बताते चलें कि कुछ दिन पहले मटकुटटा में रेलवे ऊपरगामी सेतु का लोकार्पण भारी उद्योग मंत्री व सांसद डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने किया था। उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि कुछ ही दिनों में गोधना बाईपास को भी आम जनों के लिए खोल दिया जाएगा। सांसद के पहल का प्रयास हुआ कि अब कुछ ही दिनों में अब गोधना अंडरपास खुल जाएगा। जेई उत्तम भुजवाल ने बताया कि बिटवीन मैट बिछाया जा रहा है वह आस-पास के गड्ढे भरे जा रहे हैं क्षतिग्रस्त सड़कों को बनाया भी जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों में आशा जगी है कि कुछ ही दिनों में अंडर पास प्रारंभ हो जाएगा, जिससे राहगीरों को आने जाने में सहूलियत होगी।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल

**सकलडीहा।** सड़क दुर्घटना में अलग अलग स्थान पर चार लोग घायल हो गये। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया है। डेढ़गांवा निवासी 45 वर्षीय रामाश्रय जायसवाल डेढ़गांवा बाजार में बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गये। एम्बुलेंस से परिजन सीएचसी लेकर आये जहा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके अलावा सकलडीहा कस्बा के प्रतीक्षा पेट्रोल पम्प के समीप 47 वर्षीय टेम्पू चालक असंतुलित होकर टेम्पू सहित पलट जाने पर घायल होगया। सर में गंभीर चोट लगने पर जिला अस्पताल भेज दिया गया। धरहरा गांव के समीप आमने सामने बाइक के टक्कर में धानापुर क्षेत्र का निवासी 40 वर्षीय बबलू और 37 वर्षीय लड्डू गंभीर रूप से देर शाम घायल होगया। एम्बुलेंस से सीएचसी से जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### बाइक से गिरकर युवती घायल

**कन्दवा।** सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर गुरुवार की अपराह्न मरूई गांव के समीप अनियंत्रित बाइक से गिरकर अंजली 29 वर्ष घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल सैयदराजा में ले जाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि शंभूपुर गांव निवासी गोपाल अपनी बहन अंजली को बाइक पर बैठाकर सैयदराजा-जमानियां मार्ग होते हुए अपने गांव को जा रहे थे तभी मरूई के पास बाइक अनियंत्रित हो गई व अंजलि मार्ग पर गिरकर घायल हो गई।

### बाइक से गिरकर पिता-पुत्री घायल

**कन्दवा।** थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव के पास बुधवार की शाम एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिस पर सवार रमेश 40 वर्ष व उनकी पुत्री सोनी 12 वर्ष घायल हो गयी। जिनका निजी चिकित्साल में इलाज कराया गया। बिहार प्रांत के देवहलियां मसाढीं गांव निवासी रमेश कोरी गांव रिश्तेदारी से अपने गांव देवहलियां मसाढी वापस जा रहे थे तभी कंदवा-ककरैत मार्ग पर वाइक अनियंत्रित होकर बाइक गिर गयी।

### खेल से विकसित होता है शरीर व दिमागः एचसी यादव



**डीडीयू नगर।** पूर्व मध्य रेल प्लांट डिपो इंस्टिट्यूट के तत्वाधान में रेलवे इंटर कॉलेज मैदान में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्लान्ट डिपो इंजीनियरिंग करखाना में तैनात व एफबीडब्ल्यूपी, टीएमसी, स्टोर एवं प्रशासनिक कार्यालय के रेल कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किए कर्मचारियों को मुख्य अतिथि मुख्य कारखाना प्रबंधक पीडी एचसी यादव एवं उप मुख्य इंजीनियर टीएमसी अमित कुमार गुप्ता द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबंधक ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर और दिमाग को विकसित करने में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल कई प्रकार के होते हैं जो हमारे शरीर के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं, खेलकुद शाररिक व मानसिक तनाव दूर करने का बेहतर माध्यम है। उपमुख्य इंजीनियर टीएमसी अमित कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता शशांक पांडेय, राम अवध सिंह यादव, विवेकानन्द भारती, ईसीआरकेयू के केन्द्रीय उपाध्यक्ष केदार प्रसाद, केन्द्रीय संगठन मंत्री बीबी पासवान, महेन्द्र कुमार, रुद्र विजय पाण्डेय, मनोज पासवान, घनश्याम राय, अरविंद चतुवेर्दी उपस्थित रहे। संचालन सुल्तान अहमद ने किया।

# संत गाडगे ने आजीवन शोषितों व वंचितों का किया कल्याण

**चंदौली।** धोबी कल्याण समिति की ओर से गुरुवार को जिला मुख्यालय पर बाबा संत गाडगे की 147वीं श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई गई। समाज के लोगों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज कुमार सिंह डब्लू ने कहा कि संत गाडगे ने देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। सभी को संगठित होकर संत गाडगे बाबा के विचारों पर चलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संत गाडगे सदाचार, नम्रता, त्याग व कर्मयोग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने आजीवन समाज के शोषित, वंचित तथा अन्याय अत्याचार से पीड़ित दीन-हीनों की आवाज उठाई। वे शिक्षा, समानता तथा नारी सम्मान के प्रबल पक्षधर थे। कहा कि संत गाडगे बाबा के जीवन का लक्ष्य समाज सेवा था। दीन-दुखियों की सेवा को ही बाबा ईश्वर भक्ति मानते थे। मनोज सिंह डब्लू ने पिछले दिनों सैयदराजा से भाजपा विधायक सुशील सिंह द्वारा चंदौली जनपद के नाम बदलने को लेकर विधानसभा सदन में मुद्दा उठाने की बात का विरोध किया। कहा कि चंदौली जनपद का जो नाम है, वही रहेगा। नाम बदलना है कि तो अपने दम पर कुछ ऐतिहासिक व नया आयाम गढ़े और उसका नामकरण करें। कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी उस दिन संत गाडगे की एक प्रतिमा स्थापित किया जाएगा और एक ऐसा स्थान चिन्हित कर भवन बनाया जाएगा। जहां उस समाज के लोग बैठकर विचार विमर्श कर सकें। इस मौके पर शिवचरन बाबू, रामकृत कनौजिया, धीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



संत गाडगे के जयंती अवसर पर मनोज सिंह डब्लू को सम्मानित करते समिति के लोग।

### जनपद में सकुशल सम्पन्न हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**चंदौली।** यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरुवार को जनपद में सकुशल सम्पन्न हुआ। इस दौरान सुबह की पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य व इंटरमीडिएट की फारसी विषय की परीक्षा करायी गई। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की सिलाई एवं इंटरमीडिएट की कम्प्यूटर विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। इस दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह की प्रथम पाली में हाईस्कूल के वाणिज्य विषय में कुल 118 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इसमें 115 उपस्थित और 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इंटरमीडिएट की फारसी विषय में एक ही पंजीकृत परीक्षार्थी उपस्थित रहा। दूसरी पाली में हाईस्कूल की सिलाई विषय की परीक्षा में 85 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। इसमें 81 उपस्थित और 4 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट के कंप्यूटर विषय में पंजीकृत 108 परीक्षार्थियों में 106 उपस्थित व 2 अनुपस्थित मिले। परीक्षा के दौरान डीआईओएस विजय प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया।

# समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें विद्यार्थी

**नौगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत कुमार उर्फ सुड्डू सिंह व प्राचार्य डा.रमेश कुमार सिंह तथा अन्य वक्ताओं ने स्वयंसेवी छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश भक्ति गीत, भाषण व दहेज प्रथा बेटी पढाओ बेटी बचाओ से संबंधित कविता आदि की प्रस्तुति की गई। सुजीत कुमार उर्फ सुड्डू सिंह ने कहा कि छात्रों को सदैव सेवा में तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मंजिल मिले ना मिले मुकद्दर की बात है। हम कोशिश ही न करे यह गलत बात है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में जीवन की समस्याओं से रूबरू होकर चिंतन करने का अवसर मिलता है। जो कि भविष्य के लिए बहुत काफी लाभप्रद होती है। प्राचार्य डा. रमेश कुमार सिंह ने शिक्षार्थियों को राष्ट्र सेवा के कई पक्षों से परिचित कराते हुए कहा कि अभ्यास से ही कोई कार्य फलीभूत होता है। जिसके लिए दृढ संकल्पित होना ही व्यक्तित्व का विकास करता है। ग्राम प्रधान सेमरात कुशही गुरु प्रसाद यादव ने कहा कि छात्रों को सेवा भाव बढ़ाने का अवसर सेवा भाव के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों से मिलती है, जिससे युवा भविष्य में समाज और राष्ट्र का नेतृत्व कर सके। संचालन पंकज कुमार शुक्ल, निशा व शीतला प्रसाद सिंह ने किया।



नौगढ़ राजकीय महाविद्यालय में अतिथिगण को स्मृति चिह्न भेंट करते कालेज के लोग।

# हनुमानगढ़ी मठ में सीताराम महायज्ञ का हुआ आयोजन



कलश में जल भरती कन्याएं व बाबा संजय दास।

**चहनियां।** नादी निधौरा स्थित हनुमानगढ़ी मठ में साकेत धाम वासी परम ब्रह्मलीन गुरुदेव भगवान रामकिंकर दास मौनी बाबा फलाहारी महाराज के कृपा पात्र संजय दास के मार्गदर्शन में सीताराम महायज्ञ का आयोजन किया गया है जोएक मार्च तक रामकथा का आयोजन किया गया है। रामकथा के प्रथम दिन जल यात्रा मंडप प्रवेश का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों गांव से सैकड़ों लोग मौजूद रहे। यज्ञकर्ता संजय दास ने बताया कि गांव व क्षेत्र के खुशहाली के लिए तथा साकेत धाम वासी परम ब्रह्मलीन गुरुदेव भगवान रामकिंकर दास मौनी बाबा फलाहारी महाराज के याद में रामकथा का आयोजन किया गया है। जलभरण में गांव की कन्याओ के अलावा श्रद्धालु मौजूद रहे।

### व्यवसायी खेती को अपनाकर खुद को सम्पन्न बनाएं किसान

**चंदौली।** कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित तीन दिवसीय किसान मेला (विंध्य जोन) के अंतिम दिन गुरुवार को सम्पन्न हुआ। इस दौरान कृषि विज्ञानियों ने जहां किसानों को उन्नत खेती की जानकारी दी, वहीं मेले में विभिन्न स्टालों के माध्यम से किसानों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बाबत विस्तार से बताया। विज्ञानियों ने कहा कि धान के कटोरे के अन्नदाता व्यवसायिक खेती को अपनाएं तभी उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकती है। केविके के प्रभारी डा. एसपी सिंह ने किसानों को मशरूम की खेती के बारे में बताया। कहा कि वर्तमान समय मशरूम की खेती के लिए उपयुक्त है। किसान मशरूम की खेती के जरिए कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उद्यान विज्ञानी डा.दिनेश यादव ने किसानों को बागवानी लगाने और आम में लगे बौर की सुरक्षा के बाबत आवश्यक जानकारी दी। कहा कि जिन आम के वृक्षों में बौर लग गए हैं उसकी सिंचाई नहीं करनी चाहिए। इससे बौर झड़ने की संभावना बढ़ जाती है। विज्ञानी डा अमित सिंह, किसान दीनानाथ श्रीवास्तव, कपिलदेव सिंह, आशीष श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरूष किसान उपस्थित थे।

# नियामताबाद पीएचसी पर मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

**नियामताबाद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियामताबाद पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वाईके राय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम को 4 बजे तक चला, जिसमें 56 मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्तियों का इलाज व काउंसलिंग किया गया।

साथ ही 145 जनरल रोगियों का इलाज किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का संबंध व्यक्ति के भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण से है मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति हम जो कुछ भी करते हैं सोचते हैं या कहते हैं उसे प्रभावित करता है मानसिक और शारीरिक तंदुरुस्ती सामान तंदुरुस्ती के समान रूप से महत्वपूर्ण घटक है अवसाद के चलते किसी कार्य में मन ना लगना निराशा के भाव तनाव महसूस होना, हड़बड़ी में रहना व तनाव मुक्त ना हो पाना आदि लक्षण प्रतीत होते हैं। बीमारियों से बचने के लिए मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना होगा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.कुमार विमल ने कहा कि ब्लॉक परिसर में कैंप के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से ग्रसित व्यक्तियों का इलाज किया गया। और साथ ही रोगियों का काउंसलिंग भी किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. कुमार विमल, डा.संदीप कुमार, डा.अनिल कुमार, प्रतिभा सिंह, फार्मासिस्ट अशोक कुमार यादव, विमलकांत सिंह, राजकुमार चौहान, गंगासागर सिंह, डा.आशुतोष, डा. हेमंत कुमार, डा.नितेश सिंह, डा.अवधेश कुमार, डा.अजय कुमार, नताशा कश्यप, संजय कुमार सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।



नियामताबाद पीएचसी पर शिविर का उद्घाटन करते सीएमओ।

# एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता पर पेंटिंग बनाकर किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** 91 बटालियन के निर्देशन में गुरुवार को सकलडीहा इंटर कालेज के एन सी सी कैडेट्स के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान कैडेट ने स्वच्छता विषयक पर पेंटिंग, स्लोगन, कविता व भाषण तथा रैली व गोष्ठी के द्वारा बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पूरे कस्बा में भ्रमण कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। लेफ्टिनेंट सत्यमूर्ति ओझा ने बताया की स्वच्छता से व्यक्ति स्वस्थ रहता है तथा विभिन्न बीमारियों से दूर रहता है। यदि लोग स्वच्छता को अपनाए और अपने आस पास स्कूल कालेज ऑफिस को प्रत्येक दिन स्वच्छ करते रहे तो संक्रामक बीमारियों से नाता नही जुड़ेगा।

व्यक्ति मानसिक स्वच्छता को भी महसूस करता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमेसा खुद स्वच्छता के तहत कार्य करते रहे, जिससे लोगो को प्रेरणा मिला। देश के प्रधानमंत्री ने पूरे देश मे स्वच्छता का अलख जगा दिया है। जिससे लोग स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में योग के साथ स्वच्छता को भी सम्मिलित किया है। इस दौरान सीनियर कैडेट्स मधु राय, शीतल, शिवांगी यादव, अन्नू यादव को स्वच्छता पर पेंटिंग बनाने के लिये सम्मानित किया गया। इस मौके पर अरविंद यादव, राकेश यादव, आकाश मौर्या, अनिल पांडेय, भीमसेन, अजय यादव, शुभम मोदनवाल, संजू, मुस्कान, निशु उपस्थित रहे।




सकलडीहा इंटर कॉलेज में जागरूकता रैली निकालते एनसीसी छात्र।

### रामानंद सिंह ने कांग्रेस नेताओं पर लगाया अनदेखी का आरोप

**चंदौली।** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामानंद सिंह यादव ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस कमेटी में मौजूद पुराने कार्यकताओं की उपेक्षा की जा रही है। पीसीसी एवं आईसीसी के चुनाव में अनदेखी की गई है। इस दौरान रामानंद सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस सभी जाति धर्म मानने वाले देश की सर्वश्रेष्ठ पार्टी है, लेकिन यह बात समझ से परे है कि जिनकी उम्र भी नहीं हुई है उसी पर पार्टी भरोसा कर रही है। प्रदेश कमेटी धड़ल्ले से पीसीसी और आईसीसी मनमाने ढंग से गैर जिम्मेदार लोगों को बना रही है और संगठन में उलटफेर कर रही है। इस तरह के कृत्य से कांग्रेस पार्टी और भी निचले स्तर पर पहुंच जाएगी। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पार्टी के निदेर्शानुसार पीसीसी और आईसीसी का सदस्य बनाया गया है। सीमित सीट होने के कारण सभी को संतुष्ट करना संभव नहीं था। सभी कांग्रेसी परिवार के अंग है। यदि कोई आहत है तो उनसे मिलकर शिकायतों को दूर करने का प्रयास होगा।

# दबंगों ने महिला को मारपीट कर किया घायल, एफआईआर

**डीडीयू नगर।** दबंगों द्वारा गुरुवार की देर रात एक महिला को मारने पीटने का मामला आया सामने। यह घटना अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नं 11 मवई की बतायी जा रही है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह विधवा है और अपने दो बेटियां एक बेटे के साथ अलीनगर के मवई वार्ड नं 11 स्थित एक मकान में रहती है। हमारे पति के बड़े भाई जो हमारी जमीन को जबरन हड़पना चाहते है। जिसकी शिकायत डायल 112 को किया।

आरोप लगाया कि मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने बुझाने के बाद जब पुलिस जाने लगी तभी पुलिस के मौजूदगी में मेरे भसुर और उनके लड़कों ने मिलकर बेरहमी से मारा पीटा, जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गई। महिला ने चार लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर अलीनगर थाने में दी है। बातचीत करने पर अलीनगर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि महिला के साथ मारपीट मामले को संज्ञान में लेते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है।



मारपीट की घटना में घायल महिला।

# स्पोर्ट्स



## टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमेश यादव के पिता का निधन, 74 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज उमेश यादव के पिता तिलक यादव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया। उमेश के पिता लंबे समय से बीमार थे और उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। इस वजह से उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी और वह अपने घर में ही थे। नागपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान तिलक की हालत स्थिर बनी हुई थी। इसके बाद उन्हें घर ले जाया गया और उनका निधन हो गया। भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की टेस्ट सीरीज में व्यस्त है। उमेश यादव भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें पहले दो मुकाबलों में खेलने का मौका नहीं मिला हैं। उमेश ने अब तक भारत के लिए 54 टेस्ट, 75 वनडे और नौ टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा

## पैट कमिंस, डेविड वार्नर और एश्टन एगर को भी जगह मिली, तीन एकदिवसीय मुकाबले 17 मार्च को मुंबई



**मेलबर्न।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिशेल मार्श के अलावा झाय रिचर्डसन को अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैच की श्रृंखला के लिए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया।

इस श्रृंखला के साथ इन तीनों की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी होगी। इसके अलावा पैट कमिंस, डेविड वार्नर और एश्टन एगर को भी टीम में जगह मिली है। तीन एकदिवसीय मुकाबले 17 मार्च को मुंबई, 19 मार्च को विशाखापत्तनम और 22 मार्च को चेन्नई में खेले जाएंगे। परिवार के सदस्य के बीमार होने के कारण कमिंस नयी दिल्ली में भारत में

**19 मार्च को विशाखापत्तनम और 22 मार्च को चेन्नई में खेले जाएंगे**

खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद स्वदेश लौट आए थे जबकि एगर को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया।

दूसरी तरफ वार्नर कोहनी की चोट के कारण बाकी बचे दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कमिंस हालांकि एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए भारत लौटेंगे। मैक्सवेल और मार्श क्रमशः पैर और टखने की चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। नवंबर में अजीब हालात में अपना पैर फ्रेक्चर करवाने वाले मैक्सेल ने पिछले हफ्ते प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है जबकि मार्श ने पिछले साल नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हिस्सा लिया था। चोट से उबरने में नाकाम रहने के कारण टेस्ट श्रृंखला के बीच से स्वदेश लौटे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से भी बाहर हो गए हैं। पिछले साल के मध्य में श्रीलंका के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से चोट के कारण बाहर रिचर्डसन अब पूरी तरह से उबर चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने टीम की घोषणा करते हुए कहा, जोश (हेजलवुड) के लिए इस श्रृंखला का हिस्सा बनना शानदार होता लेकिन इंग्लैंड के बेहद महत्वपूर्ण दौरे को देखते हुए हमने रूढ़िवादी नजरिया अपनाया। पिछले साल अक्टूबर में आरोन फिंच के संन्यास के बाद कमिंस एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम की अगुआई करते रहेंगे।

एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ट्रेविस हेड के वार्नर के साथ शीर्ष पर जोड़ी बनाने की उम्मीद है। टीम के अन्य सदस्य मार्नस लाबुशेन, एडम जम्पा, कैमरन ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस, स्टीव स्मिथ, जोश इंग्लिस, एलेक्स कैरी और तेज गेंदबाज सीन एबट तथा मिशेल स्टार्क हैं। तीन मैच की आगामी श्रृंखला उन दो द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखलाओं में से एक है जो ऑस्ट्रेलिया की टीम अक्टूबर-नवंबर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से पहले भारत में खेलेगी। दोनों टीम के बीच दूसरी श्रृंखला विश्व कप से ठीक पहले सितंबर में खेली जाएगी।

***एकदिवसीय टीम इस प्रकार है***

पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

## ऐडन मार्कराम को सनराइजर्स हैदराबाद का कप्तान नियुक्त किया




**हैदराबाद।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर ऐडन मार्कराम को 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद का कप्तान नियुक्त किया गया। सनराइजर्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर घोषणा की, इंतजार खत्म हुआ। हमारे नए कप्तान ऐडन मार्कराम से मिलिए। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने पिछले सत्र में सनराइजर्स की अगुआई की थी जहां टीम छह जीत और आठ हार से 10 टीम के बीच आठवें स्थान पर रही थी। इस साल की नीलामी से पहले सनराइजर्स ने विलियमसन को रिलीज कर दिया था जहां गुजरात टाइटंस ने उन्हें अपने साथ जोड़ा। आगामी सत्र में सनराइजर्स की टीम अपना पहला मैच दो अप्रैल को हैदराबाद में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। हाल में जोहानिसबर्ग में पहले एसए20 टूर्नामेंट का खिताब जीतने के दौरान सनराइजर्स की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप की अगुआई करने के बाद मार्कराम को सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था। एसए20 लीग में मार्कराम शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने अपनी टीम की खिताबी जीत में 366 रन बनाने के अलावा 11 विकेट भी चटकाए जिसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आईपीएल 2023 की शुरूआत 31 मार्च को अहमदाबाद में चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले के साथ होगी।

# भारत को 28 पर तीसरा झटका, यास्तिका रन आउट, शेफाली-मंधाना रहीं फेल

## तीन ओवर का खेल हो चुका है और टीम इंडिया की शुरूआत बेहद खराब रही

**नई दिल्ली।** तीन ओवर का खेल हो चुका है और टीम इंडिया की शुरूआत बेहद खराब रही है। दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट चुकी हैं। शेफाली वर्मा दूसरे ओवर में मेगन शुट्ट की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू हुईं। वहीं, तीसरे ओवर में एश्ले गार्डनर ने स्मृति मंधाना को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। शेफाली छह गेंदों में नौ रन और मंधाना दो रन बना सकीं। तीन ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 26 रन है। फिलहाल जेमिमा रॉड्रिग्स और यास्तिका भाटिया क्रीज पर हैं।




केप टाउन में खेले जा रहे महिला टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 173 रन का लक्ष्य दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी के अर्धशतक और मेग लैनिंग की कप्तानी पारी की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी के अर्धशतक और मेग लैनिंग की कप्तानी पारी की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 172 रन बनाए। मूनी ने 37 गेंदों में 54 रन की पारी खेली। लैनिंग ने 34 गेंदों पर 49 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं एश्ले गार्डनर ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। भारत की ओर से शिखा पांडे को दो विकेट मिले। वहीं, दीप्ति शर्मा और राधा यादव को एक-एक विकेट मिला। महिला टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में भारत का सामना डिफेंडिंग चैंपियंस ऑस्ट्रेलिया से है। भारतीय टीम यह मैच जीतकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने उतरी है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम इस टूर्नामेंट में सात में से छह बार फाइनल में पहुंच चुकी है। भारतीय टीम के लिए यह मैच बेहद कठिन रहने वाला है। केप टाउन में खेले जा रहे महिला टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 173 रन का लक्ष्य दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी के अर्धशतक और मेग लैनिंग की कप्तानी पारी की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने बेथ मूनी के अर्धशतक और मेग लैनिंग की कप्तानी पारी की बदौलत 20 ओवर में चार विकेट पर 172 रन बनाए। मूनी ने 37 गेंदों में 54 रन की पारी खेली। लैनिंग ने 34 गेंदों पर 49 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं एश्ले गार्डनर ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। भारत की ओर से शिखा पांडे को दो विकेट मिले। वहीं, दीप्ति शर्मा और राधा यादव को एक-एक विकेट मिला।

## बॉलीवुड न्यूज

### अजय देवगन स्टारर 'रनवे 34' का प्रीमियर आज




**इंदौर।** हर हादसे के दो पहलू होते हैं, क्या हुआ और कैसे हुआह्व, और ऐसी ही एक कहानी लेकर आ रहा है एंड पिक्चर्स! शुक्रवार 24 फरवरी को रात 8 बजे एंड पिक्चर्स सुपरस्टार अजय देवगन, दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन और मनमोहक अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के अभिनय से सजी पॉपुलर फिल्म रनवे 34 का चैनल प्रीमियर करने जा रहा है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह रोमांचक थ्रिलर जबर्दस्त ट्विस्ट्स और टर्न्स के साथ आपके दिलों की धड़कनें बढ़ाने आ रही है।क्या आप ज़िंदगी और मौत के बीच एक ऐसी उलझन में फंसे हैं, जहां आपका एक फैसला 150 जिंदगियों की किस्मत बदल सकता है? कैप्टन विक्रांत ऐसा ही एक अनजाना मोड़ लेते हैं और अपने यात्रियों की जान जोखिम में डालने का खतरा उठाते हैं। जाहिर है यह फिल्म आगे होने वाले अंजाम को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ा देगी। इसमें आत्मविश्वास से भरे एक कूल कैप्टन विक्रांत के किरदार में अजय देवगन ने एक और शानदार परफॉर्मेंस दी है। विक्रांत को नारायण वेदांत (अमिताभ बच्चन) के रूप में अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। नारायण पेशे से एक वकील हैं और बड़े ज़िद्दी स्वभाव के हैं। वो यह सच जानना चाहते हैं कि क्या हुआ था और कैसे हुआ था। इस बेहद रोमांचक कहानी के साथ रनवे 34 आपके मन में कई सवालों के जवाब तलाशने की उत्सुकता पैदा कर देगी।

### सौरव गांगुली का किरदार निभाएंगे रणबीर कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर सिल्वर स्क्रीन पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि सौरभ गांगुली के जीवन पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म में उनका किरदार रणबीर कपूर निभाते नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि सौरव गांगुली ने अपनी बायोपिक की स्क्रिप्ट को मंजूरी दे दी है। जल्द से जल्द फिल्म की शूटिंग का काम भी शुरू हो जाएगा। सौरव गांगुली को भारतीय क्रिकेट टीम के सफल कैप्टन्स में से एक माना जाता है। बताया जा रहा है कि सौरव गांगुली की यह बायोपिक नेट वेस्ट सीरीज में गांगुली की परफॉर्मेंस और पत्नी डोना के साथ उनके रिश्तों पर फोकस करेगी। आपको बता दें कि साल 2019 में फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ऋतिक रोशन, रणबीर कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा सहित बड़े एक्टर्स के नाम सामने आए हैं। अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है कि कौन स्क्रीन पर टीम इंडिया के फॉर्मर कैप्टन का किरदार निभाएगा, लेकिन रणबीर कपूर के नाम चर्चा है। सौरव गांगुली के फैंस ने ये भी खुलासा किया है कि बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर बायोपिक की शूटिंग से पहले कोलकाता के आइकॉनिक ईडन गार्डन्स, कैब ऑफिस और सौरव गांगुली के घर का दौरा कर सकते हैं। खबरों के मुताबिक, ये बायोपिक एक बड़े बजट की फिल्म होने वाली है, जिसकी लागत 200-250 करोड़ रुपये होगी। सौरव ने पहले कहा था कि वो जल्दबाजी में नहीं हैं और चाहते हैं कि शूटिंग शुरू करने से पहले सब कुछ फैक्चुअल रूप से सही हो।

## संक्षेप

### यूपी कॉलेज में जनपदीय रोवर्स-रेंजर्स-2023 का शुभारंभ

वाराणसी। उदय प्रताप (यूपी) कॉलेज परिसर में गुरुवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध जनपदीय रोवर्स-रेंजर्स समागम 2023 का आरंभ हुआ।



आयोजन के मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ के कुलसचिव हरीश चंद थे और अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएचयू हिंदी विभाग के प्रो. मनोज कुमार सिंह, सहायक आयुक्त राजेश कुमार प्रजापति व बलदेव पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. बब्बन कुमार सिंह थे। प्रो. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स की एक महत्वपूर्ण भूमिका देश के भीतर भाईचारे को बढ़ाने की दृष्टि से होती है। समागम में जनपद से कुल 07 टीमों ने भाग लिया जिनमें से 04 टीमें रेजर्स की है और 03 टीम रोवर्स की हैं। समागम में जो प्रतियोगितायें संपन्न कराई गई उनमें वर्दी, कलर पार्टी, किंग्स गेम, निबंध तथा पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं का परिणाम कल समागम की समाप्ति के बाद किया जायेगा। समारोह में प्रो. नरेंद्र प्रताप सिंह, प्रो. सुधीर कुमार शाही, प्रो. संजय कुमार शाही, प्रो. रमेशधर द्विवेदी, प्रो. नीलिमा सिंह, प्रो. शशिकांत द्विवेदी, प्रो. तुमुल सिंह, प्रो. पंकज कुमार सिंह, प्रो. अनिता सिंह, डॉ. उपेन्द्र कुमार, डॉ. अनूप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रमोद बजाज अध्यक्ष व गौरव राठी प्रचार मंत्री बनें


प्रमोद बजाज


गौरव राठी

वाराणसी। गवरजा माता उत्सव समिति वाराणसी का वर्ष 2023 का चुनाव लक्सा स्थित मारवाड़ी युवक संघ में चुनाव अधिकारी पवन मोदी व वीरेंद्र भूराडिया की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार बजाज मंत्री पद पर पंकज तोदी, कोषाध्यक्ष किशोर मूंदड़ा, उपाध्यक्ष पद पर गोविंद बजाज पुरुषोत्तम शेषपाल गर्ग विनय चौधरी अशोक वर्मा कौशल खंडेलवाल एवं फिर से प्रचार मंत्री पद पर गौरव राठी उपमंत्री श्यामसुंदर गाड़ोदिया अनिल झंवर व सुरेश तुलस्यान के साथ ही अन्य संयोजक व संयोजिका को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जगदंबा तुलस्यान, शंकर लाल सोमानी, अजय खेमका, लाला चांडक आदि ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

### जापानियों ने बजड़े पर सीखा सुबह का राग बैरागी भैरव

**वाराणसी।** काशी में गंगा के सुरम्य तट पर लहरों से अठखेलियां करते हुए बजड़ा नाव पर उदीयमान सूर्य की किरणों का स्वागत करते हुए जापान के संगीत



विद्यार्थियों के दल ने गुरुवार को प्रात:काल राग बैरागी भैरव सीखा। शास्त्रीय संगीत की बारीकियों के साथ- साथ काशी के इतिहास एवं यहां की संस्कृति एवं परम्पराओं से प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं देवाशीष दे व डॉ रागिनी सरना ने परिचय कराया। राग भैरवी में दादरा सुनकर जापानी दल झूमते गाते नजर आये। तबले पर गौरव चक्रवर्ती व हारमोनियम पर हर्षित उपाध्याय ने उम्दा संगत की। वहीं गायन में सौम्या चक्रवर्ती व रूपम बसाक ने साथ दिया। काशी के विश्व प्रसिद्ध घाटों का नजारा देख कर जापानी दल मंत्रमुग्ध हो गए। दल का नेतृत्व कर रहे गुमी नाकागुची ने बताया कि 24 को सायं 5 ब्जे भेलूपुरा स्थित शिल्पायन के कालविंट सभागार में जापानी क्लाकारों के साथ साथ भारत के विशिष्ट कलाकार पं देवाशीष दे एवं डॉ रागिनी सरना के कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

## बिरहा में छिपा हुआ है लोकमंगल का भाव

**वाराणसी।** बिरहा सम्राट स्व. रामदेव यादव व चन्द्रिका कवि की स्मृति में गुरुवार को सायंकाल कोनिया स्थित हनुमान मंदिर (आनंदवन) में बिरहा श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूपी व बिहार से जुटे हुए दिग्गज कलाकारों ने अपनी सुर साधना से श्रोताओं के बीच समां बांध दिया। कलाकारों ने देर रात्रि तक बिरहा गायन कर खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए किशन जायसवाल ने कहा कि बिरहा में लोकमंगल का भाव छिपा हुआ है। जो जनमानस में समसरता का भाव घोलता है। जिससे समाज सशक्त व संबल होता है। बिरहा गायक काशीनाथ यादव ने चढ़त वसंत ऋतु उड़य ला गर्दी सुनाया। अन्य बिरहा गायकों में दीपक सिंह, परशुराम यादव, दयाराम,वृंदा यादव, रानू, बेचन राम, रामधनी, छोटेलाल, चन्द्रशेखर, बिहारी कवि ने गायन पेश कर सभी को भावविभोर कर किया। कार्यक्रम का संचालन डा. जयशंकर जय ने किया। इस मौके पर अमरदेव यादव,बचाऊ यादव, राजाराम, बेनी सोनकर,मंगरू सरदार,मोहन, डा. उमाशंकर यादव, रामबाबू, गिरीश यादव, सोहन समेत काफी लोग मौजूद थे।

## हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 27 फरवरी से छह मार्च तक

**वाराणसी।** खेल निदेशालय उप्र के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा हॉकी इंडिया के निर्देशन में जनपद में अखिल भारतीय पदमश्री मो. शाहिद आमंत्रण प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जो 27 से छह मार्च तक डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीडा संकुल लालपुर, (एस्ट्रोटर्फ) में होगा। उक्त जानकारी क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी वाराणसी मंडल आरपी सिंह ने दी। बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत की 12 प्रमुख टीमें प्रतिभाग कर रहीं है। जिसमें एनसीआर इलाहाबाद, हॉकी सोसाईटी सोनीपत, केंद्रीय सचिवालय दिल्ली, एसएआई सेंटर लखनऊ, युनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई, एक्सीलेंसी सेंटर बिलासपुर, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, पश्चिम रेलवे बाम्बे, कस्टम पूणे जोन, यूपी संयुक्त हॉकी छात्रावास, बीडीआई स्पोर्ट्स एकेडमी, हरियाणा और दक्षिण पश्चिम रेलवे हुबली कर्नाटक की टीमें हिस्सा लेंगी।



इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कुल 12 टीमों को उनकी प्रविष्टि स्वीकार कर ली गयी है। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी +1 टीम मैनेजर + 01 प्रशिक्षक सहित कुल 20 सदस्य होगें। टीमों एवं आफिसियल की आवास की व्यवस्था होटल इत्यादि में कर लिया गया है। टीमों को होटल से स्टेडियम में मैच के दौरान लाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गयी है। हॉकी इंडिया के नियमों के अनुसार प्रतियोगिता आयोजित होगी और प्रतियोगिता का उद्घाटन 27 को कौशल राज शर्मा, आयुक्त वाराणसी मण्डल द्वारा किया जायेगा।

## पढ़ाई के साथ खेलकूद आवश्यक: प्रो. उदयन

**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रबंधक राजेश तिवारी ने बताया कि खेल में भाग लेना महत्वपूर्ण होता है। विजेता की संख्या निश्चित होती है परंतु प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खेल में प्रतिभा करना ही जरूरी है।

विशिष्ट अतिथि प्रो उदयन ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी आवश्यक है, मालवीय जी मानते थे कि समग्र व्यक्तित्व के विकास में खेलकूद की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। शिवम यादव को मशाल देकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।


छात्र को मशाल देकर खेलकूद कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

गुरुवार को छात्राओं में 100 मीटर 200 मीटर गोला से लंबीकूद की प्रतियोगिता हुई जबकि छात्रों में 100 मीटर 400 मीटर गोला फेंक ऊंची कूद लंबी कूद और भाला फेंक प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर प्रो योगेन्द्र, प्रो संजय, प्रो अमित, डा.भावना, डा. गुलजबी, डा.सुमन, डा.कामेश, डा.विनोद, डा.युवराज, डा. शरद, राहुल, रंजीत, सुनील, रंजीत, विनीत, अतुल के साथ अभिषेक आदि के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन मनोज कुमार पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन इशरत जहां ने किया।

## स्कूली बच्चों को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी

**चहनियां।** प्रशिक्षु फार्मासिस्ट सागर विश्वास ने दो दिवसीय व्याख्यान के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मारुफपुर में प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को प्राथमिक उपचार से संबंधित टिप्स दिया। इस दौरान छात्र छात्राओं से हर्ट डायग्राम बनवा कर उसके कार्यों व संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान प्रशिक्षु फार्मासिस्ट सागर विश्वास ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच दो दिवसीय व्याख्यान पाठशाला आयोजित करके उन्हें हृदयाघात, प्वाजनिंग, सड़क दुर्घटना, आग से संबंधित घटनाओं में घायल होने, अचानक चोट लग जाने, बुखार आने आदि के बाद प्राथमिक उपचार करने के विधियों को बारीकियों से बताया।

कहा कि मानव जीवन एक अमूल्य जीवन है। मानव जीवन की सुरक्षा के लिए शत प्रतिशत प्रयास करना हम सबकी जिम्मेदारी है। छात्र छात्राओं ने



प्राथमिक विद्यालय मारूफपुर में छात्र छात्राओं संग जागरूक करते फार्मासिस्ट सागर विश्वास।

चार्ट पेपर पर हृदय की वाह्य और आंतरिक संरचना बनाकर प्रदर्शनी लगाया। इस दौरान प्रधानाध्यापक विद्यासागर यादव, रामकृत कन्नौजिया, सुनीता यादव, सोनी, बबिता, कामिनी, अंजली, सायरा बानो, नजरीन, पूजा यादव, विनय, राकेश, मंजीत, ओपी सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 26वां दीक्षांत समारोह : स्वास्थ्य केन्द्र और गतिमान का हुआ लोकार्पण


घड़े में जल भरकर जल संरक्षण का संदेश देती राज्यपाल


गतिमान पुस्तिका का विमोचन करते अतिथिगण


कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश्वर मिश्र


कार्यक्रम में उपस्थित लोग


दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करतीं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल


छात्रा को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करती राज्यपाल

**जौनपुर।** विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में भारतीय सामाजिक परिप्रेक्ष्य में नारी और गतिमान वार्षिक पत्रिका का विमोचन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियां स्वर्ण पदक धारकों की सूची, अतिथियों का परिचय समेत विश्वविद्यालय की विविध गतिविधियों को बड़े आकर्षण ढंग से प्रकाशित किया गया है। विमोचन अवसर पर पुस्तक की प्रधान संपादक कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, गतिमान के प्रधान संपादक डॉ. मनोज मिश्र, सम्पादन मण्डल में प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल और डॉ. लक्ष्मी मौर्य रहे।

### 66 मेधावियों को स्वर्ण पदक

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने 65 मेधावियों को प्रथम प्रयास में अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर 66 स्वर्ण पदक प्रदान किया। स्नातक स्तर पर 18 एवं परास्नातक स्तर पर 48 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक मिला।

### स्वास्थ्य केंद्र का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र का राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों की दवा की उपलब्धता पर ध्यान दें। इस अवसर पर कुलपति, सीएमओ समेत डाक्टर और प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे।

### बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कक्षा 6 से 8 में पढ़ने वाले 30 बच्चों को स्कूल बैग, फल, महापुरुषों पर प्रकाशित पुस्तकें आदि प्रदान किया।

### उज्ज्वल को मिला अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक

विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के एमए जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी को अतुल माहेश्वरी स्वर्ण पदक दिया जाता है। वर्ष 2022 में एमए जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक पाने पर उज्ज्वल कुमार को यह पदक मिला।


जनसंचार विभाग के छात्र उज्ज्वल कुमार को सम्मानित करती राज्यपाल


पीएचडी धारकों के साथ अतिथिगण


स्कूली बच्चों को बैग वितरित करती कुलाधिपति


कुलाधिपति का हेलीपैड पर स्वागत करती कुलपति, डीएम व पुलिस अधीक्षक

### 307 शोधार्थियों को मिली पीएचडी की उपाधि

दीक्षांत समारोह में 307 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि मिली जिसमें 178 कला संकाय में, विज्ञान संकाय में 17, कृषि संकाय में 9, शिक्षा संकाय में 66, विधि संकाय में 9, इंजीनियरिंग संकाय में 4, वाणिज्य संकाय में 15, प्रबंध संकाय में 6, अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान एवं मानविकी संकाय में 3 शोधार्थियों को उपाधि मिली।

### प्रेरणा कोचिंग की सराहना की

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा चलाए गए प्रेरणा कोचिंग सेंटर की राज्यपाल ने सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे का झुकाव स्कूल की तरफ जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सब काम नहीं कर सकती इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास से ही देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। इस कोचिंग के समन्वयक डा. राजकुमार हैं।


मृतक के रोते बिलखते परिजन

## करंट की चपेट में आने से सहज जन सेवा संचालक की मौत

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के बासूपुर गाँव में बुधवार देर शाम करेंट की चपेट में आने से बघरवारा गांव निवासी सहज जन सेवा संचालक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि क्षेत्र के बघरवारा गांव निवासी रामभुवन यादव 40 पुत्र राजकिशोर गौसपुर तिराहे पर सहज जन सेवा केन्द्र चलाता था। बुधवार देर शाम कामकाज से निवृत्त होकर पड़ोस के बासूपुर गाँव में निमन्त्रण करने गया हुआ था। उसी दौरान द्वारपूजा के समय बना स्वागत द्वार डीजे के फँसने से लुढ़क गया था जिसे ठीक कराने में वह लग गया। स्वागत द्वार में लगे लोहे की पाइप ऊपर से गुजरे हाई टेंशन तार के सम्पर्क में आ जाने से वह करेण्ट की चपेट में आ गया। हालांकि लोगों द्वारा उसे उपचार हेतु शाहगंज ले जाया गया लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मौत हो जाने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर चौकी प्रभारी सुनील कुमार मौके पर पहुंच लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक माता पिता के दो सन्तानों में सबसे बड़ा था, दूसरा नीरज यादव रोजगार सेवक है।

### ...आखिर कैसे करेगी नीलम बच्चों की परवरिश

बुधवार देर शाम क्षेत्र के बासूपुर गांव में करेंट की चपेट में आने से हुई सहज जन सेवा संचालक रामभुवन यादव की मौत ने परिवार के सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। बता दें कि मृतक अपने माता पिता की दो सन्तानों में बड़ा था, जो सहज जन सेवा केन्द्र चलाता था व पत्नी नीलम यादव आंगनवाड़ी सहायिका है। दोनों मिलकर अपनी गृहस्थी की गाड़ी को आराम से चला रहे थे लेकिन मौत ने जहां नीलम के सुहाग को उजाड़ दिया वहीं उसकी सात वर्षीया बेटी दिव्या और पाच वर्षीय बेटे दिव्यांश के सर से पिता के साये को भी हटा दिया। पति के गम में जहां वह बदहवास सी पड़ी है, वहीं मृतक की मां का भी रो रोकर बुरा हाल है। परिवार के करूण क्रन्दन से पूरा माहौल गमजदा हो गया है। बच्चों की परविश को लेकर सभी चिन्तित थे कि अब अकेले नीलम बच्चों की देखभाल कैसे कर सकेगी। बहरहाल चाहे जो भी हो लेकिन मौत ने उसके मांग को उजाड़ने के साथ ही बच्चों की परविश की भी जिम्मेदारी उसके ऊपर डालकर लोगों के लिए चर्चा का विषय बना दिया।

## मुठभेड़ में शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरा गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** पुलिस ने गत रविवार को महिला को घायल करके सोने की चेन लूटने वाले अंतरजनपदीय शातिर लुटेरे को बुधवार की रात मुंगराबादशाहपुर के नीभापुर में गोली से घायल होने के बाद धर दबोचा। उसका साथी भागने में कामयाब हो गया। पड़ोसी जिले प्रतापगढ़ के निवासी आरोपित के पास से चोरी की बाइक, 315 बोर का तमंचा, कारतूस व 4400 रुपये बरामद हुए हैं। फरार बदमाश की तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर विवेक कुमार तिवारी नीभापुर रेलवे क्रासिंग के आगे चेकिंग कर रहे थे। उसी समय प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर केके चौबे व थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता अपनी-अपनी टीम के साथ आ गए। तभी मुखबीर ने सूचना दी कि 19 फरवरी को धरमपुर के पास महिला को घायल कर सोने की चेन लूटने वाले दोनों बदमाश सुपर स्प्लेंडर बाइक से जंघई से मुंगराबादशाहपुर की तरफ आ रहे हैं। पुलिस टीम घात लगाकर प्रतीक्षा करने लगी। कुछ ही देर बाद संदिग्ध बाइक सवार दोनों युवक आते दिखे। नजदीक आने पर रुकने का संकेत देने पर बाइक घुमारकर भागते हुए पुलिस टीम पर गोली चलाने लगे। पीछा करने पर करीब 200 मीटर आगे जाने के बाद बाइक समेत गिरने पर फायरिंग करने लगे। एक गोली थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी जबकि दूसरी प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर के बगल से निकल गई। आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुए पुलिस के गोली चलाने पर एक बदमाश घायल होकर गिर गया। दूसरा भाग गया।

घायल बदमाश अतुल गौड़ प्रतापगढ़ सिटी कोतवाली के भूपियामऊ डिहवा का निवासी है। उसने पूछताछ में फरार साथी का नाम सत्यम तिवारी निवासी रामपुर कला (भाट का पूरा) थाना मछलीशहर बताया।

गिरफ्तार बदमाश के पास से तमंचा 315 बोर, खोखा, कारतूस व लूटी गई चेन की बिक्री से हिस्से में आए 4400 रुपये व चोरी बाइक मिली। उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। उसके विरुद्ध जौनपुर व प्रतापगढ़ में दो दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फरार बदमाश को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर विवेक कुमार तिवारी, मछलीशहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे, थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता, सतहरिया पुलिस चौकी प्रभारी संजय कुमार सिंह व उनके हमराही रहे।


अस्पताल में घायल लुटेरे का उपचार करते चिकित्सक

**कामयाबी**

**साथी भागने में सफल, पुलिस टीमें तलाश में जुटीं**

**चोरी की बाइक, तमंचा, कारतूस व नकदी बरामद**

## कोटे की दुकान पर मारपीट

**थाने पहुंच असलहा दिखाकर धमकाने का लगाया आरोप**

**जफराबाद।** क्षेत्र के भुवालापट्टी गांव के कोटा संचालक तथा एक युवक से राशन के लिए बुधवार की शाम को हुई मारपीट की घटना के एनसीआर दर्ज होने के बाद गुरुवार को दूसरे पक्ष की महिलाओं सहित दर्जनों लोग थाने पहुंचे और दूसरे पक्ष पर आरोप लगाने लगे।


उक्त गांव निवासी राहुल सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह ने बुधवार की शाम को थाने में जाकर तहरीर दिया कि उसके ग्राम सभा का कोटा विजय बहादुर पुत्र कन्हैया लाल के नाम है। कोटे की दुकान का संचालन ग्रामसभा के जवाहर यादव द्वारा किया जाता है। बुधवार की शाम को मेरा नम्बर आने पर जवाहरलाल ने राशन देने से इंकार किया जिस पर मैंने विरोध किया तब उन्होंने मुझे मारा पीटा। राहुल सिंह की तहरीर पर जवाहर लाल पर एनसीआर दर्ज कर लिया गया। उसके बाद गुरुवार को थाने पर जवाहर लाल तथा कोटेदार विजय बहादुर के साथ दर्जनों महिलाएं व पुरुष थाने पहुंचे। वहाँ पर कोटेदार ने गांव के ठाकुर बस्ती के कुछ युवकों द्वारा जातिसूचक गाली तथा असलहा दिखाकर धमकी का आरोप लगाया। जवाहर यादव ने भी कहा कि वह यूनिट से अधिक राशन मांग रहे थे नहीं देने पर उक्त युवकों ने हमे मारा पीटा। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया कि बुधवार की शाम को राहुल सिंह की तहरीर पर जवाहर यादव पर एनसीआर दर्ज हुआ था। उसी रंजिश को लेकर फिर झगड़ा हुआ है। मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

**संक्षेप**

### मोहम्मद हसन कॉलेज के चार छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

**जौनपुर।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में मोहम्मद हसन पीजी कालेज के चार छात्रों को गोल्ड मेडल से नवाजा गया। इंग्लिश से एमए कर रही श्रेया चंद्रा, संगीत से एमए कर रहे अभयनंदन पाण्डेय, गृह विज्ञान से एमए कर रही निर्मला यादव तथा डिफेंस और सैन्य विज्ञान से एमए कर रहे अमरेंन्द्र कुमार गुप्ता को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। कालेज के छात्रों की इस उपलब्ध से प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर खां ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खुशी जाहिर की।


श्रेया चंद्रा


अभयनंदन पाण्डेय


निर्मला यादव


अमरेंद्र कुमार

### अनिल कुमार को मिली उपाधि


अनिल कुमार

**जौनपुर।** गोविंद वल्लभ पंत स्नातोत्तर महाविद्यालय प्रतापगंज से डा. गौतम आंनद सिंह के निर्देशन में अनिल कुमार यादव ने समाजशास्त्र विषय में शोध पूरा किया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षांत समारोह में उन्हें उपाधि प्रदान की गयी।

### अभियान चलाकर आठ बड़े बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

**80 हजार की हुई वसूली**

**गौराबादशाहपुर।** विद्युत विभाग द्वारा मंगरावा गांव में अभियान चलाकर 8 बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया तथा बकाए बिल की वसूली की गई। बिजली विभाग द्वारा की गई इस कार्यवाही से चोरी से बिजली का उपयोग करने वालों में खलबली मची रही। एसडीओ मगन सिंह ने बताया कि धमार्पुर ब्लॉक क्षेत्र के मंगरावा गांव में गुरुवार को अभियान चलाकर 8 बड़े बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही की गई। इस दौरान बड़े बकायेदारों से 80 हजार बिजली की वसूली भी की गई। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के बिजली के बिल बकाया है वह तत्काल अपना बिल जमा कर दें। अभी आगे और भी कार्यवाही की जाती रहेगी। वहीं अवैध रूप से बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग करने वालों को उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि चेकिंग में कनेक्शन अवैध पाया गया तो उनके विरुद्ध निश्चित तौर पर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

## संक्षेप

### तालाब के किनारे युवक की लाश मिलने से सनसनी



**बरसठी।** थाना क्षेत्र के पुरेसवा गांव स्थित प्रधान का तालाब किनारे एक युवक की धारदार हथियार से सिर पर हमला कर हत्या कर फेंकी गई लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी। सुबह ग्रामीणों ने लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्रयागराज जिले के सरायममरेज थाना क्षेत्र के बैरहना पतैया गांव का 38 वर्षीय सर्वजीत तिवारी बताया जा रहा है। शव की पहचान उसके बड़े भाई इंद्रजीत ने मौके पर आकर की है। शव के बगल उसकी बाइक हीरो डीलक्स पड़ी हुई थी। परिजनों ने बताया सर्वजीत भदोही जिले के नागमलपुर गांव में बारात जाने के लिए बाइक से निकला था। रात में घर न आने पर परिजन फोन करने लगे तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ था। मृतक के दो बच्चे ह। पत्नी कंचन देवी गांव के ही विद्यालय में शिक्षा मित्र है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सपाजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर मनायी संत गाड्गे की जयंती

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत शिरोमणि बाबा संत गाड्गे महराज की जंयती के अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत गाड्गे महराज का वास्तविक नाम देबूजी झिंगरजी जानोरकर था उनका जन्म 23 फरवरी 1876 को महराष्ट्र के अमरावती जिले के अंजनगांव सुरजी तालुका के शेड्गाओ गांव में हुआ था। वे एक घूमते फिरते सामाजिक शिक्षक थे और कहते थे कि शिक्षा बड़ी चीज है। पैसे की तंगी हो तो खाने के बर्तन बेच दो औरतों को कम दामों के कपड़ें खरीदों टूटे फूटे मकान में रहकर बच्चों को शिक्षा दी। जब वे किसी गांव में प्रवेश करते थे तो तुरंत ही गटर और रास्तों को साफ करने लगते और काम खत्म होने के बाद वे खुद लोगों को गांव के साफ होने की बधाई भी देते। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव, उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, गप्पू मौर्या, कृष्णा यादव, संजीव साहू, रियाज अहमद, देवमणि यादव, लक्ष्मी कान्त यादव, विक्की यादव, धर्मेंद्र सोनकर सोनी यादव, सोनी सेठ, आसिफ शाह, महेश यादव, अमजद अली आदि रहे। संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

### बिजली का केबल खींचने को लेकर भिड़े दो पक्ष

**केराकत।** ब्लॉक क्षेत्र के बेलहरी गांव में बिजली की केबल को लेकर वर्तमान ग्राम प्रधान और पूर्व ग्राम प्रधान आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षो के लोगों को चोटें आई हैं। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में एनसीआर दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार वर्तमान ग्राम प्रधान पास के बिजली खम्भे से अपने घर बिजली का केबल जोड़ रहे थे। पूर्व ग्राम प्रधान ने इसका विरोध किया जिसके बाद दोनों पक्षों के परिजन मौके पर पहुंच गए और कहासुनी के साथ ही मारपीट हो गई। मारपीट में वर्तमान ग्राम प्रधान नीतू सिंह सहित उनकी पक्ष के शशिकांत सिंह घायल हो गई जबकि दूसरे पक्ष से पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे नारायण को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस ने दोनों का एनसीआर दर्ज कर लिया है।

### कुएं में गिरने से अधेड़ की मौत

**बरसठी।** थाना क्षेत्र के सरायवैद गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास कुँए में सुबह अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। करियांव निवासी 65 वर्षीय मोहम्मद शरीफ पुत्र मोहम्मद हाशिम रोज की तरह सुबह टहलने निकले थे। सरायबैद प्राथमिक विद्यालय के पास कुँए में गिर गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उसे कुएं से बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो गई थी। मृतक के भाई हनीफ की तहरीर पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### वीडियोग्राफी करने आए युवक की बाइक चोरी

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के भगासा गांव में बुधवार को शादी समारोह में वीडियोग्राफी करने आए युवक की बाइक चोरी हो गयी। मामले में पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है। बताया जाता है कि अम्बेडकर नगर जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र के परकौली गांव निवासी विपिन पुत्र दयाराम भगासा गांव में एक शादी समारोह में वीडियोग्राफी करने बाइक से आया था। वह अपनी बाइक खड़ी कर अपने कार्य में लग गया। इसी बीच उसकी बाइक किसी ने चोरी कर ली।

# गंड़ासे से वार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**दुखद**

**बिस्तर पर पड़ी थी लाश और फैला था हर तरफ खून**

**आरोपी पति हिरासत में, तारापुर कालोनी में किराये पर रहते थे दोनों**

**अवैध सम्बन्ध के शक में दिया वारदात को अंजाम**

**जनसंदेश न्यूज**



तारापुर कालोनी में जांच पड़ताल करती पुलिस

**जौनपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के के चौकी सराय पोख्ता स्थित तारापुर कालोनी में एक पति का हैवान रूप देखने का मिला। पति ने पत्नी के किसी और मर्द से संबंध के शक में गंड़ासे से काटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद पति घर से फरार हो गया। बिस्तर पर शव पड़ा था और हर तरफ खून फैला था। जिस किराए के घर में दोनों रहते थे उसके मकान मालिक ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि अयोध्या निवासी अफजल जौनपुर में ऑटो रिक्शा चलाता है। 15 दिन पहले ही वो अपनी पत्नी अकिला (32) को लेकर यहां आया था। तारापुर कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहते थे। अफजल को शक था कि उसकी पत्नी का अफेयर किसी और मर्द से है। इसे लेकर दोनों में आए दिन विवाद भी होता था। गुरुवार की सुबह अफजल रोजाना की तरह ऑटो लेकर सुबह ही घर से निकल गया। वह दोपहर के समय अचानक ऑटो लेकर घर आ गया। कमरे में पहुंचा और पत्नी के गर्दन पर गंड़ासे से वार कर दिया। अकिला खुद की जान बचाने के लिए चिल्लाई लेकिन दरवाजा बंद होने के कारण कोई उसकी मदद नहीं कर सका। पति ने गंड़ासे से वार कर उसे मौत के घाट उतारने के पश्चात फरार हो गया। इधर शोर सुनकर मकान मालिक कमरे में पहुंचे तो वहां का नजारा देख सन्न रह गए। बिस्तर पर अकिला का शव पड़ा था और हर तरफ खून फैला था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया वहीं आरोपी उसके पति को हिरासत में ले लिया है।

# मेला क्षेत्र पर किए जा रहे कब्जे को लेकर सीएम से लगाई गुहार

**मांग**

**पुलिस और राजस्व टीम ने रोका निर्माण कार्य, जांच में जुटी**

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सबरहद गांव स्थित एक मैदान में प्लाटिंग के लिहाज से किए जा रहे निर्माण व कब्जे का रामलीला समिति के अध्यक्ष आशुतोष श्रीवास्तव ने विरोध करते हुए स्थानीय प्रशासन सहित मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। आरोप है कि क्षेत्र के रामलीला मैदान दशहरा मेला क्षेत्र पर प्लाटरों द्वारा अवैध निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। जिससे धार्मिक भावना आहत है। फिलहाल पुलिस व राजस्व टीम ने मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया और जांच में जुटी है।



बता दें कि सबरहद गांव के रामलीला मैदान में गुरुवार को प्रातः भारी संख्या में एकत्रित व्यक्तियों और राजगीरों द्वारा तेज गति से निर्माण कार्य किया जाने लगा। जिस पर स्थानीय रामलीला समिति के अध्यक्ष ने इसको अवैध बताते हुए विरोध किया। इस बाबत स्थानीय पुलिस व प्रशासन सहित मुख्यमंत्री से भी गुहार लगाई है। अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि उक्त मैदान रामलीला मैदान दशहरा मेला क्षेत्र है। जहां पिछले 70 वर्षों से प्रतिवर्ष रामलीला खेली जाती है व दशहरे मेले का आयोजन होता रहा है। गोलबंद लोगों द्वारा रामलीला मेला क्षेत्र की जमीन को कब्जा कर प्लाटिंग करना चाहते हैं। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों की धार्मिक भावनाएं आहत है। वहीं प्रकरण को लेकर ग्रामीणों में व्यापक रोष व्याप्त है। फिलहाल पुलिस ने मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया है और मामले की जांच में जुटी है।

# यात्री के बैग से लाखों के जेवर लेकर उचक्के फरार

**छिनैती**

**पीड़ित की शिकायत पर एक संदिग्ध हिरासत में**

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के सरपतहां गांव निवासी दंपती शाहगंज से लखनऊ जा रही बस में गुरुवार दोपहर उचक्कों के शिकार हो गए। उनके बैग से उचक्के लाखों रुपए मूल्य के जेवर पार कर बस से उतर गए। संदेह के आधार पर पुलिस एक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

अनिल विश्वकर्मा पत्नी रेखा संग फरिहा (आजमगढ़) से एक वैवाहिक समारोह के उपरांत वापस घर लौट रहे थे। शाहगंज से रुधौली जाने के लिए वे शाहगंज डिपो की बस पर सवार हुए जो लखनऊ जा रही थी। पीड़ित दंपति के अनुसार जब वे बस में सवार हुए तो वह चल चुकी थी। लिहाजा अपना एक बैग वो गेट के पास वाली सीट के बगल रखकर पीछे की तरफ सीट की तलाश में चले गए। उधर बस में पहले से सवार चार लोगों ने एक साथ सूरापुर का टिकट लिया और आगे पांच किमी बाद बड़ागांव बाजार में ही उनमें से तीन लोग उतर गए। आगे की सीट खाली होती देख अनिल अपने बैग के पास वापस आए तो उन्हें उसका चेन खुला हुआ दिखा। इसके बाद दंपति ने बैग के अंदर टटोला तो उसमें रखा कथित चार लाख रुपए मूल्य का जेवर गायब था। इसके बाद तो उनके होश ही उड़ गए। इस बीच बस सरपतहां थाना क्षेत्र के जहरूद्दीनपुर गांव पहुंच चुकी थी। पीड़ित दंपति के हंगामा मचाने पर बस चालक ने बस रोक दी और पुलिस को सूचना दी गई। उधर एक व्यक्ति जिसका टिकट पहले उतर चुके तीन व्यक्तियों के साथ ही लिया गया था, द्वारा परिचालक से वहीं उतरने की बात करने पर उसे संदेह हुआ कि संभव है यह व्यक्ति भी उन्हीं उच्चकों का साथी हो, को पुलिस के हवाले कर करीब आधे घंटे बाद बस अपने गंतव्य को रवाना हुई। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने कहा मामले की जानकारी है। जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# क्रमिक अनशन के तीसरे दिन ऑटो रिक्शा वालों ने किया समर्थन

**केराकत।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर क्रमिक अनशन कर रहे अनशनकारियों का तीसरे दिन लगभग तीन दर्जन ऑटो रिक्शा वालों ने अनशन का समर्थन किया। इस दौरान ऑटो रिक्शा से बाजार भ्रमण कर बाजारवासियों समेत क्षेत्रवासियो से क्रमिक अनशन का सहयोग मांगते हुए पुनः धरना स्थल पर लौट आये। क्रमिक अनशन का समर्थन कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर लम्बी दूरी के ट्रेनों के ठहराव से प्रदेश व अन्य प्रदेश को जाने व आने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा तो निसंदेह ही रोजगार बढ़ेगा जिसका फायदा दुकानदार समेत ऑटो रिक्शा चालकों का होगा जिसको देखते हुए हम सभी ऑटो रिक्शा चालकों ने आपस में सहमति बनाकर क्रमिक अनशन का समर्थन किया गया। मनोज कमलापुरी, अनिल सोनकर गांगुली एडवोकेट, हंस कुमार सोनकर मकालू, सुबाष यादव, फौजी, रधीर यादव, अवनीश यादव सिझवारा, अभय कमलापुरी, वीरेंद्र सिंह, वकील अंसारी, अभय जायसवाल, पप्पू सरोज असलम मंसूरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# हजरत सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर चादरपोशी

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर के मोहल्ला सिपाह के हजरत सैयद मंसूर बाबा का उर्स का जलसा गुरूवार को बड़े ही अकीदत और शानों शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान जायरीनों ने हजरत सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर चादरपोशी कर मन्नतें भी मांगी। मोहल्ला साहबगंज स्थित फूलशाह बाबा सिनेमा गली से डीजे सहित गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें बाबा के कद्रदान सिर पर गागर लेकर चल रहे थे जो अपने कदीमी रास्ते से होकर बाबा के मजार पर पहुंचा जहां पर जायरीनों ने बाबा के मजार पर चादर चढ़ाई और मन्नतें भी मांगी।

जुलूस की शक्ल में शामिल लोग बाबा की शान में नातिया कलाम पढ़ते हुए चल रहे थे जो अपने कदीमी रास्ते से होकर सैय्यद मंसूर बाबा की मजार पर पहुंच कर जायरीनों द्वारा चादर चढ़ाया गया। बाबा को इत्र से नहला कर गुलपोशी किया गया। हजरत शौकत अली कंतित शरीफ (मिजार्पुर) अमन चैन के लिए दुआ किए। संभल से चलकर आए नामचीन कव्वाल सरफराज चिश्ती मंडली के द्वारा पेश किए गए नामचीन नातिया कलाम जलसे ने समां बांधा।

सरफराज चिश्ती संभल द्वारा इतना तो कर्म करना ए नरगिसे मस्ताना, जब जान लबों पर हो तुम सामने आ जाना पर लोगों ने कलाकारों का हौसला अफजाई भी किया। कव्वाल मंडली द्वारा बाबा के शान में पेश कव्वाली का देर रात तक लोगों ने लुत्फ उठाया। इस अवसर पर खादिम खालिद अंसारी, अध्यक्ष सुवैब मंसूरी, लालचन्द्र, विक्की गुप्ता, नवरत्न, आफाक खान, मो. शादाब, आलोक, खुर्शीद, खलीक अंसारी, नीलू, फारुख, नीरूलैन, मो. खलिक अंसारी व अनवर मंसूरी आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सर्वसमावेशी बजट से प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग होगा प्रशस्त

**खुटहन।** प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा युवा मोर्चा उप्र के सदस्य गौरव सिंह वत्स ने उत्तर प्रदेश में अब तक के सबसे बड़े बजट प्रस्तुत किये जाने तथा बजट में समाज के सभी वर्गों के लिए माकूल धन की व्यवस्था किये जाने पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा वित्तीय बजट 2023-24 में निश्चित तौर पर प्रदेश की आधारभूत ढांचे के विकास (शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार इत्यादि) पर विशेष बल दिया गया है। बजट में महिला, किसान, युवा के साथ समाज के सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। वित्त मंत्री द्वारा सर्वसमावेशी बजट प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा प्रस्तुत अब तक के सबसे बड़े बजट का स्वागत करता हूँ। यह बजट निश्चित तौर पर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में योगदान करेगा। कहा कि उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। समाज के चहुमुंखी विकास में नई ऊंचाई प्रदान करेगा इस बजट मे युवाओं, किसानो, महिलाओ एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट को लेकर अहम घोषणाएँ की गई है।

# अडानी और अंबानी इस सरकार में हो रहे अमीरः श्रवण कुमार

**सम्मेलन**

**बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री जनता दल (यू) के कार्यकर्ता संवाद में हुए शामिल**

**जनसंदेश न्यूज**




कार्यकताओं को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार

**भदोही।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के उत्तर प्रदेश संगठन प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार गुरुवार को नगर के रामरायपुर में स्थित जनता दल (यूनाइटेड) के जिला कार्यालय में कार्यकताओं के साथ मे आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यकताओं में जोश भरा साथ ही पार्टी के सदस्यता अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि महिलाओं ने प्रदेश में शराब बंदी की मांग की थी और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में शराब बंदी लागू कर दिया। इससे सरकार को 4 करोड़ रुपए की क्षति हुई है।

लेकिन इसके कारण बिहार प्रदेश में दूध की बिक्री में 11 फीसदी, मिठाई की बिक्री में 16 फीसदी व महिला हिंसा की घटना में 12 फीसदी की कमी आई है। वही सड़क दुघर्टना में 44 फीसदी की कमी दर्ज की गई। अब देश की महिलाएं पूरे देश में शराब बंदी की मांग कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता उनको सबक सिखाएगी। इस सरकार में अडानी और अंबानी अमीर होते चले जा रहे हैं। जबकि गरीब, मजदूर व किसान और भी गरीब होते जा रहे। इसके साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने भी लोगों को संबोधित किया।

इस मौके पर अवधेश सिंह, सुशील कश्यप, सुशील सिंह पटेल, अवलेश सिंह, डॉ.वीएल वर्मा, दिनेश चंद राय, मीरा देवी, जफर महमूद अंसारी, मो.फिरोज खां, विनय राय, शिवनरेश यादव, मौलाना महफूज आलम, विमल धर दुबे, डॉ.नायब यादव, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नीरज सिंह, चंद्रशेखर यादव, फोटो देवी, मनोज दुबे व सुशील पाठक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें। अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष सर्वेश राय व संचालन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव डीएम सिंह गहरवार ने किया।

# एसडीएम भदोही के न्यायालय कक्ष का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**जायजा**

**डीएम के औचक निरीक्षण में पत्रावली रख-रखाव सही ढ़ग से न होने सहित दर्शित हुई गंदगी**

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तहसील भदोही के उप जिलाधिकारी के न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने न्यायालय में रखी विभिन्न फाईलों, पत्रावलियों, उपस्थित पंजिका, व अन्य बिन्दुओं का गहनता से जॉचपरक करते हुए आवश्यक जानकारी लिया। जिलाधिकारी द्वारा किए गये निरीक्षण में पत्रावलियों, रख-रखाव, सही ढ़ग से व संकलित नही पाया गया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को वाद पत्रावलियों को न्यायालय पोर्टल पर शत-प्रतिशत दर्ज कराने का निर्देश दिया। न्यायालय परिसर में सही ढ़ग से साफ-सफाई कराने के निर्देश के साथ ही जनमानस के आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर बल दिया। डीएम ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कराये जाने हेतु नये तरीकों पर बल दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन आवेदन पत्रों की जॉचकर रिपोर्ट आ गयी है। सम्बन्धित शिकायतकर्ता को अवगत कराते हुए उसका फीडबैक लिया जाये। उन्होंने लेखपाल, कानूनगो द्वारा जमीन विवाद सम्बन्धी प्रकरणों में निष्पक्ष पैमाईश करना व जॉचकर सत्यापन कर सही रिपोर्ट लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भदोही कृपाशंकर पाण्डेय, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, नायब तहसीलदार व अन्य कर्मी मौजूद रहें।



## संक्षेप

### विजय मिश्रा के करीबी हनुमान पर शिकंजा, सवा तीन करोड़ का मकान कुर्क

**ज्ञानपुर।** विधानसभा ज्ञानपुर से चार बार विधायक रहे बाहुबली विजय मिश्रा व उनके करीबियों पर प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। शासन स्तर पर चिन्हित माफिया, गैंगलीडर विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य हनुमान सेवक पाण्डेय के प्रयागराज शहर के झलवां इलाके के मयूर विहार में स्थित लगभग 03 करोड़ 25 लाख रुपए की कीमत के आलीशान मकान को गुरुवार को भदोही प्रशासन द्वारा कुर्क कर दिया गया। गुरूवार को प्रयागराज पहुंचीं भदोही पुलिस व राजस्व की टीम ने डुग्गी बजाकर मकान पर कुर्की का नोटिस बोर्ड लगा दिया है। आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से निर्मित किये जाने के आरोप में तीन मंजिला भवन को डीएम गौरांग राठी ने पिछले दिनों गैंगेस्टर एक्ट की धारा- 14(1) के तहत राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क करने का आदेश जारी किया थाबता दें कि विजय मिश्रा उनके परिजनों एवं करीबियों पर लगातार प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। विजय मिश्रा गैंगरेप, रिश्तेदारों की संपत्ति हड़पने, गैंगेस्टर सहित कई मामलों में आगरा जेल में पिछले ढ़ाई वर्षों से ज्यादा समय से जेल में बंद हैं। जेल में निरुद्ध रहने के दौरान गैंगेस्टर सहित करीब आधा दर्जन मामले उनपर दर्ज किए गए। उनका बेटा भी रेप सहित कई गंभीर मामलों में छह माह से वाराणसी में सलाखों के पीछे है। एक वक्त में विजय मिश्रा की भदोही व आसपास के जनपदों में तूती बोलती थी। योगी सरकार में चार बार विधायक रहे इस बाहुबली के कुनबे पर शिकंजा कसा जाने लगा। सरकार द्वारा लगातार बाहुबली के किले व कुनबे को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। हनुमान सेवक पाण्डेय विजय मिश्रा का दाहिना हाथ बताया जाता है।

### फैमिली आईडी एक परिवार-एक पहचान योजना का दिया गया प्रशिक्षण

**भदोही।** ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को फैमिली आईडी एक परिवार, एक पहचान योजनाह्व के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने ने बताया कि फैमिली आईडी का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना, डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान, सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण एवं लाभों के लक्षित वितरण के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना हैं। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए बारह अंको की एक विशिष्ट पहचान संख्या है, जिसमें परिवार के सदस्यों का विवरण दिया होगा। फैमिली आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने तथा लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए केन्द्रीय भण्डार के रूप में कार्य करेंगा। फैमिली आईडी एक स्वैच्छिक सेवा है, केवल वे परिवार जो प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ प्राप्त कर रहें है या लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की आवश्यकता हो सकतीं हैं। उन परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड बनाया जाना है, जो राशन कार्ड धारक नहीं है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर, सभी खण्ड विकास अधिकारीगण, सचिव ग्राम पंचायत एवं सम्बन्धित लेखपाल उपस्थित रहें।

### पॉस्को ऐक्ट का आरोप निकला फर्जी, न्यायालय ने किया खारिज

**भदोही।** न्यायालय भदोही में कोमल दुबे पुत्री महेंद्र दुबे धौरहरा निवासिनी ने अपने ही गांव के रंजीत पांडेय, शुभम पांडेय, संगीत पांडेय, धुनई पांडेय आदि लोगों के विरुद्ध पिछले वर्ष 28 जुलाई को छेड़खानी का मामला लेकर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, भदोही में गए। जिसका न्यायालय में सुनवाई शुरू हुआ। ललिता बनाम रंजीत आदि के नाम से चले इस मुकदमे में न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, भदोही द्वारा समस्त तथ्यों को देखते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि परिवादिनी द्वारा यह परिवाद अपने परिवार के विरुद्ध दर्ज मुकदमों की पेशबंदी में अपनी नाबालिग पुत्री को पीड़ित बनाकर दाखिल किया है। उसके द्वारा अभियुक्तगण को पाक्सो एक्ट में आरोपी बनाने के उद्देश्य से अपनी पुत्री की उम्र का अनुचित उपोयग इस प्रकरण के लिए किया गया है। जिन आधारों पर यह परिवाद प्रस्तुत किया है, उनके समर्थन में कोई साक्ष्य पत्रावली पर उपलब्ध नहीं है। न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, भदोही ने कहा कि प्रस्तुत प्रकरण में अभियुक्तगण को किसी भी धारा में तलब किये जाने के आधार पर्याप्त नहीं है। प्रस्तुत परिवाद अंतर्गत धारा 203 द.प्र.सं. में खारिज किया जाता है। बताते चलें कि मामला भदोही कस्बा छेत्र धहरौरा का है जहां काफी दिनों से पारिवारिक रंजिश के चलते आपस मे ही विवाद चल रहा था। दोष से मुक्त होने पर शुभम पांडे ने कहा कि उनको न्यायालय पर पूरा भरोसा था और न्यायलय ने मुकदमे पर गहनता से विचार विमर्श कर हमें दोषमुक्त किया।

# डीएम के मार्गदर्शन में सभी विभागों में आयोजित हुआ जनसंवाद दिवस

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की दिशा में प्रत्येक वृहस्पतिवार को जनसंवाद दिवस विभागवार समस्या निस्तारण हेतु विशेष दिवस का गुरूवार को सभी विभागों द्वारा आयोजन कर शिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी के पहल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने जिला कन्ट्रोल रूम में बैठकर प्रत्येक ब्लाक के दस दस ग्राम पंचायत भवनों पर क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, एडीओ की उपस्थिति में विभागों से सम्बन्धित शिकायतकर्ताओं से वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा संवाद स्थापित करते हुए निस्तारित कर फीडबैक प्राप्त किया गया।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सहित सभी शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक वृहस्पतिवार जन संवाद दिवस में असंतुष्ट फीडबैक में से आज 309 शिकायतों का लगभग सभी कार्यालयध्यक्षों द्वारा असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं व अन्य रिपीटेड, डिफाल्टर, सी श्रेणी के शिकायतकर्ताओं से स्वयं एवं अधीनस्थ के द्वारा सुनवाई किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# आंगनवाड़ी केंद्र का बीएसए ने किया निरीक्षण

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर स्वयं के गोद लिए हुए आंगनवाड़ी केंद्र मनापुर द्वितीय का बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने गुरुवार को निरीक्षण किया। बीएसए के भ्रमण के दौरान समस्त बच्चे प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ बैठकर मध्यान भोजन ग्रहण करते हुए पाए गए तथा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिन बच्चों को एमडीएम समय से दिया जाए। मनापुर आंगनवाड़ी केंद्र पर कुल नामांकित चालीस बच्चों के सापेक्ष 17 बच्चे उपस्थित पाए गए। आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यरत सहायिका नगीना देवी तथा रीशा देवी उपस्थित पाई गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सरोजा देवी मीटिंग में बताई गई। बीएसए ने बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की जांच की। बच्चों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिया गया तथा बच्चे सक्रिय नजर आए। समस्त बच्चों को समय-समय पर पोषाहार वितरण एवं उनको दी जाने वाली सुविधाओं को प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रत्येक दिन समय से उक्त आंगनवाड़ी केंद्र खोलकर बच्चों के पठन-पाठन पर ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।

# राजकीय चिकित्सक ने प्राथमिक विद्यालय को स्मार्ट टीवी व इन्वर्टर से सजाया

**गुड न्यूज**

**अम्बेडकर नगर में राजकीय चिकित्सक हैं डॉ. श्यामधर मिश्र**

**डेस्क बेंच भी उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन**



प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट टीवी व इन्वर्टर दान के समय मौजूद लोग

**सुरियावां।** विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बदलीपुर में सामुदायिक सहयोग से गाँव निवासी डॉ. श्यामधर मिश्र ने विद्यालय को 43 इंच स्मार्ट टीवी एवं इन्वर्टर बैटरी भेंट की। डॉ. श्यामधर अम्बेडकर नगर में राजकीय चिकित्सक हैं। डॉ. श्यामधर मिश्र के सहयोग से विद्यालय में स्मार्ट कक्षा कक्ष का उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध तिवारी, बेसिक शिक्षा विभाग के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह, ग्राम प्रधान, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुमन केशरवानी, पूर्व प्रधान, दानदाता डॉ. श्यामधर मिश्र एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य सहायक अध्यापक के प्रयासों से विद्यालय में छात्रों को नवीन तकनीक से शिक्षा दीक्षा देने के लिए डॉ. श्यामधर मिश्र ने विद्यालय को 43 इंच स्मार्ट टीवी एवं इन्वर्टर बैटरी भेंट की। उन्होंने कार्यक्रम के अवसर पर यह भी वायदा किया कि अग्रिम एक माह में वे छात्रों को बैठने के लिए डेस्क बेंच भी अवश्य उपलब्ध कराएंगे। इसके पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने वक्तव्य में डॉ. श्यामधर मिश्र के कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालक एसआरजी विनय पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सुभाष पाल, बंशराज मौर्य, कृष्ण कांत, आशीष उपाध्याय, दीनानाथ यादव, बिंदु देवी,आदर्श शिक्षक डॉ ओम प्रकाश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# दुनिया बनारसी पान की दीवानी और बनारस में बचे सिर्फ 2 किसान

## जनपद में पहले से ही बमुश्किल सात-आठ कृषक कर रहे थे पान की खेती | बेहद श्रमसाध्य और संवेदनशील होती है इसकी खेती, शासन दे रहा अनुदान



सुरोजीत चैटर्जी

वाराणसी। किसी ने लिखा है कि 'तेरे नाम में मीठे पान का ज़ायका है, मुंह में रखते ही सांसें महक जाती हैं'। पान की खुश्बू के दीवाने भले ही पूरी दुनिया में हों और बनारसी पान की गूंज विश्व में कोने-कोने में दिखे लेकिन यहां बीते साल तक पान की खेती करने वाले दहाई संख्या तक नहीं थे वहीं अब अब महज दो किसान जैसे-तैसी इसकी पैदावार में जुटे हैं। सो, बनारस में पान की खेती को बढ़ावा देने समेत इससे जुड़े किसानों का आर्थिक जीवन स्तर सुधारने के उद्देश्य से शासन ने अनुदान का प्रावधान किया है। ताकि इसकी खेती से पलायन कर रहे किसानों को प्रोत्साहित कर पुनः पान की खेती की ओर मोड़ा जा सके। विश्वभर बनारसी पान विख्यात है। वाराणसी आने वाला कोई भी खास मेहमान पान खाए बगैर यहां से नहीं लौटता। पान भले ही देश के किसी भी हिस्से से आयातित हो लेकिन बनारस में आकर वो बनारसी पान ही कहलाता है। दुखद पहलू ये है कि खुद बनारस में ही पान की खेती का दायरा इतना सिमट चुका है कि यहां से उसकी खेती खत्म होने की कगार पर है। बेहद श्रमसाध्य खेती, महंगाई आदि के कारण यह संकट लगातार बढ़ रहा है। हाल यह है कि इस परंपरागत पेशे से जुड़े किसानों के परिवार के युवा स्वयं पान की खेती में दूर हट गये हैं। बीते साल तक पान की खेती से जुड़े करीब छह किसानों ने भी इससे मुंह मोड़ लिया है। पान की फसल में लगने वाली बीमारियों ने भी किसानों को परेशान किया है। काशी विद्यापीठ विकास खंड के बच्छांव ग्राम पंचायत में पहले लगभग सात-आठ किसान देशी पान की खेती करते थे। उनमें से एक किसान का खेत गत वर्ष आग की भेंट चढ़ गया। दो को छोड़कर अन्य किसानों ने पान की खेती छोड़कर परचून की दुकान चला रहे हैं या गुटमी आदि खोल कर परिवार का पेट पाल रहे हैं। वर्तमान में इस गांव के मात्र दो किसान राधेश्याम और मालती देवी चौरसिया ने देशी पान की खेती की जिम्मेदारी सम्भाल रखी है।

### पान की खेती में रुचि है तो अनुदान आपके लिए

जिला उद्यान अधिकारी यानि डीएचओ सुभाष कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में पान विकास योजना के तहत अनुदान की व्यवस्था है। शासन ने वाराणसी को वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल एक हजार वर्ग मीटर के आठ पान बरेजा बनवाने का लक्ष्य दिया है। स्कीम का लाभ लेने वाले किसानों को इस क्षेत्रफल में पान का बरेजा निर्माण कर लेने के बाद 50423 रुपये अनुदान के तौर पर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया है। यह धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य पान उत्पादकों को अन्य क्षेत्र में पलायन से रोकने, प्रति इकाई क्षेत्र में अधिक से अधिक आय प्राप्त करने और रोगजार का अवसर उपलब्ध कराना है। इसके अलावा पान की खेती के क्षेत्रफल में बढ़ोतरी करना, पान प्रोडक्शन में नयी तकनीकों को प्रोत्साहन देना और पान उत्पादकों की आमदनी में वृद्धि कर उनके आर्थिक जीवनस्तर को सुधारने की कोशिश की जा रही है। यह योजना सभी वर्ग के लिए है। एससी/ एसटी/ ओबीसी एवं महिला वर्ग सहित पान की खेती में रुचि रखने वालों को प्राथमिकता देंगे। अनुदान का लाभ लेने के लिए योजना में आवेदन करने वाले के पास उसकी अपनी जमीन और सिंचाई के साधन होना अनिवार्य है। इच्छुक किसान जिला मुख्यालय स्थित विभागीय कार्यालय से भी इस बारे में जानकारी ले सकते हैं। साथ ही महकमे के पोर्टल 'एचटीटीपी://डीबीटी.यूपीहार्टिकल्चर.इन' पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

### नहीं अपनायी आधुनिक तकनीक

जिला उद्यान विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक ज्योति कुमार सिंह के मुताबिक पान बेहद संवेदनशील फसल है। इसकी खेती के लिए अत्यधिक सेवा की जरूरत होती है। इसकी खेती के लिए बहुत ज्यादा साज-संभाल की आवश्यकता रहती है। इसमें बांस और कनई बांधना पड़ता है। यह सामग्री एक अवधि के बाद खराब होने पर नया लगाना जरूरी हो जाता है। बनारस में पान की खेती आगे न बढ़ पाने की एक वजह यह है कि किसानों ने आधुनिक तकनीक अपनाने के बजाय परंपरागत तरीके से ही खेती को जारी रखा।

### इसकी खेती से घर का खर्च चलाना मुश्किल

काशी विद्यापीठ विकास खंड के बच्छांव ग्राम पंचायत में पान की खेती कर रहीं मीरा देवी चौरसिया कहती हैं कि परिवार की यह परंपरागत खेती की गाड़ी किसी प्रकार खींच-तान कर चलानी पड़ रही है। वर्तमान स्थिति ये है कि बीज नहीं मिल पा रहा है। कुल जमा तीन सदस्यों वाले हमारे परिवार समेत दो मजदूर पान की केती में जुटे रहते हैं। 40 हजार रुपये से अधिक खर्च हो चुके हैं। लागत भी मिल जा तो गनीमत है। बीते सप्ताह कोई अफसर आए और खेत का जायजा लेकर चले गये। उन्होंने खेती के बारे में न तो कुछ पूछने की जरूरत समझी और न ही समस्या के बारे में किसी प्रकार की उत्सुकता दिखायी। सिर्फ पान की खेती से घर का खर्च उठाना मुश्किल है। इसलिए परचून की दुकान भी चला रही हूं। दिन में बेटा दुकान संभालता है और दिनभर खेत में वक्त देने के बाद शाम को मैं दुकान देखती हूं।

---



# गाय और बैल नहीं भैंस की डिमांड है अधिक



रामदुलार यादव

चांदमारी। पूर्वांचल में एक कहावत है 'भंइसी से केहू भयल नाहीं आउर गइया से केहू गयल नाहीं'। वक्त के करवट बदली को समय के साथ यह कहावत उलट गयी। एक जमाना था जब गाय बहुत उपयोगी होती थी। आज के दौर में गाय पालना टेढ़ी खीर हो चुकी है जबकि भैंस की कीमत हमेशा की तरह बनी हुयी है। पहले गाय के गोबर से प्राप्त उपली खाना पकाने के सहायक था। गाय की बछिया और बछड़े उपयोगी होते थे। बछड़ा बड़ा होकर बैल की भूमिका में जिम्मेदारी संभलता रहा। उससे खेत की जुताई, कोल्हू, बैलगाड़ी समेत सिंचाई के लिए रहट-पुरवट में चलाने के काम आते थे। बैल भी फायदे का सौदा हुआ करता था। आधुनिकीकरण के इस युग में बैल का महत्व लगभग खत्म हो चुका है। विज्ञान ने बैल की जगह मशीनें दे दी हैं। दूसरी ओर, गाय जब तक दूध देती है तब तक उसके बछड़े को रखते हैं लेकिन बाद में उसे खुला छोड़ दिया जाता है। जबकि भैंस पड़िया या पड़वा को जन्म दे, कीमत दोनों की है। पड़वा भी अच्छे दामों में बिक जाता है। पड़िया बड़ी होकर दूध देती है। भैंस बेचने पर नस्ल के अनुसार भी 80-90 हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक बिक जाती है। वहीं, औसतन 25 हजार रुपये से लेकर 35 हजार रुपये में अच्छी दुधारु गाय मिल जाती है। उसकी बछिया से गाय तक पालने में आने वाला खर्च निकालना मुश्किल है। गिर जैसी नस्लों की गायों को छोड़ दें तो आज से 10-15 साल पहले अच्छी नस्ल की गायों की कीमत 80 से 90 हजार रुपये हुआ करती थी। अब बढ़िया से बढ़िया दुधारु गायें 30झ्35 हजार रुपए में मिल जायेगी। महंगाई की जद में पशु चारा भी है। जिस तेजी से चारा और दाना का रेट बढ़ा है उस तेजी से दूध के दाम नहीं बढ़े। जब गाय का दूध कम होने लगता है तो पशुपालक आवारा छोड़ने के लिए बाध्य हो जाते हैं। पशुपालकों द्वारा बेसहारा छोड़ी गई गायों को शासन ने निराश्रित गोवंश आश्रय केंद्रों में रखने की व्यवस्था दी है।

**पशुपालकों के लिए गाय पालना हुआ महंगा सौदा**


**चारा का रेट बढ़ा लेकिन दूध की कीमत नहीं बढ़ी**

**गौपालन से लगातार दूर हो रहे परंपरागत पशुपालक**

### 25 प्रतिशत विश्व दुग्ध उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। दुनिया में कुल दूध उत्पादन का 25 फीसदी भारत के पास है। दूध उत्पादन में जर्सी गायों का बहुत बड़ा योगदान है। कहा जाता है कि प्राचीन काल से ही भारत में दूध, घी और मक्खन की नदियां बहती थीं। देश की आजादी के बाद 1970 में श्वेत क्रांति आरंभ होकर 1996 तक चली। इससे देश में दूध का प्रोडक्शन बढ़ा। नस्ल सुधार की प्रक्रिया से प्रति पशु दूध उत्पादन वृद्धि हुई। जो गाय दो से ढाई लीटर दूध देती थी वह नस्ल सुधार के बाद 10 से 12 लीटर दूध देने लगी। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के आंकड़े बतकाते हैं कि विश्व में 840 मिलियन टन दूध का उत्पादन होता है। उसमें अकेले भारत की भागीदारी 188 मिलियन टन दूध का है। अमेरिका दूध उत्पादन में भारत से काफी पीछे है।


ओमप्रकाश यादव


जनार्दन पाठक


रामानुज यादव


शामू यादव

### गाय को गर्भधारण कराने में आती है समस्या

जनपद के गोहपुर गांव के पशुपालक ओमप्रकाश यादव कहते हैं कि दूध की लिहाज से जर्सी गाय ठीक है लेकिन उनके गर्भधारण में समस्या आती है। बार-बार सिमन देने के बाद भी जब गर्भ नहीं ठहरता को बाध्य होकर ऐसी गायों को आवारा छोड़ देना पड़ता है। ढ़रही निवासी रामानुज यादव ने बताते है कि उनका पूरा परिवार गोवंशों की सेवा दिनभर जुटा रहता है। अब गाय मात्र आत्मसंतुष्टि के लिए रख रहे हैं ताकि घर के बच्चों उनका दूध मिलता रहे। झरइया लालमन कोट के शामू यादव के मुताबिक मार्केट में गाय के दूध का पूरा मूल्य नहीं मिल पाता। उससे अधिक गाय की सेवा में खर्च हो जाता है। कुरौली के जनार्दन पाठक ने बताया कि ठाठ भैंस बिक जात हयिन लेकिन ठाठ गाय ना बिकत हइन त ई महंगाई में के बांध के खियाई।

---

# देशभर में एनआईए की छापेमारी

## खालिस्तान समर्थक समेत 6 लोगों को किया गिरफ्तार




नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आपराधिक गिरोहों, आतंकवादी समूहों और नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े विभिन्न माफिया के बीच सांठगांठ से संबंधित मामलों में एक आतंकवादी के करीबी सहयोगी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने इस सांठगांठ का भंडाफोड़ करने के लिए मंगलवार को 8 राज्यों में 76 स्थानों पर छापे मारने के बाद ये गिरफ्तारियां कीं।

गिरफ्तार किए गए लोगों में कनाडा में रह रहे घोषित आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला का निकट सहयोगी लकी खोखर उर्फ डेनिस भी शामिल है। एनआईए ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में छापेमारी की। गिरफ्तार किए गए लोगों में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया और गोल्डी बराड़ के सहयोगी भी शामिल हैं।

एजेंसी ने बताया कि पंजाब के बठिंडा निवासी खोखर को मंगलवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर से गिरफ्तार किया गया। इसने कहा कि खोखर अर्श डल्ला के सीधे एवं लगातार संपर्क में था और वह उसके लिए भर्ती किया करता था तथा इसके अलावा वह आतंकवाद संबंधी गतिविधियों के लिए धन जुटाता था। एनआईए ने बताया कि उसने पंजाब में अर्श डल्ला के सहयोगियों को हथियार और गोला-बारूद भी मुहैया कराया था जिनका इस्तेमाल कनाडा स्थित आतंकवादी के निर्देश पर जगरांव में हाल में एक हत्या को अंजाम देने के लिए किया गया था। एनआईए ने पिछले साल 20 अगस्त को हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा, लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा और अर्श डल्ला सहित सात लोगों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला दर्ज किया था। एनआईए इस मामले में पहले भी दीपक रंगा नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार कर चुका है।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि खोखर, डल्ला के लिए काम करता था। उसने बताया कि डल्ला खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कई प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के लिए भारत में अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं के आर-पार हथियारों, गोला-बारूद, विस्फोटकों और आईईडी की तस्करी करने में शामिल रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि खोखर के अलावा एनआईए ने लखवीर सिंह, हरप्रीत, दलीप बिश्नोई, सुरिंदर उर्फ चीकू चौधरी और हरिओम उर्फ टीटू को भी गिरफ्तार किया। हरिओम उर्फ टीटू को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था, जबकि लखवीर सिंह को सोशल मीडिया का उपयोग करके आतंकवादी गतिविधियों के लिए युवाओं को कथित रूप से बरगलाने और उनकी भर्ती करने को लेकर पिछले साल अगस्त में दर्ज एक मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया था।

एनआईए ने कहा कि वे आम जनता के बीच डर पैदा करने के मकसद से अपने अपराधों को प्रचारित करने के लिए सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल कर रहे थे। मामले में पूर्व में गिरफ्तार छोटू राम भाट के सहयोगी और कुख्यात अपराधी लखवीर सिंह के पास से 9 हथियार जब्त किए गए हैं। एनआईए इस मामले में अब तक कौशल चौधरी, अमित डागर, सुखप्रीत सिंह, भूपी राणा, नीरज बवाना, नवीन बाली और सुनील बालियान समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। प्रवक्ता ने बताया कि सुरेंद्र चौधरी और दलीप बिश्नोई गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया और कनाडा स्थित अपराधी गोल्डी बराड़ के साथी हैं। उन्हें लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की ओर से धन जुटाने, युवाओं की भर्ती करने और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला भी एनआईए ने पिछले साल अगस्त में दर्ज किया था और लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया, काला जठेड़ी, काला राणा, जोगिंदर सिंह, राजेश कुमार, राजू बसौदी, अनिल चिप्पी, नरेश यादव और शाहबाज अंसारी सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए सुरिंदर चौधरी के खिलाफ हत्या और जबरन वसूली के लिए स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज किए गए हैं। वह हरियाणा में तस्करी और शराब एवं खनन ठेकेदारों से जबरन वसूली में शामिल रहने के साथ ही आतंकवाद-गैंगस्टर सिंडिकेट के लिए धन जुटाता रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि दलीप बिश्नोई एक आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ 13 मामले दर्ज हैं। उसने बताया कि दलीप बिश्नोई आतंकवादी गिरोह के लिए धन का प्रबंध करने और पंजाब और राजस्थान में गिरोहों को साजो-सामान संबंधी सहायता मुहैया कराने में शामिल रहा हैं।

एनआईए की जांच में अब तक पता चला है कि भारत के कई कुख्यात गैंगस्टर पाकिस्तान, कनाडा, मलेशिया, फिलीपीन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भाग गए थे और विभिन्न राज्यों की जेल में बंद अपराधियों के साथ मिलकर वहां से अपनी आतंकवादी और आपराधिक गतिविधियों की योजना बना रहे हैं। ये समूह नशीले पदार्थों एवं हथियारों की तस्करी, हवाला और जबरन वसूली के जरिए लक्षित हत्याएं कर रहे थे और अपनी नापाक गतिविधियों के लिए धन जुटा रहे थे। प्रवक्ता ने बताया कि इस तरह के आतंकवादी नेटवर्क और उनके वित्तपोषण के साधन और उनकी मदद करने वाले बुनियादी ढाचों को नष्ट करने के लिए जांच जारी है।